{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
मंगलवार 25 नवम्बर 2025
मार्गशीर्ष शुक्ल 05 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 63
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

पदमेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | - | 84,900.71 |
| निफ्टी | - | 25,959.50 |
| सोना | - | 1,25,130 |
| चांदी | - | 1,63,000 |
| डॉलर | - | 89.14 |

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### मेहुल चोकसी के चार फ्लैट्स की होगी नीलामी



मुंबई। ईडी के मुंबई जोनल ऑफिस ने पंजाब नेशनल बैंक घोटाले के आरोपी मेहुल चोकसी के बोरीवली (ईस्ट) में बने प्रोजेक्ट 'तत्व ङ्क ऊर्जा ए विंग में बने चार फ्लैट्स लिक्विडेटर को सौंप दिए हैं। इन फ्लैट्स का 21 नवंबर 2025 को हैंडओवर दिया गया। अब लिक्विडेटर इन संपत्तियों की नीलामी कर सकेगा, जिससे घोटाले के पीड़ितों, बैंकों और अन्य हकदारों को पैसे लौटाने की प्रक्रिया तेज होगी। ईडी अब तक मुंबई, कोलकाता और सूरत में मौजूद करीब 310 करोड़ रुपए की अचल और चल संपत्तियां गीतांजलि जैम्?स लिमिटेड के लिक्विडेटर को सौंप चुका है।

### रनवे पर उतरा अफगानिस्तान का प्लेन

नई दिल्ली(ईएमएस)। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर एक बड़ा हादसा टल गया। यहां अफगानिस्तान का एक विमान उड़ान भरने वाले रनवे पर उतर गया। गनीमत रही कि इस रनवे पर कोई दूसरा विमान नहीं था। टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। घटना रविवार दोपहर 12ः06 बजे की है, लेकिन सोमवार सुबह मीडिया में आई। अफगानिस्तान की एरियाना एयरलाइंस की यह फ्लाइट एफजी 311 काबूल से आ रहा था। सूत्रों के मुताबिक, विमान को रनवे 29 लेफ्ट पर लैंडिंग की अनुमति दी गई थी, लेकिन पायलट ने गलती से इसे रनवे 29 राइट पर उतार दिया। यह रनवे आमतौर पर टेकऑफ के लिए इस्तेमाल होता है।

### मंत्री पंकजा मुंडे का पीए गिरफ्तार

मुंबई। महाराष्ट्र की मंत्री पंकजा मुंडे के पर्सनल असिस्टेंट को सोमवार को अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी अनंत गर्जे की पत्नी डॉ. गौरी पाल्वे ने घरेलू विवाद के चलते शनिवार को मुंबई के वर्ली स्थित अपने फ्लैट में फांसी लगा ली थी। गौरी पाल्वे के पिता की शिकायत पर, पुलिस ने मंत्री मुंडे के पीए गर्जे और उनके दो रिश्तेदारों के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया था। पुलिस ने सोमवार सुबह गर्जे को गिरफ्तार कर लिया। अनंत और गौरी की इसी साल फरवरी में शादी हुई थी। गौरी सरकारी केईएम अस्पताल में डेंटिस्ट थी। पुलिस के अनुसार, गौरी के परिवार ने आरोप लगाया है कि अनंत ने उसे प्रताड़ित और परेशान किया था, जिसके कारण उसने यह कदम उठाया।

## सरकार से माओवादियों की 85 दिनों की याचना

# माओवादी हथियार त्यागने की निश्चित तारीख की घोषणा करेंगे!!

**पदमेश विशेष**
**पदमेश न्यूज़ । बालाघाट**

*बालाघाट जिले के जंगलों में सरकार से लड़ रहे नक्सली अब जंगल और बंदूक छोड़कर अपने घर लौटना चाह रहे हैं। वे भी अपने बरसों बरस छोड़े घरों की दहलीज देखना चाह रहे हैं. वे भी अपने बच्चों के साथ सुकून के पल जीना चाह रहे हैं.तीनो ज़ोनल कमेटी के प्रवक्ता अनंत के शब्दों पर गौर करें तो वे भी कह रहे हैं - अब बहुत हो चुका! यह घर वापसी भी है!*

*यह आत्मसमर्पण नहीं है!*

*कल रात्रि में एक गोपनीय ईमेल से 'बालाघाट एक्सप्रेस' को भेजे विज्ञप्ति के अक्षर-अक्षर इस तथ्य की पुष्टि करते हैं कि अब बालाघाट जिले की नक्सल पीड़ित जिला होने की पहचान के दिन फिरेंगे! बी यहाँ की फ़िज़ाओं में बारूदी गंध और बन्दूकों की दहाड़ सुनाई नहीं देगी।*

*उल्लेखनीय है कि कई मौकों पर उन्होंने कहा भी है कि वे (नक्सली )आत्म समर्पण शब्द के खि़लाफ हैं. वे इस शब्द का उल्लेख नहीं करना चाहते! यह केवल हथियार त्यागना ही नहीं है. दौर बदल गया है. नागरिक समाज की चिंताएं परिदृश्य में हैं. ऐसे में खूंखार नक्सलवादियों को भी अब सोचना पड़ गया! कि भलाई किस में है? सरकार के साथ जाने में या लड़ते लड़ते मर जाने में!!*

*उन्हें यह तो भली भांति पता होता है कि पुलिस और सुरक्षा बलों की हर एक गोलियों पर उनका नाम लिखा होता है। इन नक्सलियों में कोई एक करोड़ के ईनाम वाला एक माओवादी से लेकर छोटे से छोटे नक्सली भी शामिल है।नक्सलियों के इस हथियार डालने की सकारात्मक पहल का कब से बालाघाट जिले में इंतजार चल रहा था!!*

*बालाघाट को नक्सल मुक्त करने के सम्बंध में अब सरकार को तय करना है कि क्या उन्हें वह वक्त देगी यह सरकार!क्या इतना भरोसा किया जा सकता है ? क्या यह बालाघाट जिले के हथियारबंद नक्सलियों का सबसे बड़ा आत्मसमर्पण होगा जिसे सरकार और नक्सली दोनों ही हथियार डालकर पुनर्वास की तरफ आगे बढ सकते हैं। पुलिस अधीक्षक ने भी कई मौकों पर हथियार डालकर घर वापस लौटने वाले नक्सलियों को नाखून बराबर भी क्षति नहीं पंहुच सकेगा कहकर भरोसा जगाने का प्रयत्न किया था. कलेक्टर ने तो एक कदम आगे जाकर कहा था कि अगर पुलिस पर भरोसा नहीं तो मुझसे मेरे फोन पर अपनी बात कहो!!*

*इस विभीषिका पर तीन दशक से नज़र रख रहे जानकार कहते हैं कि -अभी इस रणनीतिक शब्दावली की बारीकी और उसके पीछे की वजह पर जाना नहीं चाहते, क्योंकि यह पल लोकतंत्र की जीत का है!! उम्मीद का है!! केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह और मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की कामयाबी का भी होगा । जब लगातार*



- **पीएलजीए सप्ताह रद्द किया**
- **सभी नक्सली हथियार नहीं उठाएंगे**
- **सभी साथियों से सम्पर्क के लिए वक़्त चाहिए**
- **तीनो राज्य सरकारों से वक्त की मांग**

*चार दशक तक धमाकों के साये में रहे बालाघाट के दक्षिण बैहर, कान्हा राष्ट्रीय उद्यान छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र को जोड़ने वाले लाल गालियारे में नक्सली धमक का खात्मा होगा!!*

*यह एक बड़ी खबर इसलिए भी है कि पिछले कई महीने में बालाघाट में जिस बड़े पैमाने पर मुठभेड़ों में नक्सलियों को मारा गया था, वह सिलसिला आज जारी रह सकता था क्योंकि नक्सल आंदोलन कमजोर हो गया है और सुरक्षा बल आगे बढ़ते चले गए हैं! जंगल के भीतर बेहद भीतर तक! उन्होंने बालाघाट के धुर नक्सल कब्जे से कई इलाकों को उनके प्रभाव से छुड़ा लिया है। और भीतर तक फ़ोर्स की बन्दुकों और गोलियों की बारूदी गंध वन प्रांतर में इन दिनों महसूस किया जा रहा है!!*

*नक्सलियों की 85 दिनों के वक़्त की याचना से यह तथ्य भी सतह पर है कि लोकतंत्र में सरकार और संविधान के खिलाफ हथियारबंद आंदोलनकारियों को भी मारने के बजाय उन्हें लोकतंत्र की मूलधारा में लाना एक अधिक बड़ी कामयाबी रहती है। हम बीते दशकों में कई बार शांतिवार्ता से नक्सल हिंसा को खत्म करने की वकालत करते आए हैं और अभी मप्र, छत्तीसगढ़ और महाराष्ट्र की सरकारों ने पर्दे के पीछे की बातचीत से यह माहौल बनाया कि हथियारबंद नक्सलियों ने इतनी बड़ी संख्या में हथियार छोड़े।*

*माओवादियों के बालाघाट में हथियार डालने के इस पवित्र यज्ञ और इससे जो नतीजा निकल रहा है, वह लोकतंत्र की मजबूती का होगा । तब पचासों बंदूकें बालाघाट में कभी सुरक्षाबलों को मार रही थीं, तो कभी बेकसूर ग्रामीणों को। इन बंदूकों से परे बालाघाट के नक्सल इलाकों में चारों तरफ जमीनी सुरंगें भी लगी हुई थीं, और यह माना जाना चाहिए कि इन नक्सलियों से मिली जानकारी से बालाघाट के इलाके में यह खतरा कुछ कम हो सकेगा. अस्तु, जिनका भी लोकतंत्र पर भरोसा है वे चाहेंगे कि नक्सली हथियार छोड़ कर लोकतंत्र की मूलधारा में आएं, वे चाहें तो चुनाव लड़ें, और चाहें तो अहिंसक तरीके से समाज में कोई भी दूसरा काम करे।समाज में सकारात्मक बदलाव लाएं! समाज को नयी दिशा दें!*

*अमित शाह ने अभी कुछ दिन पहले ही पडोसी राज्य छत्तीसगढ़ में एक अखबार से अनौपचारिक चर्चा में यह कहा भी था कि 'अगर माओवादी विचारधारा बिना हिंसा के रहती है, तो उसमें सरकार को कोई आपत्ति नहीं होगी क्योंकि लोकतंत्र में सभी तरह की विचारधाराओं के लिए जगह रहती है।'*

*गौरतलब है कि आज जब नक्सल आंदोलन इस देशऔर प्रदेश में खत्म होने की तरफ आगे बढ़ रहा है, तब अमित शाह की इस बात के महत्व को समझने की जरूरत है. और न ही इस तरह को कोई आपत्ति नहीं होगी क्योंकि लोकतंत्र में सभी तरह की विचारधाराओं के लिए जगह रहती है। आज जब नक्सल आंदोलन इस देश में खत्म होने की तरफ आगे बढ़ रहा है, तब अमित शाह की इस बात के महत्व को समझने की बेहद जरूरत है!!*

*इस देश में लोकतंत्र का बहुत बड़ा खर्च नक्सल मोर्चे पर अभी भी जारी है, और इस हिंसा को खत्म करने में सफलता जिस केन्द्र सरकार या राज्य सरकार को मिले, वे तारीफ के हकदार रहेंगे।उन सरकारों की बेशक तारीफ तो होनी चाहिए!!*

*कम से कम नक्सल प्रवक्ता अनंत के लिखे विज्ञप्ति के शब्दों के निहितार्थ तो यही निकलते हैं कि अब माओ की वह सेना हथियार डालने का पूरा मन बना चुकी है, उसे अपने सारे साथियों को एकत्र कर जंगल से बाहर निकालने के लिए केवल 85 दिन चाहिए।*

*अब सब कुछ सरकार के हिस्से है. इस नक्सली पेशकश को वह किस नज़रिये से देखती है!नक्सली आत्मसमर्पण और विस्थापन की नीति तो 2023 से ही जमीन पर है किन्तु अब तक बेहतर नतीजा के हिस्से केवल शून्य है!!*

## एक्टर धर्मेंद्र का 89 साल की उम्र में निधन

### -विले पार्ले श्मशान घाट में अंतिम संस्कार



मुंबई। दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हो गया है। 89 साल के धर्मेंद्र ने सोमवार दोपहर अपने घर पर अंतिम सांस ली। उनका अंतिम संस्कार विले पार्ले श्मशान भूमि में हुआ, जिसमें सलमान खान, संजय दत्त, अमिताभ बच्चन, आमिर खान समेत कई सेलेब्स पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है।

धर्मेंद्र के परिवार ने उनके निधन की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की। दोपहर में उनके घर के बाहर एम्बुलेंस पहुंची थी और विले पार्ले श्मशान भूमि में सिक्योरिटी बढ़ा दी गई थी। इसके बाद उनका पार्थिव शरीर एम्बुलेंस से श्मशान घाट पहुंचाया गया।

**उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे धर्मेंद्र**

धर्मेंद्र कुछ समय से उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। 10 नवंबर को उन्हें सांस लेने में दिक्कत आई थी, जिसके बाद उन्हें मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में भर्ती किया गया। इस दौरान उन्हें वैंटिलेटर में रखा गया। मीडिया में उनके निधन की खबर भी आई, जिसे परिवार ने नकार दिया। 12 नवंबर को धर्मेंद्र को हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया था और डॉक्टरों ने घर पर ही उनके आगे के इलाज की बात कही थी।

**राष्ट्रपति-प्रधानमंत्री ने दी श्रद्धांजलि**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत अन्य राजनीतिक हस्तियों ने सोशल मीडिया पर अभिनेता धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन को एक युग के अंत का संकेत कहा है। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह, केंद्रीय रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समेत अन्य ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर धर्मेंद्र को श्रद्धांजलि दी।

## 26 नए विमान बेड़े में शामिल करेगा एयर इंडिया

नई दिल्ली। भारत की प्रमुख विमानन कंपनी एयर इंडिया आने वाले वर्षों में बड़े स्तर पर अपने बेड़े का विस्तार और अपग्रेड करने जा रही है। कंपनी ने घोषणा की है कि 2026 के अंत तक 26 नए विमान बेड़े में शामिल किए जाएंगे, जिससे अंतरराष्ट्रीय उड़ान सेवाओं की गुणवत्ता और क्षमता में महत्वपूर्ण बढ़ोतरी होगी। एयर इंडिया के सीईओ और एमडी कैंपबेल विल्सन ने सोमवार को यह जानकारी दी। विल्सन ने बताया कि एयर इंडिया समूह 2026 के अंत तक कुल 26 नए विमानों को शामिल करने की तैयारी कर रहा है। इसका उद्देश्य अंतरराष्ट्रीय संचालन को अधिक आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाना है। कंपनी का लक्ष्य है कि 2026 तक 81त्न अंतरराष्ट्रीय उड़ानें उन्नत विमानों से संचालित की जाएं। सीईओ के अनुसार आने वाले वर्ष में उड़ान क्षमता लगभग समान रहेगी, क्योंकि नए विमान शामिल होंगे।

## 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा

### भारतीय चुनाव आयोग ने एसआईआर को लेकर दिया ब्यौरा

नई दिल्ली। देश के 12 राज्यों में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम चल रहा है। भारतीय चुनाव आयोग ने बताया कि करीब 20 दिन में एसआईआर प्रक्रिया के तहत 99.07 प्रतिशत मतदाता विशिष्ट गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हो गया है। चुनाव आयोग के अनुसार, गोवा और लक्षद्वीप में गणना प्रपत्र का 100 प्रतिशत वितरण सबसे पहले हुआ है। अभी अंडमान और निकोबार में 99.98 प्रतिशत, मध्यप्रदेश में 99.83 प्रतिशत, पश्चिम बंगाल में 99.75 प्रतिशत और गुजरात में 99.69 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटे गए हैं।

चुनाव आयोग रोजाना एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े आंकड़े जारी कर रहा है। नए आंकड़ों के अनुसार, मतदाता संख्या के हिसाब से सबसे बड़े राज्य यूपी में 99.62 प्रतिशत गणना प्रपत्र का वितरण पूरा हुआ है, जहां कुल मतदाता 15.44 करोड़ से अधिक हैं। पुडुचेरी में 95.58 प्रतिशत, तमिलनाडु में 96.22 प्रतिशत और केरल में 97.33 प्रतिशत गणना प्रपत्र बांटने का काम हुआ है।

जिन 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर का काम जारी है, उसमें अंडमान और निकोबार,




छत्तीसगढ़, गोवा, गुजरात, केरल, लक्षद्वीप, मध्यप्रदेश, पुडुचेरी, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल शामिल हैं।

आयोग के अनुसार, 12 राज्यों में 4 नवंबर से जारी एसआईआर प्रक्रिया के तहत कुल योग 50.97 करोड़ से अधिक मतदाताओं में से अब तक कुल 50.50 करोड़ से अधिक गणना प्रपत्र बंट चुके हैं। एसआईआर की ऑनलाइन प्रक्रिया ने भी तेजी पकड़ी है और 12 राज्यों में अब तक 24.13 करोड़ से अधिक फॉर्म को अपलोड किया गया है, यानी कुल डिजिटाइजेशन रेट 47.35 प्रतिशत है।

ऑनलाइन प्रक्रिया के मामले में, लक्षद्वीप 96.81 प्रतिशत के साथ सबसे आगे है। उसके बाद गोवा में 76.89 प्रतिशत और राजस्थान में 72.20 प्रतिशत फॉर्म का डिजिटाइजेशन हुआ है। केरल में सबसे कम डिजिटाइजेशन प्रोग्रेस (सिर्फ 23.72 प्रतिशत) रही है। उत्तर प्रदेश में 26.60 प्रतिशत डिजिटाइजेशन हुआ है।

## कुछ ना कहना




## जगदीप धनखड़ पर अपमानजनक टिप्पणी करने पर जयराम पर होगी कार्रवाई?

नई दिल्ली। राज्यसभा की विशेषाधिकार समिति ने सोमवार को राज्यसभा सांसद जयराम रमेश के खिलाफ शिकायत को लेकर बैठक की। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पर राज्यसभा के तात्कालिक सभापति जगदीप धनखड़ के विरुद्ध बार-बार एवं जानबूझकर अपमानजनक टिप्पणियां करने और सार्वजनिक रूप से सभापति की निष्पक्षता पर सवाल उठाने का आरोप है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह की अध्यक्षता में समिति की बैठक सोमवार सुबह विस्तार भवन में हुई। बैठक का प्रमुख एजेंडा जयराम रमेश के खिलाफ दर्ज विशेषाधिकार हनन की शिकायत था। समिति ने तय किया है कि वह जल्द ही जयराम रमेश को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखने के लिए बुलाएगी।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी स्थायी समिति ने सभी प्रकार के मीडिया से संबंधित कानूनों के कार्यान्वयन की समीक्षा की और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के प्रस्तावों और प्रेस कौंसिल ऑफ इंडिया के विचारों को सुना। कोयला, खान एवं इस्पात स्थायी समिति ने स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) का संगठनात्मक ढांचा एवं प्रदर्शन एक समीक्षा विषय पर इस्पात मंत्रालय के अधिकारियों के मौखिक साक्ष्य सुने। रसायन एवं उर्वरक स्थायी समिति ने देश में दवाओं की बढ़ती कीमतों के विशेष संदर्भ में राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण की भूमिका, कार्य एवं दायित्वों की समीक्षा की और औषधि विभाग के प्रतिनिधियों से मौखिक साक्ष्य लिए।

बता दें राज्यसभा विशेषाधिकार समिति में अन्य दलों के 10 सदस्य होते हैं। यह समिति सदन या सभापति द्वारा भेजे गए हर विशेषाधिकार हनन के मामले की जांच करती है, तथ्यों के आधार पर तय करती है कि उल्लंघन हुआ है या नहीं और अगर हुआ है तो उसकी प्रकृति, कारण और उचित सिफारिशें सदन को प्रस्तुत करती है। जरुरत पड़ने पर समिति यह भी बताती है कि उसकी सिफारिशों को लागू करने की क्या प्रक्रिया अपनाई जा सकती है।

## देश के 53वें सीजेआई बने जस्टिस सूर्यकांत

### शपथ के बाद भाई, बहन के पैर छुए, पूर्व CJI गवई से गले मिले; मोदी-शाह से मिलने पहुंचे

नई दिल्ली। जस्टिस सूर्यकांत ने सोमवार को देश के 53 वें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ली। राष्ट्रपति भवन में हुए समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उन्हें पद की शपथ दिलाई। इसके बाद उन्होंने वहां मौजूद बहन और बड़े भाई के पैर छुए। इस कार्यक्रम में उनके परिवार के लोग शामिल हुए। शपथ के बाद सीजेआई सूर्यकांत ने पीएम नरेंद्र मोदी समेत अन्य लोगों से मुलाकात की। वे पूर्व सीजेआई बीआर गवई से गले मिले। इस समारोह में ब्राजील समेत सात देशों के मुख्य न्यायाधीश और सुप्रीम कोर्ट के जज भी राष्ट्रपति भवन पहुंचे।



भारतीय न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार किसी सीजेआई के शपथ ग्रहण में इतने बड़े अंतरराष्ट्रीय न्यायिक प्रतिनिधिमंडल की मौजूदगी रही। समारोह में भूटान, केन्या, मलेशिया, मॉरिशस, नेपाल और श्रीलंका के मुख्य न्यायाधीश और उनके परिवार के सदस्य भी पहुंचे। इस दौरान पूर्व सीजेआई गवई ने एक नई मिसाल कायम की। शपथ ग्रहण समारोह के बाद उन्होंने अपनी आधिकारिक गाड़ी राष्ट्रपति भवन में ही अपने उत्तराधिकारी जस्टिस सूर्य कांत के लिए छोड़ दी।

## आज रामलला की धर्मध्वजा फहराएंगे पीएम मोदी

### -राम मंदिर को एटीएस-एनएसजी कमांडोज ने घेरा-हेलिकॉप्टर से निगरानी, 1000 क्विंटल फूलों से सजाया;



अयोध्या। अयोध्या में राम मंदिर पर धर्मध्वजा फहराने की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं। शहर को 1000 क्विंटल फूलों से सजाया जा रहा है। मंदिर पर फहराई जाने वाली धर्मध्वजा जन्मभूमि पहुंच चुकी है। मंगलवार को पीएम नरेंद्र मोदी मंदिर के 191 फीट ऊंचे शिखर पर पहली बार ध्वजा फहराएंगे। राम जन्मभूमि और आसपास की सिक्योरिटी बढ़ा दी गई है। हेलिकॉप्टर से निगरानी की जा रही है। एटीएस-एनएसजी कमांडो ने मंदिर को घेर रखा है। इसके अलावा एसपीजी, सीआरपीएफ और पीएसी के जवान भी तैनात हैं। 5 लेयर में मंदिर की सुरक्षा है। समारोह में उन 100 दानदाताओं को आमंत्रित किया गया है, जिन्होंने राम मंदिर के निर्माण में 2 करोड़ से ज्यादा दान दिया था। हालांकि, शंकराचार्यों को नहीं बुलाया गया है। राम मंदिर ट्रस्ट ने अपील की है कि 25 नवंबर को आम श्रद्धालु रामलला के दर्शन के लिए न आएं। 23 नवंबर की रात 11 बजे से अयोध्या की तरफ लोडर गाडियां जैसे- ट्रक, ट्रैक्टर की एंट्री रोक दी गई है। यह ट्रैफिक डायवर्जन 26 नवंबर की आधी रात तक लागू रहेगा।

# हिन्दू राष्ट्र की मांग को लेकर बालाघाट पहुंचे स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज

## गाय को राष्ट्माता का दर्जा, औऱ साधु संत के संरक्षण की भी रखी मांग, कहा वर्ष 2027 तक भारत बनेगा हिन्दू राष्ट्र

पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।

**हिंदू राष्ट की मांग और 25 करोड़ सदस्यों के लक्ष्य को लेकर देश विदेश में भ्रमण कर रहे स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज का सोमवार को बालाघाट नगर आगमन हुआ। जहां देर शाम उन्होंने अपने इस आगमन को लेकर नगर के सर्किट हाउस में पत्रकार वार्ता का आयोजन कर, अपने प्रमुख मुद्दों को लेकर चर्चा की।जिसमे उन्होंने वर्ष 2027 तक भारत को हिंदू राष्ट बनाने की बात कही, तो वहीं उन्होंने गाय को राष्ट माता का दर्जा दिए जाने और साधु संत के संरक्षण के भी मांग रखी है। उन्होंने नेपाल में हुए तख्ता पलट की जानकारी, वहां की सरकार को पहले ही दिए जाने की बात कहते हुए 2026 तक नेपाल पुन: हिंदू राष्ट बनने की बात कही है।आयोजित पत्रकारवार्ता के दौरान अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानंद ब्रह्म गिरि महाराज के अलावा उनके साथ अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषी श्री श्री 1008 श्री जयानंद महाराज ( मंडलेश्वर ) औऱ अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच की छग प्रदेश अध्यक्ष मां साध्वी पद्मिनी सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।**



### नेपाल की सरकार को पहले ही बता दिया था कि तख्तापलट होगा- स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज

बैठक को संबोधित करते हुए अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज ने बताया कि भारत नेपाल भूटान अमेरिका सहित अन्य देशों में भी भ्रमण कर सदस्यता अभियान चला रहे हैं 25 करोड़ सदस्य बना कर उन्हें संगठन में जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है हम हिंदू राष्ट गौ माता को राष्ट माता का दर्जा और साधु संतों की सुरक्षा की मांग को लेकर भ्रमण कर रहे हैं।हमने सभी पदाधिकारियों से कहा है कि रात और दिन मेहनत करके 25 करोड़ सदस्य बनाने के लक्ष्य को पूरा करें। जिस दिन आप 25 करोड़ सदस्य बनाने में सफल हो जायेगें उस दिन हम भारत को हिन्दू राष्ट और गौ माता को राष्ट माता का दर्जा दिलाने में सफल हो जायेगें।उन्होंने बताया कि हम भारत और नेपाल को हिन्दू राष्ट बनाना चाहते हैं। नेपाल 26 में और भारत 27 में हिन्दू राष्ट बन जायेगा। उन्होंने आगे बताया कि नेपाल में जल्द तख्ता पलट होगा, इसकी जानकारी हमने वहां की सरकार को दे दी थी। उसके बाद भी वहां की सरकार ने देश को हिंदू राष्ट घोषित नहीं किया। उसके बाद वहां 15 दिनों बाद बड़ा आंदोलन हुआ, जिससे वहां पर तख्तापलट हो गया. वर्ष 2026 में पुन: नेपाल एक बार फिर से हिंदू राष्ट बन जाएगा तो वहीं 2027 में भारत हिंदू राष्ट बनेगा

### जल्द ही लक्ष्य को पूरा कर लेंगे- जयानंद महाराज

अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री एवं अंतर्राष्ट्रीय ज्योतिषी श्री श्री 1008 श्री मंडलेश्वर जयानंद महाराज ने बताया कि संगठन ने जो लक्ष्य रखा है हम 28 से पहले ही लक्ष्य को प्राप्त कर लेगे। जिस तरह अंतर्राष्ट्रीय सन्त बौद्धिक मंच के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी स्वदेशानन्द ब्रह्म गिरि महाराज के नेतृत्व में देश और विदेश मे संगठन दिनों दिन सागर की तरह फैल रहा है। उससे ऐसा लगता है कि यह संगठन पुरी दुनिया में एक दिन अपनी एक अलग पहचान बनाएगा। इनके अलावा अन्य सभी पदाधिकारियों ने भी अपने अपने विचार संगठन को मज़बूत बनाने पर रखे। तो वहीं उन्होंने ज्यादा से ज्यादा लोगों को संगठन से जोड़ने की भी बातें कही।

# माओवाद से ग्रस्त केरीकोना और लम्हेरीटोला में मिला पेयजल का उपहार

**पदमेश न्यूज ।बालाघाट।** बिरसा विकासखंड के आदिवासी बहुल एवं नक्सल प्रभावित ग्राम केरीकोना और लम्हेरीटोला के ग्रामीणों के लिए 24 नवंबर का दिन बड़ी राहत लेकर आया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा इन दोनों ग्रामों में एक-एक हेंडपंप का खनन कर ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का समाधान कर दिया गया है। ग्रामवासियों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं होने की जानकारी मिलते ही कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने तुरंत संज्ञान लेते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री को इन क्षेत्रों में तत्काल हेंडपंप खनन के निर्देश दिए थे। निर्देश मिलते ही विभाग ने बड़ी मशीनें लेकर स्थल पर पहुंचकर हेंडपंप खनन का कार्य पूरा किया। कार्यपालन यंत्री बी.एल. उईके ने बताया कि केरीकोना और लम्हेरीटोला में हेंडपंप स्थापित कर दिया गया है, जिसके बाद 24 नवंबर से दोनों ग्रामों के लोगों को स्वच्छ पानी मिलना शुरू हो गया है। हेंडपंप खनन के बाद ग्रामीणों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही है। अब उन्हें पानी की तलाश में लंबी दूरी तय नहीं करनी पड़ेगी और गांव में ही स्वच्छ पेयजल की सुविधा उपलब्ध हो गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन के इस त्वरित और प्रभावी प्रयास के लिए आभार व्यक्त किया है।



# उत्कृष्ट विद्यालय में मनाया गया एनसीसी दिवस

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** 6 एमपी बटालियन के ग्रुप क्रमांक 242 और 78 ने लेफ्ट. कर्नल विनित गुप्ता के मार्गदर्शन में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में एनसीसी का 77 वां स्थापना दिवस मनाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने की। वहीं कार्यक्रम में बतौर विशेष अतिथि एनसीसी जेसीओ तारसेनसिंह, रिटायर्ड एनसीसी चीफ ऑफिसर बी.एल. राणा, स्कूल प्राचार्य शरद ज्योतिषी उपस्थित थे।एनसीसी दिवस पर उत्कृष्ट और महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के एनसीसी कैडेड्स ने परेड की। परेड की सलामी जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने ली। इस अवसर पर कैडेड्स ने रंगारंग प्रस्तुति दी।स्वागत उद्बोधन में डॉ. पूनम मिश्रा ने एनसीसी के महत्व और छात्र जीवन में उसके उपयोग की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी कुमार उपाध्याय ने कैडेड्स से परीक्षा में भी बेहतर प्रदर्शन की बात कही। वहीं विद्यालय प्राचार्य शरद ज्योतिषी ने आभार व्यक्त और कार्यक्रम का संचालन डॉ. भारती पारधी ने किया। इस दौरान एनसीसी सेकंड ऑफिसर कल्पना ठोंबरे सहित केयर टेकर तुषारसिंह धुर्वे, लीला बोहरे, प्राचार्य डॉ. मनोज जैन सहित कैडेड्स मौजूद थे।



# यौन शोषण, दुर्व्यवहार एवं हिंसा की रोकथाम पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय परसवाड़ा परिसर में 24 नवंबर को यौन शोषण, दुर्व्यवहार एवं लैंगिक हिंसा की रोकथाम विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्र-छात्राओं तथा कर्मचारियों में सुरक्षा, संवेदनशीलता और अधिकारों के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. एल. घोरमारे एवम मुख्य वक्ता श्रीमती फिरोजा खान द्वारा दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। कार्यक्रम के प्रारम्भ मे कार्यक्रम संयोजक डॉ. शोभा शर्मा (अँग्रेजी विभाग) द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कहा कि वर्तमान समाज में यौन शोषण और हिंसा जैसे मुद्दों पर खुलकर चर्चा होना अत्यंत आवश्यक है ताकि पीड़ित न केवल आवाज़ उठा सकें बल्कि समय रहते सहायता एवं न्याय भी प्राप्त कर सकें।




कार्यशाला की मुख्य वक्ता श्रीमती फिरोज़ा खान ने यौन शोषण के प्रकार, पहचान, रोकथाम, शिकायत निवारण प्रक्रिया और कानूनों (पॉक्सो एक्ट, क्क्र्स॥ अधिनियम आदि) के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने विभिन्न वास्तविक उदाहरणों और केस स्टडी के माध्यम से समझाया कि ऐसे मामलों में पीड़ितों को कैसे उचित सहयोग, सुरक्षित माहौल और कानूनी सहारा प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि फ्रसमाज में जागरूकता और संवेदनशीलता ही ऐसी घटनाओं की रोकथाम का सबसे मजबूत आधार है। यदि हम चुप नहीं रहें, तो हिंसा की मानसिकता स्वयं कमजोर हो जाती है। महाविद्यालय के प्राचार्य द्वारा अध्यक्षीय उद्बोधन में यौन शोषण और दुर्व्यवहार के खिलाफ आवाज उठाने साथ ही छात्र, छात्राओं को महाविद्यालय द्वारा बनाई गई महिला उत्पीड़न समितियों एवं शिकायत पेटी का प्रयोग करने कहा गया।

प्रतिभागियों के लिए इंटरैक्टिव प्रश्नोत्तर सत्र आयोजित किया गया, जिसमें छात्र, छात्राओं ने साहसपूर्वक अपनी जिज्ञासाएँ रखीं। छात्राओं द्वारा नाटक आखिरी उड़ान के माध्यम से यौन शोषण, दुर्व्यवहार और हिंसा की रोकथाम पर संदेश दिया गया । डॉ. जयश्री सुर्यवंशी विभागाध्यक्ष वनस्पति शास्त्र द्वारा कार्यशाला में सुरक्षा उपायों, आत्मरक्षा की प्राथमिक तकनीकों तथा शिकायत दर्ज करने के औपचारिक तरीकों पर व्यावहारिक सुझाव भी दिए गएद्यमंच का सफल संचालन डॉ. शोभा शर्मा द्वारा किया गया कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी संकायों के शिक्षकगण, गैर-शिक्षण कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। सभी ने कार्यशाला की उपयोगिता को सराहा और इसे समयानुकूल एवं आवश्यक बताया। कार्यक्रम के अंत में मुख्य वक्ता श्रीमती फिरोज़ा खान को संस्था की ओर से प्रशस्ति-पत्र और मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मेले की साफ सफाई नही होने से ग्रामीणों को हो रही परेशानी

**पद्मेश न्यूज। रामपायली।** जनपद पंचायत वारासिवनी के द्वारा आयोजित कार्तिक पूर्णिमा के मेले के समापन का एक पखवाड़ा बीतने के बावजूद भी श्री राम की नगरी में स्वच्छता अभियान की ओर जनपद पंचायत का ध्यान नही जाना शर्मसार जान पड़ता है । क्योंकि एक ओर शासन स्वच्छता अभियान के लिए करोड़ों रुपए पानी की तरह बहा रही है, वहीं जनपद पंचायत वारासिवनी जो कार्तिक पूर्णिमा का मेला आयोजित करती है। जिसमें लाखों रुपए एकत्रित किया जाता है किंतु इस राम की नगरी को गंदगी और उपहास के अलावा कुछ हासिल नहीं होता बड़ी बड़ी बातें होती है। लेकिन ग्राम स्वच्छता अभियान के तहत समुचित निर्णय का अभाव प्रतिवर्ष मेंले उपरांत देखा जाता है ,स्वच्छता के नाम पर टेंडर दिए जाते हैं स्वच्छता मेले भर चलाई जाती है। लेकिन उसके बाद फैली गंदगी संक्रामक रोगों के निमंत्रण के लिए अपने पैर पसारना प्रारंभ कर देती है। जिसकी ओर केवल निर्दोष नागरिकों को ही परिणाम भुगतने लिए प्रतिवर्ष तैयार रहने की नौबत आन पड़ती है और विडम्बना तो इस बात की है कि इस मेला परिसर में दो शासकीय अशासकीय विद्यालय मौजूद है । गंदगी को लांघकर छोटे बच्चों से लेकर बड़े छात्र छात्राएं प्रतिदिन आना जाना कर रहे है,किंतु समुचित स्वच्छता का अभियान पर्याप्त मात्रा में पूर्ण नहीं किया जा सका। जिसके चलते आम असंतोष का कारण बनते जा रहा है । प्रतिवर्ष देखने में आता है कि कार्तिक पूर्णिमा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास के साथ जनपद पंचायत करती है ,स्वच्छता के लिए भी राशि निकल जाती है लेकिन स्वच्छता अपने धरातल पर कितनी स्वच्छता से पूर्ण होती है । इसका अंदाजा राम की नगरी में स्थल निरीक्षण में देखा जा सकता है जहां.तहां फैली गंदगी इस बात का घोतक है कि जनपद पंचायत के जिम्मेदार कुंभ करनी नींद से जाग नहीं पा रहे है। इस मेले से लाखों रुपए एकत्रित किया जाता है किंतु राम की नगरी को केवल और केवल गंदगी ही हासिल होती है। आखिरकार इस दुविधा को दूर करने के लिए कौन आगे आएगा स्वच्छता का अभियान चलाने वाले सामाजिक नेता भी नदारत है। हर ओर केवल निर्दोष छात्र छात्राओं को भुगतना पड़ रहा है,क्योंकि संक्रामक बीमारियों का खतरा सदैव बना हुआ है। इसी तरह चंदन नदी भी चारों ओर से अस्वच्छ नजर आ रही है झिल्ली कागज झूठे पत्तल बहुतायात मात्रा में फैले हुए है। जिस नदी में प्रतिदिन पूजन पाठ आदि अनेक संस्कार किए जाते हैं लेकिन यह गंदगी आम श्रद्धालु जनों के लिए हताशा का कारण बनी हुई है।



# जल गंगा संवर्धन अभियान में श्रेष्ठ कार्य करने के लिए बालाघाट जिले का हुआ सम्मान

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 24 नवंबर को भोपाल में पंचायतों को आत्मनिर्भर व समृद्ध बनाने के लिए आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों और सहयोगी संगठनों के अधिकारियों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों, खेत तालाबों के निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों और जनपदों तथा सहयोगी संगठनों के अधिकारियों को सम्मान-पत्र सौंपे। कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल सहित कई मंत्री और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।



जल संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए संचालित जलगंगा जल सर्वधन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने तथा जिले में सर्वाधिक तालाब निर्माण के लिए जिला पंचायत बालाघाट को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह, जिला पंचायत के मुख्ये कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ और उपाध्यक्ष राजा लिल्हारे ने ग्रहण किया। इस उपलब्धि के लिए कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री मनोज धुर्वे एवं पूरी टीम की सराहना की गई है।

जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार ने कहा कि यह सम्मान पूरे जिले के लिए अत्यंत गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में भी लगातार मेहनत की है। हमारा प्रयास रहेगा कि जल संरक्षण, ग्रामीण विकास और अन्य योजनाओं में भी हम इसी समर्पण के साथ काम कर जिले को मॉडल जिला बनाएं। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन, जनप्रतिनिधि और ग्रामीण एक साथ काम करते हैं, तब परिणाम और भी बेहतर मिलते हैं। उन्होंने टीमवर्क को जिले की विकास यात्रा की सबसे बड़ी शक्ति बताया।

समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों की श्रेणी में खण्डवा जिले ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। रायसेन ने द्वितीय और बालाघाट ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। खेत तालाबों के निर्माण में श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों की श्रेणी में अनूपपुर और बालाघाट को सम्मानित किया गया। अनूपपुर जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ ने भी खेत-तालाबों के निर्माण में जनपदों के श्रेणी में प्रथम स्थान प्राप्त किया। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत सहयोग प्रदान करने वाले अन्य सहयोगियों संगठनों को सम्मानित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मध्यप्रदेश राज्य रोजगार गारंटी परिषद, राजीव गांधी जलग्रहण क्षेत्र प्रबंधन मिशन, मध्यप्रदेश स्टेट इलेक्ट्रॉनिक्स डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड तथा नॉलेज पार्टनर संस्थाओं क्रमश- प्रदान और टीआरआई के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया।

# पीएमश्री योजना में स्कूलों में बनाई जा रही है अटल ट्रिकलिंग लेब

पदमेश न्यूज ।बालाघाट। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत ग्रामीण यांत्रिकी सेवा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अधोसंरचनाओं के निर्माण के लिए निरन्तर वर्षो से कार्यरत है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग का कार्य पुल पुलियों से लेकर (तालाबों) जल स्त्रोणतों का निर्माण एवं दूरस्थ अंचलो को ग्रामीण सड़को के माध्यम से सम्पर्क प्रदान करना होता है। ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग-01 के कार्यपालन यंत्री श्री एन के एक्का ने बताया कि वर्तमान में विभाग द्वारा जिले में पीएमश्री योजनान्तर्गत संचालित स्कूलों में उन्नरत सुविधाओं के लिए अटल ट्रिकलिंग लेब, अतिरिक्त कक्ष एवं कम्प्यूटर कक्ष का निर्माण एवं खेल सुविधा के लिए वॉलीवाल ग्राऊण्ड, कबड्डी ग्राऊण्ड का निर्माण कराया जा रहा है। जिससे अध्ययनरत छात्र छात्राओं को उचित सुविधा प्राप्त हो सकें। वर्तमान में विभाग में कुल 28 कार्य स्वीकृत है। जिसमें अटल ट्रिकलिंग लेब के 03, अतिरिक्त कक्ष 07, कम्प्यूटर कक्ष के 06 एवं खेल मैदान के 12 कार्य कराये जा रहे है। इन कार्यों से ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है स्कूलों में सुविधाओं का विस्तार हो रहा है।

**ड्रायविंग लायसेंस में नाम सुधार सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं शकील खान, वार्ड न. 16 अमोली तह. लालबर्रा जिला बालाघाट निवासी हूं। मेरे सभी डाक्यूमेंट जैसे आधार कार्ड, पेन कार्ड, परिचय पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेज मे मेरा नाम शकील खान है कुछ त्रुटिवश मेरे लायसेंस में मेरा नाम मोहम्मद शकील अजमेरी हो गया है जिसे मुझे सुधार कर शकील खान करवाना चाहता हूं।

आवेदक
शकील खान वार्ड न. 16
अमोली तह. लालबर्रा जिला बालाघाट ( म0प्र0 )

# एनसीसी स्थापना दिवस के 77 वीं वर्षगांठ पर कैडेट्स ने किया रक्तदान

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** एनसीसी के 77 वे स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बालाघाट में 24 नवंबर को रक्तदान शिविर का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ अशोक कुमार मराठे के संरक्षण एवं 6 एमपी एनसीसी बटालियन बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल वीके गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में किया गया। रक्तदान शिविर के मुख्य सहयोगी एचडीएफसी बैंक के अधिकारी वरुण ब्यौहार ब्रांच ऑपरेशन मैनेजर, सुनील गनोड़कर गोल्ड लोन अधिकारी, आदित्य बोपचे विपणन अधिकारी उपस्थित रहे। रक्तदान करने में पीजी कॉलेज एवं सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के एनसीसी कैडेट्स शामिल रहे जिन्होंने 30 यूनिट रक्तदान किया। जिन्हें एचडीएफसी बैंक के द्वारा टोकन के रूप में टिफिन बैग एवं फलाहार प्रदान किया गया। रक्तदान शिविर को सफल बनाने में शहीद भगत सिंह जिला अस्पताल के ब्लड बैंक के अधिकारी जिनमें मुख्य रूप से श्यामा घालेकर, वैशाली डोंगरे, पूजा रंगारे ,सुरेश पवार एवं योगेश भौंगाडे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रक्तदान शिविर का संचालन पीजी कॉलेज के एनसीसी प्रभारी अधिकारी डॉ गजानन कटरे एवं सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट अतुल शुक्ला के द्वारा किया गया।

**आवश्यकता है**

- पारस कंपनी में मार्केटिंग हेतु-01 पद (वेतन- 20000.00+)
- फोन कॉल हेतु - 01 पद (वेतन-6000.00+)
- पाइप शोरूम कार्य हेतु युवक-02 पद (वेतन - 10000.00+)
- पाइप शोरूम कार्य हेतु युवती-02 पद (वेतन - 7000.00+)

नोट-अनुभवी को प्राथमिकता
दुकान का समय प्रातः 10 बजे से रात्रि 8.30 बजे तक
**आदिनाथ इंटरप्राइजेज**
श्याम टॉकीज के पीछे, इतवारी गंज, बालाघाट
9424766066

**आवश्यकता है**

ऑफिस कार्य हेतु चपरासी युवकी की आवश्यकता है
बालाघाट एवं आसपास के रहने वाली ही
संपर्क करें
वेतन - 12000+
मिलने का समय शाम 5 बजे से शाम 8.00 बजे तक
संपर्क
बाघरेचा तिजारे एण्ड एसोसिएट्स चार्टड एकाउन्टेन्ट्स, श्याम टॉकीज एण्ड मॉल द्वितीय तल मेन रोड बालाघाट (मप्र)मो. 9201340520

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध



निर्माता
**तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स**
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# 1 दिसम्बर से होगी समर्थन मूल्य पर धान खरीदी

## टीएल बैठक में कलेक्टर ने की समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा

पदमेश न्यूज। बालाघाट।

**24 नवम्बर को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में कलेक्टरमृणाल मीना ने विभिन्न विभागों के समय सीमा संबंधी प्रकरणों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर जी एस धुर्वे, डीपी बर्मन, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर राहुल नायक, डिप्टी कलेक्टर प्रदीप कौरव, एसडीएम श्री गोपाल सोनी एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद सीईओ एवं नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से उपस्थित थे।**

### 01 दिसंबर से धान खरीदी के लिए तैयारी करने के निर्देश

बैठक में सर्वप्रथम अतिवर्षा एवं कीट व्याधि से फसल क्षति मुआवजा के लिए तैयार किये गये प्रकरणों की तहसीलवार समीक्षा की गई और उप संचालक कृषि को निर्देशित किया गया कि प्रभावित किसानों को फसल बीमा योजना का लाभ भी दिलाया जाये। आगामी 01 दिसंबर से समर्थन मूल्य पर प्रारंभ होने वाली धान की खरीदी के लिए अधिकारियों को सभी आवश्यक तैयारी करने के निर्देश दिये गये। सभी धान खरीदी केन्द्रों पर आवश्यक सुविधायें उपलब्ध कराने कहा गया। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के महाप्रबंधक को निर्देशित किया कि जिले के नक्सल प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्र के ग्रामों तक पहुंच के लिए बनाई जा रही सड़कों का कार्य तेजी से पूर्ण करायें। इस दौरान बताया गया कि डाबरी से लांजी सड़क का प्रस्ताव विभाग द्वारा तैयार कर लिया गया है और मंजूरी के लिए प्रदेश कैबिनेट में प्रस्तुत किया जाना है।

### स्थानीय उद्योगों में युवाओं को रोजगार दिलायें

बैठक में आईटीआई की प्राचार्य को निर्देशित किया गया कि मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना के अंतर्गत जिले के उद्यमों में रिक्त 357 पदों पर स्थानीय युवाओं की शीघ्रता से नियुक्ति करायें। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत स्वरोजगार के लिए शेष रह गये युवाओं को शिविर लगाकर ऋण दिलाने के निर्देश दिये गये। जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि शिविर में इस योजना के अंतर्गत ऋण के लिए पंजीयन कराने वाले सभी युवाओं को शामिल करें और बैंक से समन्वय कर उन्हें ऋण दिलाया जाये।



### कम पानी में पकने वाली फसल लगायें

बैठक में उप संचालक कृषि एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि रबी सीजन में जिन गांवों में धान की सिंचाई के लिए पानी देना संभव ना हो उनकी सूची तैयार कर वहां के किसानों को धान के स्थान पर गेहूं, चना, सरसों, मसूर आदि कम पानी में पकने वाली फसलें लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। ऐसे चिन्हित ग्रामों के किसानों को गेहूं, चना, मसूर, सरसों आदि के बीज उपलब्ध कराने के साथ ही शीघ्रता से उनकी बोनी कराने कहा गया। इस दौरान बताया गया कि जिले में चालू रबी सीजन के लिए 752 हेक्टेयर क्षेत्र में चना की बोनी की जा चुकी है।

### लालबर्रा स्टेडियम का शीघ्र मरम्मत कार्य करें

बैठक में ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के कार्यपालन यंत्री को लालबर्रा में बनाये गये स्टेडियम का सुधार एवं मरम्मत कार्य शीघ्र कराने के निर्देश दिये गये। जल संसाधन विभाग के अधिकारी द्वारा बताया गया कि ढूटी डेम पानी निकासी वाले गेट का सुधार कार्य पूर्ण कर उसे फिर से लगा दिया गया है और सातनारी जलाशय का निर्माण कार्य इसी सप्ताह चालू कर दिया जायेगा। एमपीआरडीसी के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि वर्षा के कारण सड़कों में हुए गड्ढों को भरने एवं सुधार का कार्य शीघ्रता से पूर्ण करें।

### शीघ्रता से राशि वितरण करें

बैठक में सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग को निर्देशित किया गया कि महाविद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के आवास सहायता योजना के प्रकरणों में सहायता राशि का शीघ्र वितरण करें। आवास सहायता का कोई भी प्रकरण अनावश्यक लंबित नहीं रहना चाहिए। इसी प्रकार विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा की महिलाओं को आहार अनुदान योजना की राशि का नियमित रूप से भुगतान करने के निर्देश दिये गये और कहा गया कि कोई भी पात्र बैगा महिला इस योजना के लाभ से वंचित नहीं रहना चाहिए। अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति का समय पर वितरण करने के निर्देश दिये गये। इस दौरान बताया गया कि आवास सहायता योजना के 97 प्रतिशत प्रकरणों का निराकरण कर दिया गया है। आहार अनुदान योजना में कोई भी प्रकरण लंबित नहीं है और छात्रवृत्ति का भी समय पर भुगतान हो रहा है।

### इंस्पेक्टर 50 दुकानों का निरीक्षण करे

बैठक में स्वास्थ्य विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की समीक्षा के दौरान कलेक्टर श्री मीना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में कोई भी मेडिकल स्टोर्स फार्मासिस्ट के बगैर संचालित नहीं होना चाहिए। इसके लिए जिले में पदस्थ दोनों ड्रग इंस्पेक्टर को सप्ताह में 50-50 मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण करने का लक्ष्य दिया गया और स्वास्थ्य विभाग के निर्देशों के अनुसार बगैर फार्मासिस्ट के संचालित मेडिकल स्टोर्स पर कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे खाद्य सामग्री विक्रय करने वाले प्रतिष्ठानों के निरीक्षण के दौरान पूर्व में किये गये निरीक्षण की रिपोर्ट को संबंधित प्रतिष्ठान में डिस्प्ले कराना सुनिश्चित करें। जिससे पता चल सकेगा कि पूर्व में निरीक्षण के दौरान दिये गये निर्देशों का कितना पालन किया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारियों द्वारा निरीक्षण के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों का पालन नहीं करने वाले प्रतिष्ठानों को बंद कराये जाने पर वह प्रतिष्ठान अपर कलेक्टर न्यायालय के आदेश से ही पुनः खोले जायेंगें।

### मच्छरदानी वितरण का सत्यापन कराने के निर्देश

बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि सोनगुड्डा क्षेत्र में मलेरिया की जांच नियमित रूप से करायें और मलेरिया के मरीजों को आवश्यक दवायें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। इसके लिए सोनगुड्डा क्षेत्र के ग्रामों में स्वास्थ्य शिविर लगाने के निर्देश दिये गये। बैहर एसडीएम से कहा गया कि मलेरिया अधिकारी द्वारा बैहर क्षेत्र के ग्रामों में कराये गये मच्छरदानी वितरण का सत्यापन करायें। इसके साथ ही यह भी निर्देश दिये गये कि भविष्य में मच्छरदानी का वितरण स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में ही कराया जाये। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने इस दौरान बताया कि मलेरिया नियंत्रण में संतोषजनक कार्य नहीं होने पर जिला मलेरिया अधिकारी को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया है।

### नियम विरूद्ध हैदराबाद के लिए संचालित बसों पर कार्यवाही करें

बैठक में नगरीय निकायों के मुख्य नगरपालिका अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि 31 दिसंबर 2020 की स्थिति में पात्र लोगों को आवासीय पट्टों का वितरण करें। नगरीय निकायों को स्वच्छ पेयजल, घर-घर से कचरा संग्रहण एवं नालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों की समीक्षा के दौरान 50 दिनों से लंबित शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने के निर्देश दिये गये। सीएम हेल्पलाईन की सभी शिकायतें संतुष्टि के साथ बंद कराने कहा गया। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी को निर्देशित किया गया कि जिले के विभिन्न स्थानों से हैदराबाद के लिए नियम विरूद्ध संचालित होने वाली बसों पर कार्यवाही करें।

# बरघाट सिवनी की स्कूल वैन में भरे थे क्षमता से अधिक बच्चे

## यातायात पुलिस ने की कार्यवाही, वसूला जुर्माना

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** पिछले दिनों स्कूली बच्चों को लेकर जा रही एक ऑटो अंबेडकर चौक के समीप सड़क के बीच रास्ते में पलट गई थी। जिसमें सवार एक दर्जन से अधिक बच्चे गिरकर घायल हुए थे। उस घटना के बाद से पुलिस व यातायात विभाग द्वारा समय समय पर स्कूली बसों, वैन और बच्चों को स्कूल से घर और घर से स्कूल, लाने ले जाने का काम करने वाले स्कूल ऑटो पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में यातायात पुलिस ने नगर के बस स्टैंड, आवंती बाई चौक पर जिला सिवनी बरघाट से आई एक स्कूली वैन को रोककर चेकिंग कार्यवाही की। जिसमें क्षमता से अधिक बच्चे मिलने पर चालानी कार्यवाही करते हुए एक हजार रु का राजस्व वसूल किया है। बताया गया कि बच्चे बरघाट के किसी कोचिंग संस्थान में पढ़ाई करते हैं जो पिकनिक मनाने के इरादे से गांगुलपारा घूमने के लिए, स्कूल वैन में भरकर आए थे। जहां से वापस सिवनी जाते समय, अगर के आवन्तिबाई चौक में चलाए जा रहे वाहन चैकिंग अभियान के तहत, पुलिस ने वाहन क्रमांक एमपी 22 पी 0421 को रोककर गाड़ी की चेकिंग की, तो उसमें क्षमता से अधिक सवारी पाई गई.जिस पर स्कूल वैन को खड़ा करके वैधानिक कार्यवाही की गई है।उधर स्थानीय लोगों ने स्कूल वैन में बैठे बच्चों को परेशान होते देख स्वल्पाहार का वितरण किया। तो वही पुलिस की चालानी कार्यवाही के बाद स्कूल वाहन छोड़ गया।उधर यातायात के द्वारा आगामी समय में भी उनकी यह कार्यवाही जारी रहने की बात कही गई है।




# मप्र. छग. मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन का चुनाव संपन्न

## चौथी बार पुनः अध्यक्ष चुने गए नोकेश बिसेन, कहा- मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव की हक की लड़ाई लड़ते रहेंगे

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट। मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ मेडिकल सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन के चुनाव में पूर्व अध्यक्ष नोकेश बिसेन ने बड़ी जीत दर्ज की है। जिन्होंने अपने प्रतिद्वंदी श्री पांडे को मतदान में हराते हुए चौथी बार अध्यक्ष पद का चुनाव जीता है।ज्ञात हो कि इसके पूर्व 3 बार लोकेश बिसेन सर्व सहमति से निर्विरोध अध्यक्ष चुने गए हैं ,जबकि चौथी बार 2 प्रत्याशियों के बीच अध्यक्ष पद का चुनाव संपन्न कराया गया।जिसमें 108 सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग करते हुए नोकेश बिसेन को यूनियन का अध्यक्ष चुना है। उधर नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोकेश बिसेन ने मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के हक की लड़ाई को सदैव लड़ने की बात कही है।**



### अध्यक्ष के चुनाव के बाद नई कार्यकारिणी की हुई घोषणा

उधर अध्यक्ष पद के निर्वाचन के तुरंत बाद यूनियन की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसमें यूनियन के सभी पदाधिकारियो व सदस्यों का चुनाव पूर्व की भांति सर्व सहमति से किया गया था। जानकारी के मुताबिक इस नई कार्यकारिणी में नोकेश बिसेन अध्यक्ष, रूपेश बिसेन जिला सचिव, मनोज राय कोषाध्यक्ष, सुरेन्द्र राहंगडाले उपाध्यक्ष, ढ़लकराम भगत सह सचिव, प्रकाश ठाकरे, तोमेन्द्र हरिनखेड़े काउंसिल सब कमेटी मेंबर चुना गया है।जबकि कार्यकारिणी सदस्यो में धनराज चौधरी ,अजय बघेल, राकेश पटले, कोहिनूर पांडेले, भूपेंद्र पटले, महेंद्र डोंगरे, रूपेंद्र गिरी, शिव चंदेले, अंकित पटले, लोमेश पवार, युवराज कटरे, और मुक्तानंद पारधी को स्थान दिया गया है। इस कार्यक्रम का सफल संचालन किया विजय बिसेन ,भगवान सिंह नगपुरे, अनिल सिंह सहित अन्य ने किया।

### श्राद्धाजंली के साथ हुई कार्यक्रम की शुरुवात

नई कार्यकारिणी को लेकर आयोजित इस 25वें कार्यक्रम की शुरुआत श्रद्धांजलि कार्यक्रम के साथ के साथ की गई। जिसमें सर्वप्रथम देश में जितने भी जवान और सेलिब्रिटी अब इस दुनिया में नहीं रहे उनके लिए 2 मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। जिसके उपरांत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जहां सर्वप्रथम अध्यक्ष का उद्बोधन संपन्न हुआ, जिसके उपरांत वर्ष भर की आय व्यय का विवरण यूनियन के समक्ष पेश किया गया।जिसके तुरन्त बाद पुरानी कार्यकारिणी को भंग कर, नई कार्यकारिणी गठन के लिए चुनावी प्रक्रिया अपनाई गई ।हालांकि कार्यकारिणी के अन्य सदस्यों के चुनाव तो पूर्व की तरह सर्व सहमति से निर्विरोध संपन्न कराए गए, लेकिन अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर यहां पेच फस गया। जहां अध्यक्ष के लिए पूर्व अध्यक्ष नोकेश बिसेन और श्री पांडे ने अपनी अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। जिनके बीच पहले तो आपसी सहमति बनाए जाने की कोशिश की गई, लेकिन दोनो के बीच सहमति न बनने पर, मतदान प्रक्रिया अपनाई गई। जहां उपस्थित सदस्यों ने अपने मताधिकार का प्रयोग कर नोकेश बिसेन को पुनः चौथी बार अध्यक्ष चुन लिया।

### मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के हक की लड़ाई जारी रहेगी- नोकेश

मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन नवनिर्वाचित अध्यक्ष नोकेश बिसेन ने बताया कि 47 वोट से उन्होंने विजय प्राप्त की है ,जबकि श्री पांडे को 45 वोट मिले थे। उन्होंने बताया कि सभी ने उनके ऊपर एक बार फिर से विश्वास जताया है। वह मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के हक की लड़ाई को आगे भी लड़ते रहेंगे। उन्होंने बताया कि दवाओं में जीएसटी 0 प्रतिशत होनी चाहिए, जीवन रक्षक दवाएं जीएसटी से मुक्त होनी चाहिए, वही मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव के कार्यों का समय 8 घंटा करने सहित मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव से संबंधित अन्य मांगे भी है जिनका पूरा कराने के लिए प्रयास किया जाएगा।

# राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने दिखाया जलवा

## हरियाणा राज्य के पानीपत में आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए 2 खिलाड़ियों का हुआ चयन, प्रतियोगिता में भाग लेने खिलाड़ी रवाना

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** जिला कबड्डी संघ बालाघाट के महासचिव रमेश दीक्षित ने प्रेस को बताया कि राज्य स्तरीय सब-जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता होशंगाबाद (नर्मदापुरम) में दिनांक 18 से 20 नवंबर तक आयोजित की गई थी जिसमें जबलपुर जोन से बालाघाट के 8 खिलाड़ी ने भाग लेकर फाईनल में रीवा को 11 अंको से पराजित किया ।लीग एवं क्वॉटर फाईनल में टीम ने इंदौर, ग्वालियर, सागर को पराजित कर फाईनल में पहुंचे थे। जिसमें बालाघाट के तुलसी परते एवं रूद्र चौधरी का चयन म.प्र. टीम के लिए किया गया है ।जिन्होंने भोपाल रवाना होने के पूर्व जिला कबड्डी संघ की अध्यक्ष एंव विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे से मुलाकात की ।जहा अध्यक्ष श्रीमती मुंजारे द्वारा दोनो खिलाड़ियो का सर्किट हाउस में हार पहनाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया ।वही भेंट स्वरूप उन्हें जर्सिया प्रदान की गई ।अंत मे उन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छे खेल के प्रदर्शन हेतु शुभकामनाये एवं आशिर्वाद प्रदान किया ।बताया गया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 से 30 नवंबर तक हरियाणा राज्य के पानीपत में आयोजित की जा रही है इस अवसर पर रमेश दीक्षित, उमेश सपाटे, भीमराज ठाकरे, पूरनसिंह भाटिया,रामकिशोर राहंगडाले, कमलजीत छाबड़ा, डॉ. वेदप्रकाश लिल्हारे,कारू लिल्हारे ,उमेश जायसवाल, खेमलाल वरकड़े, सुरेश बाघरेचा, राकेश सिंगारे, राजेन्द्र शिवहरे, एवं अन्य लोगो ने खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की सफलता के लिये शुभकामनाए दी है।



# आर्यिका संघ का हुआ नगर आगमन

**पद्मेश न्यूज़ ।बालाघाट।** आचार्य श्री विद्यासागर जी महामुनिराज एवं नवाचार्य समय सागर जी महाराज की अज्ञानुवर्ती शिष्या आर्यिका 105 सिद्धांतमति माताजी ससंघ का नगर में आगमन हुआ है , पूज्य माताजी का संघ बरगी नगर में नवनिर्मित मंदिर का पंचकल्याणक महोत्सव संपन्न होने के बाद बालाघाट नगर आगमन 23 नवंबर रविवार को शाम को बड़े ही उत्साह पूर्वक वातावरण में बैंड बाजे , और जयकारे के साथ नगर आगवानी हुई इसमें बड़ी संख्या में समाज जन उपस्थित रहे ।उनके इस नगर आगमन पर 24 नवंबर सोमवार को आहरचर्या कराने का सौभाग्य श्रीमती शिमला अवधेश जैन ,श्रीमती निधि प्रशांत जैन ,श्रीमती अल्पना स्वदेश जैन को प्राप्त हुआ। सुबह 8 बजे महावीर भवन में माता जी द्वारा अपने मुखारविंद से समाज को संबोधित किया गया समाज के अध्यक्ष एवं कमेटी जनों ने शीतकालीन वाचना का माताजी से आग्रह किया ताकी समाज जनों को धर्म लाभ मिल सके । माता जी ने अपने उद्बोधन में बताया कि उनकी भावना डोंगरगढ़ आचार्य गुरुदेव की मोक्षस्थली दर्शन हेतु जाने की है ।धर्म सभा में संरक्षक गण, पंचायत पदाधिकारी एवं समाज की सभी महिलाएं एवं पुरुष वर्ग प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।



# एक्सपायरी डेट की दवाईयां लालबर्रा क्षेत्र में खप रही!!

## विधायक अनुभा मुंजारे के निरीक्षण में खुली स्वास्थ्य केंद्र की पोल

### एम्सपायरी डेट की दवाईयों का मिला स्टॉक, फार्मासिस्ट नदारद!!







**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।**

नगर मुख्यालय से 10 किमी दूर ग्राम पंचायत जाम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की व्यवस्थाएं पुरी तरह से चरमराई गई है। यह खुलासा तब हुआ जब बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा शनिवार को इस केन्द्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विधायक को स्वास्थ्य विभाग की भारी लापरवाही देखने को मिली है। जिसके बाद उन्होंने मौके पर ही संबंधित अमले को कड़ी फटकार लगाकर सख्त कार्यवाही करने एवं तत्काल व्यवस्था सुधारने के निर्देश दिये। वहीं विधायक के निरीक्षण के दौरान डॉक्टर एवं फार्मासिस्ट अस्पताल में उपस्थित नही थे वे गायब थे, नर्सोंके भरोसे प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चल रहा था। जिससे मरीजों को उचित उपचार और परामर्श नही मिल पा रहा था। इस तरह से स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। जिसकी पोल विधायक श्रीमती मुंजारे के निरीक्षण से खुली है।

**एक्सपायरी दवाओं का स्टाक देख भडकी विधायक**

आपकों बता दे कि बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के द्वारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए शनिवार को जाम स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंची और निरीक्षण किया। इस निरीक्षण में उन्होने पाया कि कोई डॉक्टर पदस्थ नही है और ना ही फार्मासिस्ट है। जिसके बाद दवाईयों का अवलोकन किया गया तो फोलिक एसिड सहित कुछ दवाईयों की तारीख निकल गई थी अर्थात वह एक्सपायरी डेट की थी एवं नर्स के भरोसे अस्पताल चल रहा था। जिसको लेकर विधायक ने नाराजगी जताई और मामले को काफी गंभीर बताते हुए स्वास्थ्य विभाग की सिस्टम के लापरवाही के कारण यह स्थिति बने की बात कही। वहीं स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को समय-समय पर स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण कर क्षेत्रीयजनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रही है या नही, चिकित्सक समय पर उपस्थित रहते है या नही इसकी जानकारी लेकर व्यवस्था में सुधार करना चाहिए। साथ ही यह भी कहा कि मेडीकल दुकानों में एक्सपायरी डेट की दवाईयों उपलब्ध होता है लेकिन यहां तो शासकीय अस्पताल में ही एक्सपायरी डेट की दवाई रखी गई है। इसका उपयोग मरीजों को हो जाये तो उनके साथ अप्रिय घटना घटित हो सकती है। जिसके लिये स्वास्थ्य प्रबंधन पूरी तरह से जिम्मेवार है। मरीजों की स्वास्थ्य के साथ इस तरह से खिलवाड़ बर्दास्त नहीं किया जायेगा। इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार प्रबंधन के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि लोगों के स्वास्थ्य की चिंता करना हम सभी का दायित्व है और स्वास्थ्य अमला का इसमें अहम योगदान होना चाहिए। अगर स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सक एवं कर्मचारी कार्य के प्रति किसी तरह की लापरवाही करते है तो बर्दास्त नही की जायेगी।

**ये दवाईयां हो चुकी थी एक्सपायरी डेट की**

जब विधायक के द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र जाम में रखी दवाइयों के स्टॉक की जाँच की तो उन्हें कई जीवन रक्षक और सामान्य दवाइयां एक्सपायरी डेट की मिलीं। जिसमें फोलिक एसिड टैबलेट, रेबीज वैक्सीन 6/25 एक्सपायर, एटोफिलाइन सिरप 11/25 एक्सपायर, हेल्थ बायोटेक 11/25 एक्सपायर सहित अन्य दवाईयां व सिर्फ भी हो चुकी है एक्सपायर। यानि जिनकी उपयोग की तारीख निकल चुकी थी। अगर एक्सपायरी डेट की दवाईयों को अस्पताल में उपचार करने आने वाले लोगों को वितरण कर देते और वे लोग उसका सेवन करते तो उनका स्वास्थ्य खराब होने के साथ ही कोई भी अप्रिय स्थिति बन सकती है। वहीं विधायक ने इस पूरे मामले को गंभीरता से लेते हुए स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही करने की मांग की है। साथ ही यह भी कहा कि लोगों के सेहत की चिंता करना हमारा दायित्व है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी।

दूरभाष पर चर्चा में खण्ड चिकित्सा अधिकारी सुश्री रितु धुर्वे ने बताया कि जाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जो दवाईयों को एक्सपायरी डेट की बताई जा रही है उक्त दवाई की वैद्यता 31 नवंबर तक की है तथा जाम प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में किसी भी चिकित्सक की पदस्थापना नही है और फार्मासिस्ट का स्थानांतरण हो चुका है। साथ ही यह भी बताया कि वैकल्पिक व्यवस्था के तहत एक फार्मासिस्ट को दो दिन शुक्रवार और शनिवार को सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया गया है जो सेवा देने गया था, लेकिन जाम में शनिवार को स्वास्थ्य शिविर होने के वह फार्मासिस्ट शिविर में अपनी सेवाएं दे रहा था।

## महाविद्यालय में गुरू तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय स्थित शासकीय महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में 24 नवंबर को गुरू तेग बहादुर जी के 350 वें शहीदी वर्ष कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य सुमन बरवा की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। महाविद्यालय के प्राचार्य सुमन बरवा ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गुरू तेग बहादुर की वैश्विकपटल पर उनकी महानता व मानवीय मूल्यों, आदर्शो, और गुरूवाणी के बारे में जानकारी प्रदान की। वहीं कार्यक्रम के संयोजक राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीपकुमार भिमटे ने विद्यार्थियों को गुरू तेग बहादुर के जीवन दर्शन और मानवतावादी दृष्टिकोण से अवगत करवाया। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. कामाक्षा बिसेन एवं आभार प्रदर्शन स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ प्रभारी नरेश सौलखे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. सुरेन्द्रकुमार खण्डायत, डॉ. निर्मल कीर्ति गेडाम, डॉ. देवराज चौरे, डॉ. आशीष बागडे, प्रशिक हुमनेकर सहित अन्य प्राध्यापक एवं विद्यार्थियों का सराहनीय योगदान रहा।

## धूमधाम से मनाया गया युगावतार भगवान श्री सत्य सांई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव

### अस्पताल में मरीजों को किया गया फल का वितरण, धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ आयोजन





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत मानपुर के अस्पताल कालोनी के शिव मंदिर प्रांगण में श्री सत्य सांई सेवा समिति के द्वारा गत 16 नवंबर से जारी युगावतार भगवान श्री सत्य सांई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव सप्ताह का समापन 23 नवंबर को विविध धार्मिक कार्यक्रमों के साथ समारोहपूर्वक किया गया। इस 8 दिवसीय कार्यक्रम में प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक ओमकारम्, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन एवं शाम 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक भजन, सांई कथा, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी बाल विकास ब'चों के कार्यक्रम, सांई संदेश, महामंगल आरती की गई एवं 23 नवंबर को सुबह ओमकारम्, सुप्रभातम् व नगर संकीर्तन कार्यक्रम संपन्न हुआ। जिसके बाद दोपहर 12 बजे संगठन का ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात भजन गाते हुए समिति के सदस्यगण सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा पहुंचे जहां अस्पताल का भ्रमण के साथ ही मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना और अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल का वितरण किया गया। जिसके बाद रात 8 बजे से सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के खेल मैदान में बाल विकास के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें बाल विकास के ब'चों ने एक से बढ़कर धार्मिक व आध्यात्मिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी। जिसके बाद श्री सत्य सांई बाबा का केक काटकर 100 वां जन्मदिवस धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया गया। तत्पश्चात महामंगल आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस जन्मोत्सव के दौरान जमकर आतिशबाजियां भी की गई और उपस्थितजनों से कहा गया कि मानव सेवा ही माधव सेवा है इसलिए मानव जीवन में आये है तो सबका सेवा करें और अच्छा कर्म करें। चर्चा में श्री सत्य सांई सेवा समिति के पदाधिकारी गणेश देशमुख ने बताया कि भगवान श्री सत्य सांई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव सप्ताह गत 16 नवंबर से 23 नवंबर तक मनाया गया। जिसमें प्रतिदिन सुबह 5.30 बजे से 6.30 बजे तक ओमकारम्, सुप्रभातम्, नगर संकीर्तन, शाम 6.30 बजे से रात 8.30 बजे तक भजन, सांई कथा, आध्यात्मिक प्रश्नोत्तरी बाल विकास के बच्चों के कार्यक्रम, सांई संदेश, महामंगल आरती की जाती है एवं 23 नवंबर को दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए। जिसमें सुबह ओमकारम्, नगर संकीर्तन और अस्पताल में मरीजों को फल का वितरण किया गया एवं रात में बाल विकास के बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न होने के बाद केक काटकर श्री सत्य सांई बाबा का 100 वां जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया तत्पश्चात महामंगल आरती के बाद महाप्रसादी का वितरण किया गया। साथ ही यह भी बताया कि बाबा ने सभी को यही संदेश दिया है कि मानव सेवा ही माधव सेवा है इसलिए सभी को अपने जीवन में अच्छे कर्म करते हुए भगवान की पूजा अर्चना करते रहना चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल, पांढरवानी सरपंच अनीस खान सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं श्री सत्य सांई सेवा समिति लालबर्रा के पदाधिकारी, सदस्य एवं श्रध्दालुजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# खोंगाटोला में 21 हजार ईनामी क्रिकेट प्रतियोगिता जारी

## जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने रानी अवंतीबाई की मूर्ति एवं शोकसभा में टीनशेड देने की घोषणा की





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. दूर ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोंगाटोला में के-25 क्रिकेट खेल मैदान में के -25 के तत्वाधान में गत दिवस से 21 हजार रूपये ईनामी टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है। सोमवार को धपेरा एवं बंटी इलेवन खोंगाटोला के मध्य मैच खेला गया। यह मैच जीएसटी कमिश्नर (जबलपुर) लोकेश लिल्हारे के मुख्य आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम अतिथि के द्वारा दो टीम के खिलाड़ियों से हाथ मिलकर परिचय प्राप्त किया गया तत्पश्चात मैच प्रारंभ हुआ। वहीं आयोजित मैच में धपेरा टीम के खिलाड़ियों ने अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बंटी इलेवन खोंगाटोला की टीम को पराजित कर अगले मैच में प्रवेश किया गया। वहीं कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे ने संबोधित करते हुए आयोजन समिति की सराहना की और खिलाड़ियों को खेल की भावना से खेलने की बात कही। साथ ही हारी हुई टीम के खिलाड़ियों से कहा कि खेल में एक टीम को हार का सामना करना पड़ता है लेकिन निराश होने की आवश्यकता नही है, कहा गलती हुई है उसमें सुधार कर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीतने का प्रयास करने की बात कही। श्री लिल्हारे ने ग्राम खोंगाटोला में रानी अवंतीबाई की मूर्ति देने एवं मोक्षधाम के शोकसभा में टीनशेड लगाने की घोषणा की है। चर्चा में आयोजन समिति के पदाधिकारी मोहित दमाहे ने बताया कि खोगाटोला (मोहगांव ध.) में गत दिवस से टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता जारी है और रोजाना मैच खेले जा रहे है। सोमवार को धपेरा एवं बंटी इलेवन खोंगाटोला के मध्य मैच खेला गया जिसमें धपेरा की टीम विजयी रही। साथ ही आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 21000 रूपये, द्वितीय पुरस्कार 11000 रूपये एवं प्रवेश शुल्क 1100 रूपये रखा गया है। श्री दमाहे ने बताया कि जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे के द्वारा दो बड़ी घोषणा की गई है। जिसमें उन्होने रानी अवंतीबाई की मूर्ति देने एवं खोंगाटोला के मोक्षधाम के शोकसभा में टीनशेड देने की घोषणा की है। हमारे ग्राम में अतिथि तो बहुत आये है लेकिन वहां की स्थिति देखकर यह सारी घोषणा करना और इतना बड़ा सहयोग देना, मैं इसके लिए श्री लिल्हारे जी का आभार व्यक्त करता हूं। साथ ही उन्होने कहा है कि टूर्नामेंट सर्वदा शुरू रखें, पूरा सहयोग किया जायेगा। इस अवसर पर जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे के साथ कनकी सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार, भाजपा महामंत्री देवेन्द्र नगपुरे, प्रकाश नगपुरे, हरिचंद लिल्हारे सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर जिलेभर के क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने खेल का उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपील आयोजन समिति के संयोजक मोहित दमाहे, मंजू बसेने, अध्यक्ष देवेन्द्र बसेने, सोनू नगपुरे, नितेश नगपुरे, भावेश बघेले, सचिव दिनेश राउत, गुरूवेश बनकर, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र लिल्हारे, संजय नगपुरे, सहसचिव विजेन्द्र नगपुरे, गुल्लू नगपुरे, बुगलेश्वर दमाहे, कप्तान पीतम नगपुरे, उपकप्तान बंटी नगपुरे, टीम प्रभारी खेमचंद्र बसेने, लालाराम नगपुरे, मीडिया प्रभारी जयसिंह नगपुरे, सिध्दार्थ बसेने, मीडिया संरक्षक पूनम राउत, वरिष्ठ संरक्षक सदस्य तिलकराम नगपुरे, बलराम नगपुरे, घनश्याम बैरया, मंजन बसेने, संग्राम बघेले, डॉ धनाराम बसेने, ओमकार दशरिये, चैतराम बसेने, बुधराम बसेने, भागरती नगपुरे, डालचंद बसेने, गणेश लिल्हारे, उत्तम नगपुरे, गयाप्रसाद बसेने, ज्ञानीराम बसेने, परदेशी नगपुरे, सोमालाल बघेले, दिनेश बघेले, बेनीराम बसेने, नोकचंद बसेने, मंशाराम दशरिये, रतिराम नगपुरे, मस्तराम बसेने, नानकराम नगपुरे, गज्जू बसेने सहित अन्य पदाधिकारी एवं ग्रामीणजनों ने की है।

## मोहगांव ध. में महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम 28 को

**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय से लगभग 10 किमी. ग्राम पंचायत मोहगांव ध. के बाजार चौक महात्मा फूले मंच में माली फूलमाली समाज सेवा संगठन के तत्वाधान में आगामी 28 नवंबर को प्रात: 9 बजे से महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। माली फूलमाली समाज सेवा संगठन मोहगांव ध. के कार्यक्रम संयोजक चतुर्भुज बनकर ने बताया कि 28 नवंबर को महात्मा फूले मंच, बाजार चौक मोहगांव ध. में महात्मा ज्योतिबा फूले की पुण्यतिथि समारोह एवं सामाजिक सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें प्रात: 9 बजे महात्मा ज्योतिबा फूले एवं सावित्रीबाई फूले जी की वंदना/माल्यार्पण, प्रात: 11 बजे से फूले जी के जीवन पर आधरित काव्य, गीत प्रस्तुती, शाम 4 बजे से अतिथियों, सामाजिक बंधुओं एवं प्रतिष्ठित नागरिकों का उद्बोधन, शाम 6 बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होगा। उक्त कार्यक्रम बालाघाट विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे के मुख्य आतिथ्य, माली फूलमाली समाज सेवा संगठन जिलाध्यक्ष एलसी लांजेवार की अध्यक्षता एवं जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राटसिंह सरस्वार, जनपद सदस्य धनेन्द्र नगपुरे, सरपंच श्रीमती हिरकन पवन नगपुरे, उपसरपंच रूपलाल नगपुरे, माली फूलमाली समाज लालबर्रा अध्यक्ष दादूजी नंदरधने, जिला उपाध्यक्ष नामदेव राउत, श्रीमती आशाबाई देशकर, श्रीमती सुनीता नेरकर के विशेष आतिथ्य में प्रारंभ होगा। इस अवसर पर ग्रामीणजन एवं स्वजातीय बंधुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील माली फूलमाली समाज सेवा संगठन अध्यक्ष दीक्षय नेरकर, उपाध्यक्ष अमित डोंगरवार, सचिव नितेश बनकर, सहसचिव जागेश बनकर, कोषाध्यक्ष धरम देशकर, समिति सदस्य अंकित भेदे, किशन लांजेवार, महिला समिति अध्यक्ष श्रीमती रानू बागड़े, उपाध्यक्ष श्रीमती पूर्वन्ता बनकर, सचिव श्रीमती महेश्वरी बनकर, सहसचिव श्रीमती अश्विनी (आशु) डोंगरवार, कोषाध्यक्ष श्रीमती सुनीता बनकर, समिति सदस्य 'योति राउत, श्रीमती इंदु देशकर एवं संयोजक चतुर्भुज बनकर ने की है।

# खैरलांजी और घोटी में पुलिस की दबिश से हड़कंप

## आधार अपडेशन मामले में पुलिस ने की कार्यवाही, लोक सेवा केंद्र खैरलांजी उप लोक सेवा केंद्र घोटी में की जांच

**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।**

टेक्नोलॉजी ने लोगों के कार्यों को सरल किया है तो वहीं इसका दुरुपयोग भी लोगों के द्वारा किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला जिले में गत दिवस सामने आया था जिसमें कुटरचित रूप से आधार अपडेशन कर धांधली की जा रही थी। जिसमें पुलिस ने कार्यवाही कर आरोपी को पकड़कर उनके पास से विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक गैजेट जप्त किए थे। इसी कड़ी में 24 नवंबर को पुलिस के द्वारा आरोपी के साथ खैरलांजी के लोक सेवा केंद्र एवं घोटी के उप लोक सेवा केंद्र में दबिश देकर जांच की गई। इस दौरान मौके पर हड़कंप मच गया जहां लोगों की भीड़ कार्यवाही को देखने के लिए लगी रही। हालांकि पुलिस के द्वारा मौके पर लोक सेवा केंद्र से सभी को बाहर निकाल कर पूरे लोक सेवा केंद्र की जांच की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपी मोहसिन फर्जी बायोमेट्रिक क्लोन तैयार कर आधार अपडेशन का कार्य संभल रहा था। जिसकी नियम विरुद्ध फर्जी तरीके से धन लाभ कमाने की मिली शिकायत पर पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया था। जिस पर बीएनएस की धारा 336 (3), 341 (2) और 342 (1) के तहत अपराध पंजीकृत कर आरोपी से पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर आगे की जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने आरोपी के




कब्जे से एक लैपटाप, डमी फिंगर प्रिंट, डमी आंखों की आईरिस प्रिंट, डमी आईरिस व फिंगर प्रिंट बनाने की सामग्री जब्त की थी। इसी के तहत जांच टीम आरोपी के साथ सोमवार की दोपहर करीब 2 बजे खैरलांजी के लोक सेवा केंद्र पहुंची। जहां पुलिस को देखकर लोगों में हड़कंप मच गया जिसमें पुलिस के द्वारा पूरे लोक सेवा केंद्र को खाली कराया गया और आरोपी के साथ अंदर जाकर पूरे लोक सेवा केंद्र की तलाशी लेकर विभिन्न कार्यवाही की गई। यह लोक सेवा केंद्र खैरलांजी का टेंडर आरोपी मोहसिन खान के भाई को है। जहां मोहसिन के द्वारा आधार का कार्य करवाया गया था लोक सेवा केंद्र से कार्य में प्रयुक्त विभिन्न सामग्री जप्त की गयी। वहीं इसके बाद आरोपी को लेकर पुलिस खैरलाँजी के ग्राम घोटी पहुंची जहां पंचायत के पास स्थित उप लोक सेवा केंद्र की जांच की गयी। वहीं बताया जा रहा है कि इस केंद्र की आईडी हट्टा में संचालित हो रही है जहां आवश्यक कार्यवाही करने के उपरांत जांच टीम बालाघाट के लिए रवाना हो गई। इस दौरान लोगों में काफ ी संशय की स्थिति बनी रही और जानने की इच्छा बनी रही कि यह क्या हो रहा है। परंतु पुलिस के द्वारा अपनी कार्यवाही कर विभिन्न सामग्री को जप्त कर रवाना हो गई। इस अवसर पर पुलिस अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### मोहसिन के भाई के नाम से लोकसेवा केन्द्र है यहां भी काम हुआ है-संजय

भरवेली थाना प्रभारी संजय ऋषिश्वर ने बताया कि खैरलांजी की लोक सेवा केंद्र में हम कार्यवाही करने के लिए आए हुए थे। क्योंकि यहां पर भी मोहसिन का सेंटर चलता है यह उसके भाई के नाम से है। यहां से भी आधार का काम हुआ है उसी की जांच करने के लिए हम यहां पर आए हुए हैं। इस दौरान अंदर जांच कर सामग्री जप्त की गई है मामले की अभी विवेचना चल रही है लगातार कार्यवाही की जा रही है

# टीन शेड से गिरने पर जीजा और साला घायल

### सगाई समारोह के लिए टीन शेड का कर रहे थे सुधार कार्य

**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।** वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत रमरमा निवासी स्व. दीपक नेवारे के मकान में २४ नवंबर की दोपहर करीब २.३० बजे सुधार कार्य करने के दौरान टीन शेड से गिरने पर जीजा और साले गंभीर रूप से घायल हो गए। इसमें बताया जा रहा है कि राकेश नेवारे और गजेंद्र कारसरपे सगाई कार्यक्रम के लिए घर का तीन शेड सुधार रहे थे। तभी पैर स्लिप होने से दोनों नीचे जमीन पर गिर गए इन दोनों का उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राकेश पिता स्व.दीपक नेवारे उम्र ३० वर्ष रमरमा निवासी के घर में



उसकी बहन का २४ नवंबर को सगाई कार्यक्रम आयोजित था। जहां घर परिवार में सभी रिश्तेदार आए हुए थे तो वहीं युवक का जीजा गजेंद्र पिता जागेश्वर कारसरपे ३० वर्ष गर्रा निवासी भी आया हुआ था। इस दौरान सगाई की बारात भंडारबोडी से आई हुई थी। ऐसे में सगाई कार्यक्रम के लिए घर में लगा हुआ तीन शेड रिश्तेदारों के साथ सुधारने का कार्य किया जा रहा था। जिसमें राकेश नेवारे अपने जीजा गजेंद्र कारसरपे के साथ टीन शेड के ऊपर चढ़ा हुआ था। जहां उनके द्वारा सुधार कार्य किया जा रहा था इसी दौरान दोनों का अचानक बैलेंस बिगड़ने और पैर फिसलने के कारण शेड के ऊपर से नीचे जमीन पर गिर गए। जिसमें वह मौके पर गंभीर रूप से घायल हो गए थे जिन्हें परिजनों के द्वारा उठाकर तत्काल स्वयं के वाहन से सिविल अस्पताल वारासिवनी लाकर भर्ती किया गया। इस दुर्घटना में दोनों को कंधे सहित गर्दन में चोट आई है जिनका उपचार जारी है।

# मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर भाजपा कार्यालय में बैठक आयोजित

**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।** मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य को लेकर भाजपा







कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। जिसमें विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रदीप जायसवाल ने बीएलओ वन और बीएलओ टू की बैठक लेकर कार्यो की लंबे समय तक समीक्षा की। इस दौरान विधानसभा क्षेत्र प्रभारी प्रदीप जायसवाल, विधानसभा प्रभारी बीएलओ वन प्रबल जायसवाल, नगर मंडल प्रभारी सुनील पिपरेवार,आलोक खरे ने नगर के २३ बूथों के बीएलओ २ एवं बूथ अध्यक्ष,नगर के पार्षदगणो के द्वारा अब तक किये गए मतदाता सूची के कार्यो का लेखा जोखा लिया। साथ ही समीक्षा कर अगले १० दिनों में छुटे हुये प्रत्येक मतदाता की गहन छानबीन कर बीएलओ के साथ कार्य पूर्ण करने की सक्त हिदायत देते हुये आ रही किसी भी कठिनाइयों का त्वरित समाधान किया। इसी तरह भाजपा संगठन में प्रत्येक जिम्मेदार सदस्यों को कार्य पूर्ण करने के लिए संगठन के अनुशासन एवं दायित्वों का निर्वहन का स्मरण कराते हुए कार्य को गम्भीरता से लेने की हिदायत भी दी। बैठक मे राजू गोयल, प्रवीण रूसिया, संजय गुप्ता, विक्की ऐडे, मनोज दांदरे, मोनू लिमजे, मदन धार्मिक, धर्मू जोशी, प्रवीण डोंगरे, मंयक मिश्रा, विनोद मिश्रा, पवन धूर्वे, हरिओम दूबे उपस्थित रहे।

# मोबाईल और तकनीक का उपयोग भविष्य निर्माण के लिए करें -लोकेश

### खैरलाँजी मे संपन्न हुआ छटवां प्रतिभा सम्मान समारोह






**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।** छात्रों के मार्गदर्शन और छात्रों के सर्वागींण विकास के लिए विगत छ: वर्षो से अखिल भारतीय लोधी अधिकारी कर्मचारी संघ के द्वारा कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। जिसमें छात्रों का मनोबल बढ़ाने प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन अलग अलग तहसील मुख्यालय में किया जा रहा है ।जिसके अंतर्गत खैरलाँजी मुख्यालय में भी छटवां जिला स्तरीय प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में जीएसटी कमिश्नर जबलपुर लोकेश लिल्हारे शामिल रहे ।जँहा ८० प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित करने वाले होनहार छात्रों और शासकीय सेवा में चयनित युवाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने शिक्षा के माध्यम से सरकारी नौकरी के साथ हर क्षेत्र में समाज को कैसे अग्रसर करें इस पर जोर दिए।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती और लोधेश्वर भगवान की पूजा अर्चना और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ किया गया। जँहा कक्षा दसवीं और हायर सेकेण्डरी के प्रतिभावान छात्रों को मैडल शील्ड और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वंहीं समाज के शासकीय नौकरी में चयनित जिले के युवक युवतियों का भी सम्मान किया गया और विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठ कार्य करने वाले लोगो का भी सम्मान किया गया। इस अवसर पर जीएटी कमीशनर लोकेश लिल्हारे ने कहा की मानव जीवन में किस परिस्थिति में जन्मे ये मायने नहीं है। लेकिन अपने आप को सकारात्मक रूप से कितने बदल पाए ये मायने रखता है ,जिसके लिए आज के आधुनिक युग में शिक्षा और तकनीक शिक्षा का ज्ञान जरुरी है। आधुनिकता के साथ बढ़ना जरुरी है लेकिन आज चुनौती यह है की मोबइल के वाट्सअप,फेसबुक, इंस्ट्राग्राम की चकाचौंध को परे कर अपने भविष्य का निर्माण करें। छात्र जीवन में तकनीक का ज्ञान जरुरी है। लेकिन इसका उपयोग आपके जीवन में उपयोगी साबित होना चाहिए। श्री लिल्हारे विगत कई वर्षो से अलोक संघ और समाज के साझा प्रयास से नि:शुल्क प्रतियोगिता परीक्षा कोचिंग, नि:शुल्क नवोदय कोचिंग, नि:शुल्क लाइब्रेरी, रोजगार मेला,शिक्षा खेल कूद जैसे कई आयोजन करके देश के लगभग १२ राज्यों में जबरदस्त सकारात्मक बदलाव के उदाहरण भी दिए। श्री लिल्हारे ने कहा की शिक्षा भेदभाव नहीं करती इसका जितना भविष्य और देश के बेहतर निर्माण में कर सकते हो अपनी क्षमता के अनुरूप करने की अपील की कई कहानियो और उदाहरणों के माध्यम से भी कमिश्नर लिल्हारे ने छात्रों को कामयाब होने और बदलाव लाने की प्रेरणा दिए। इस अवसर पर कई वक्ताओं ने भी ज्ञान और शिक्षा के माध्यम से हर क्षेत्र में सकारात्मक बदलाव कर अपना परिवार समाज और देश में नाम रोशन करने पर जोर दिए। जँहा कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष अनंतलाल दमाहे, प्रदेश अध्यक्ष एस के गिरिया, छ ग रा महासचिव जातन दमाहे, प्रदेश अध्यक्ष एम एच ज्ञानेश्वर दमाहे, छिंदवाड़ा से जयपाल जघेंला प्रदेश अध्यक्ष नवोदय जाग्रति अभियान, सुनिता बहेटवार,अजाब शास्त्री, दुर्गा प्रसाद लिल्हारे,भरत शिवहरे,विनोद वर्मा जिलाध्यक्ष अलोक छिंदवाड़ा,पूर्व जनपद अध्यक्ष राकेश बनोटे,चिंतामन नगपुरे, दुर्गा सौलखे, सी डी नगपुरे, बी एल लिल्हारे,जिला आलोक संघ जिला महासचिव रतन बिरनवार, जिला उपाध्यक्ष आई डी रनगिरे,जिला संगठन सचिव धनलाल पगरवार सहित अखिल भारतीय लोधी लोधा अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# श्री सत्य सांई जन्मशताब्दी महोत्सव का हुआ समापन

### साप्ताहिक जन्मोत्सव पर हुये विभिन्न धार्मिक आयोजन





**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।** नगर के वार्ड नं.४ एमपीईबी कालोनी स्थित सांई मंदिर में पुटपर्थी श्री सत्य सांई बाबा का १०० वां साप्ताहिक जन्मशताब्दी महोत्सव का २३ नवंबर की देर शाम शांतिपूर्ण तौर पर समापन किया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम समापन अवसर पर किये गये। यह सात दिवसीय श्री सत्य सांई बाबा का जन्मोत्सव श्री सत्य सांई सेवा समिति वारासिवनी के तत्वाधान में १७ नवंबर से प्रारंभ किया गया था। इसमें सांई मंदिर में प्रतिवर्ष श्री सत्य सांई बाबा के भक्त एक सप्ताह तक अनेक धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रात: काल से ही करते है। वहीं समापन अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन देर रात्री तक होता है, साथ ही महाप्रसादी का आयोजन भी रखा जाता है जो इस वर्ष भी आहूत किया गया। जिसमें १७ नवंबर से २२ नवंबर तक प्रतिदिन सुबह ५.३० बजे से ६.३० तक ओमकाराम, सुप्रभातम, ज्योति ध्यान, नगर संगकीर्तन एवं आरती कर शाम ६ बजे से वेदपाठ, सांई गायत्री मंत्र, भजन सांई साहित्य का पाठ, मंगल आरती कार्यक्रम आयोजित करते रहे। श्री सत्य सांई बाबा का यह जन्मोत्सव सेवा के रूप में मनाया जा रहा है। इस साप्ताहिक जन्मोत्सव में १९ नवंबर को महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमे महिलाओं सुबह से विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। जिसमें भगवान सत्य सांई बाबा भजन एवं मंगल आरती की गई। इस दौरान महिला दिवस के कार्यक्रम में महिलाओं के द्वारा बढ़.चढ़कर भाग लिया गया। इस साप्ताहिक जन्मोत्सव कार्यक्रम का समापन २३ नवंबर की प्रात: मंदिर में ओमकारम सुप्रभातम ज्योतिध्यान नगर संगकिर्तन आरती एवं दोपहर में नारायण सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। तत्पश्चात संध्या ६ बजे से वेदपाठ, भजन, बाल विकास के बच्चों का कार्यक्रम एवं समिति के संयोजक का उद्बोधन के बाद बाबा के चमत्कार उनके जन्म की कथा एवं संगठन के बारे में जानकारी दी गई कि संगठन किस प्रकार से काम करता है। वहीं अंत में महामंगल आरती कर महाप्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बालकों के द्वारा विशेष वेशभूषा धारण कर मनमोहन सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। वहीं केक काटकर जन्मोत्सव श्री सत्य सांई बाबा का मनाया गया जो कार्यक्रम में विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। जहाँ आकर्षक आतिशबाजी भी की गई जिसमें बाबा के भक्तों एवं गणमान्य नागरिक ने अपनी उपस्थिति बड़ी संख्या में दर्ज करवाकर धर्म लाभ अर्जित किया। समिति सदस्यों ने बताया की सांई सप्ताह का २३ नवंबर को समापन किया गया। सत्य सांई बाबा का यह १०० वां जन्मोत्सव है जिसे भक्तों ने काफ ी हर्षोल्लास के साथ बाबा के मंदिर में मनाया है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। समापन दिवस के अवसर पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के साथ ही बाल विकास के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुती दी है। इस कार्यक्रम में नगर के समस्त वार्डों के अलावा क्षेत्र के सांई भक्तों ने शिरकत कर इस कार्यक्रम में अपनी आस्था प्रकट करते हुये पूजा अर्चना की है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्री सत्य सांई सेवा समिति वारासिवनी के पदाधिकारी सदस्य सहित गणमान्य नागरिक और भक्तगणों ने बड़ी संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम में भाग लिया।

# २४ तीर्थंकर भगवान की निकली विशाल शोभायात्रा

### समवशरण विधान के समापन पर विभिन्न कार्यक्रम हुए आयोजित

**पद्मेश न्यूज । वारासिवनी ।** नगर में दिगंबर जैन पंचायत कमेटी के तत्वाधान में २४ नवंबर को श्रीजी की शोभायात्रा के साथ २४ तीर्थंकर भगवान की विशाल फ्लेक्स तस्वीरों के रूप में लग रहे। इसके बाद जैन धर्म के २४ तीर्थंकर भगवान पालकी में सवार होकर स्वजातीय लोगो के कंधे पर विराजित रहे। वहीं गजराज एवं अश्वो




की सवारी और बग्गीयों की कतार पूरी शोभायात्रा में आकर्षण का केंद्र रही। वहीं समाज के लोगों के द्वारा घरों के सामने शोभायात्रा पहुंचने पर आरती उतार कर भगवान का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया जाता रहा। इस शोभायात्रा में शामिल युवतियों के द्वारा विभिन्न स्थानों पर डीजे और बैंड की धुन पर सामूहिक नृत्य भी किया जाता रहा। अध्यक्ष मुकेश मॉडल ने बताया कि १७ से २४ नवंबर तक सात दिवसीय समवशरण विधान रखा गया था उसका आज समापन किया गया है। इसमें सुबह पूजा पाठ और हवन कर श्री जी की शोभायात्रा निकाली गई है पहली बार २४ तीर्थंकर भगवान एक साथ निकले हैं। जिनका लोगों के द्वारा आशीर्वाद लेकर पूजा भी की जा रही है यह शोभा यात्रा मंदिर में समापन होगी। जहां पर अभिषेक कर प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इस शोभायात्रा में लोगों के कंधे पर पालकी में जैन धर्म के २४ भगवान विराजित है जिनको लेकर पूरे नगर का भ्रमण कर रहे हैं।

शोभायात्रा का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा समवशरण विधान के समापन अवसर पर दिगंबर जैन मंदिर से निकाली गई। नगर के भाजी मंडी में समवशरण विधान १७ से २४ नवंबर तक आयोजित किया गया था। जिसमें विभिन्न प्रकार के धार्मिक आयोजन जैन समाज के द्वारा किए जाते रहे। यह आयोजन आर्यका १०५ भावनामाती माता जी ससंघ के सानिध्य में कटंगी से पधारे ब्राम्हचारी भैया संजीव अरुण भैया संघ की उपस्थिति में धार्मिक मान्यता अनुरूप हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इसमें २४ नवंबर को समापन के अवसर पर प्रात: से पूजा पाठ हवन प्रवचन के उपरांत विशाल शोभायात्रा मंदिर से निकाली गई। जो नगर के गोलीबारी चौक, आंबेडकर चौक ,नेहरू चौक एवं जय स्तंभ चौक होते हुए वापस विभिन्न चौक चौराहा और गलियों का भ्रमण कर मंदिर पहुंची। जहां पर यह शोभायात्रा का समापन किया गया तत्पश्चात अभिषेक कर प्रतिमाओं को विराजित किया गया। इस शोभायात्रा में सामने बैलगाड़ी में विद्यासागर जी महाराज के बड़े.बड़े

## बालाघाट एक्सप्रेस

### संपादकीय

**सत्य एक व्रत की तरह है**

सत्यमेव व्रतं यस्य दया दीनेषु सर्वदा।
कामक्रोधौ वशे यस्य स साधुः - कथ्यते बुधैः।।




अमेरिका की अनुपस्थिति के बावजूद जी-20 सम्मेलन के दौरान और इससे इतर भी भारत समेत सदस्य देशों ने जैसी एकजुटता दिखाई, उससे संकेत मिला है कि वैश्विक नेतृत्व अब एकध्रुवीय नहीं रहा। लेकिन दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को भरोसे में लिए बगैर फैसलों को लागू करना आसान नहीं होगा।

# संकेत, संदेश और जी-20

ऐसे वक्त में, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दक्षिण अफ्रीका में आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन में शामिल न होने के निर्णय के बाद इसके भविष्य को लेकर तमाम तरह की अटकलें लगाई जा रही थीं, तब सम्मेलन की शुरुआत में ही सदस्य देशों ने संयुक्त घोषणापत्र को सर्वसम्मति से जारी कर एक सशक्त संदेश दिया है। सम्मेलन के दौरान और इससे इतर भी भारत समेत सदस्य देशों ने जैसी एकजुटता दिखाई, उससे यह संकेत भी मिला कि वैश्विक नेतृत्व अब एकध्रुवीय नहीं रहा है। इस दौरान, इब्सा (भारत, ब्राजील और दक्षिण अफ्रीका) नेताओं की बैठक के दौरान प्रधानमंत्री मोदी, दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा और ब्राजीली राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा के बीच संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार और रक्षा सहयोग पर महत्वपूर्ण वार्ता हुई। शिखर सम्मेलन से इतर भारत, ऑस्ट्रेलिया और कनाडा के बीच उभरती हुई तकनीकों में सहयोग को लेकर बेहद महत्वपूर्ण समझौता हुआ,

जो आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधीकरण और स्वच्छ ऊर्जा व एआई को व्यापक रूप से अपनाने में मदद करेगा। यह पहली ही बार है, जब अफ्रीका महाद्वीप में यह सम्मेलन हो रहा है, तो इसका श्रेय भारत को ही जाता है, क्योंकि 2023 में भारत की अध्यक्षता वाले जी-20 सम्मेलन में ही अफ्रीकी संघ इस संगठन का सदस्य बना था, जिसे विकासशील देशों के सशक्तीकरण की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया था। सम्मेलन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने वैश्विक आतंकवाद और नशीले पदार्थों के नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए, तो सम्मेलन के तीसरे सत्र में उन्होंने एआई के दुरुपयोग को रोकने के लिए वैश्विक समझौते का आह्वान किया, जो वर्तमान में डीपफेक, अपराध और आतंकी गतिविधियों में एआई के इस्तेमाल को रोकने की दृष्टि से बेहद अहम है।

उन्होंने अपने संबोधन में प्राकृतिक संसाधनों के अंधाधुंध दोहन पर जो चिंता जताई, उसका जी-20 घोषणा पत्र में जगह पाना उसकी वैश्विक स्वीकारोक्ति को दर्शाता है, जो महत्वपूर्ण इसलिए है, क्योंकि अब तक जलवायु मुद्दों पर प्रतिबद्धता अक्सर अस्पष्ट और टालमटोल ही रही है। अमेरिका की अनुपस्थिति ने शिखर सम्मेलन की प्रभावशी पर प्रश्नचिह्न लगाए हैं। जाहिर है, दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस् को भरोसे में लिए बगैर फैसलों को लागू करना आसान नहीं होगा। ले इसी स्थिति ने भारत सहित वैश्विक दक्षिण को यह अवसर भी दिया विकास और संतुलन पर खुलकर अपना दृष्टिकोण पेश कर सकें। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा समग्र मानववाद के विचार को वैश्विक विमर्श केंद्र में लाना उस वैकल्पिक विकास मॉडल की ओर भी संकेत करत जिसकी आज दुनिया को सबसे अधिक आवश्यकता है।

# दशकों बाद मजदूरों के हित की बात

केंद्र ने नए श्रम कानूनों को लागू करने का फैसला लिया है, जिनमें वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक व व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी चार कानून हैं। हालांकि इन्हें लागू करने में कई चुनौतियां हैं, लेकिन अगर किए गए वादे जमीनी स्तर पर पूरे हो जाएं, तो विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है।

अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने जब टैरिफ बढ़ाया, तो भारत ने जीएसटी सुधारों के माध्यम से उसका भरपूर मुकाबला किया। बिहार चुनावों में प्रवासी मजदूर, औद्योगिकीकरण और रोजगार बड़ा मुद्दा था। भारी चुनावी जीत के बाद केंद्र सरकार ने पहले से पारित श्रम कानूनों को लागू करने का फैसला लिया है। श्रम संहिता में वेतन, औद्योगिक संबंध, सामाजिक सुरक्षा और व्यावसायिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी चार कानून हैं।

दूसरे राष्ट्रीय आयोग ने वर्ष 1999 की रिपोर्ट में कहा था कि पुराने कानूनों में इतनी जटिलता और विरोधाभास है कि सभी को लागू करने पर 20 फीसदी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन हो सकता है। 29 मौजूदा श्रम कानूनों को मिलाकर चार नए कानून बनाने से 1,228 कानून घटकर 480, नियम 1,436 से घटकर 351 और रजिस्टरों की संख्या 84 से घटकर 8 हो जाएगी। रजिस्ट्रेशन के लिए सिर्फ एक कानून और 65 प्रावधानों में अपराध के पहलू को खत्म करना भी उद्योग जगत के हित में होगा। कहा जा रहा है कि नए कानून से 40 करोड़ श्रमिकों और कामगारों को नियुक्ति पत्र और न्यूनतम मजदूरी, महिलाओं को बराबर वेतन, ग्रेच्युटी, फ्री मेडिकल चेकअप जैसी सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा मिलेगी। इससे पिछड़े और गरीब राज्यों में औद्योगिकीकरण बढ़ेगा और वहां से मजदूरों का पलायन भी कम होगा।

वर्ष 2023-24 के लेबर सर्वे के अनुसार, कुल श्रमिकों में सिर्फ 11 फीसदी ही 20 से ज्यादा श्रमिकों वाले बड़े उद्योगों में काम करते हैं। ई-श्रम पोर्टल में 30.48 करोड़ कामगारों का रजिस्ट्रेशन है, जिनमें लगभग 53 फीसदी कृषि क्षेत्र में हैं। अंतरराष्ट्रीय श्रमिक संगठन के अनुसार, भारत में हर 10 में से 9 श्रमिकों का रोजगार अस्थायी होने से अर्थव्यवस्था के सामने बड़ी चुनौती है। एनएचआरसी सर्वे के अनुसार, शोषण और अनियमित काम के चलते असंगठित क्षेत्र के दो-तिहाई कामगार बीमारी और अपमान झेलने को मजबूर हैं। द हिंदू की रिपोर्ट के

अनुसार, मनरेगा के 26 करोड़ जॉब कार्ड होल्डरों में से 41.1 फीसदी आधार भुगतान प्रणाली से नहीं जुड़ पाए हैं। इस वजह से 2.13 करोड़ लोगों को काम के बावजूद मजदूरी नहीं मिल पा रही। इन कानूनों की सफलता की पहली कसौटी यह होगी कि देश भर में मनरेगा कर्मियों को नियमित और न्यूनतम वेतन मिल सके।

स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान महात्मा गांधी ने बिहार में नील की खेती करने वाले निलहे मजदूरों की दुर्दशा की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित किया था। निलहे मजदूरों की तरह डिजिटल इकनॉमी में गिग वर्कर्स या दिहाड़ी कामगारों का शोषण हो रहा है। अमेजन, ओला, उबर, जोमेटो, डंजो,




स्विगी और बिग बास्केट जैसी कंपनियों से जुड़े ड्राइवर, डिलीवरी बॉय और कामगारों को गिग वर्कर कहा जाता है। नीति आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2021 में भारत में 77 लाख गिग वर्कर्स थे, जिनकी संख्या 2029 तक बढ़कर 2.35 करोड़ होने की संभावना है।

अमेजन के वेयरहाउस कामगारों ने ब्लैक फ्रायडे हड़ताल करके 'मेक अमेजन पे' के बैनर तले सही भुगतान और काम के अच्छे वातावरण की मांग की थी। काम के अनियमित घंटों और शोषण की वजह से गिग वर्कर्स में महिलाओं की भागीदारी बहुत कम है। ड्राइवर और डिलीवरी बॉय का जमकर शोषण करने के बावजूद कंपनियां उन्हें न्यूनतम वेतन भी नहीं देना चाहती हैं। इंग्लैंड के रोजगार ट्रिब्यूनल ने 2016 में उबर के ड्राइवरों को पूर्णकालिक कामगार का दर्जा दिया था।

यूरोपीय संघ की कोर्ट ऑफ जस्टिस ने 2017 में कहा था कि उबर को एग्रीगेटर के बजाय ट्रांसपोर्ट सेवा के तौर पर कानून का पालन करना चाहिए। सिंगापुर में गिग वर्कर्स को रिटायरमेंट बेनेफिट और इंडोनेशिया में दुर्घटना, स्वास्थ्य और जीवन बीमा की सुविधा मिलती है।

भारत में टेक कंपनियां आईडी कार्ड ब्लॉक करके गिग कामगारों को मिनटों में बर्खास्त कर देती हैं। गिग वर्कर्स की सुरक्षा के लिए सुप्रीम कोर्ट में 2020 में दायर याचिका पर चार साल तक जवाब नहीं मिलने पर जजों ने केंद्र सरकार को फटकार लगाई थी। जजों के अनुसार, भारत अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन का संस्थापक देश है, इसलिए गिग वर्कर्स को एग्रीगेटर कंपनी से न्यूनतम वेतन, दुर्घटना बीमा, ईएसआई, स्वास्थ्य और पीएफ जैसी कानूनी सुरक्षा मिलनी चाहिए। जी-20 के सम्मेलन में गिग वर्कर्स की सुरक्षा के लिए बयान जारी हुआ था। इन कानूनों में गिग कामगारों को परिभाषित करने के साथ ही उन्हें सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। टेक कंपनियों को भारत में सालाना कमाई का पांच फीसदी तक गिग वर्कर्स के कल्याण के लिए सुरक्षित करना पड़ेगा। आधार लिंक्ड यूएएन से लाभ मिलने से फर्जीवाड़ा भी कम होगा।

बजट भाषण में वित्त मंत्री ने कहा था कि ई-श्रम पोर्टल को मनरेगा, नेशनल कॅरिअर सर्विस, स्किल इंडिया, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रमयोगी मानधन जैसे दूसरे पोर्टल्स से जोड़कर वन स्टॉप सेंटर बनाया जाएगा। नए कानूनों के साथ इसे लागू किया जाए, तो गिग वर्कर्स को राहत मिलेगी। राजस्थान, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस की सरकारों ने गिग वर्कर्स को राहत देने के लिए कानून बनाने की प्रक्रिया शुरू की थी। गिग वर्कर्स के कल्याण से जुड़े इन प्रगतिशील और समावेशी कानूनी सुधारों का सियासी विरोध ठीक नहीं होगा।

देश के 18 राज्यों ने पांच साल पहले पारित श्रम कानूनों के अनुसार नियम बना दिए हैं। अन्य राज्यों में नियम बनाने के साथ पूरे देश में इन्हें लागू करने के लिए विशेष फंड भी चाहिए। यह भी सुनिश्चित करना होगा कि इन कानून को लागू करने के नाम पर राज्यों में इंस्पेक्टर राज न बढ़ जाए। कृषि कानून की तरह श्रम कानून पटरी से न उतरे, उसके लिए केंद्र सरकार को ट्रेड यूनियंस के साथ सभी पार्टियों से भरोसेमंद संवाद करना होगा। प्रथम विश्वयुद्ध और आर्थिक मंदी के बाद भारत में श्रम कानून को बड़े पैमाने पर लागू किया गया था। एआई के नए दौर में रोजगार के कम होते अवसरों के बीच नई श्रम संहिता को लागू करने में अनेक चुनौतियां हैं। नई श्रम संहिता लागू करने के लिए किए गए वादे जमीनी स्तर पर पूरे हो जाएं, तो विकसित भारत का सपना साकार हो सकता है।

**-विराग गुप्ता, ( सुप्रीम कोर्ट के वकील )**

## जीवन धारा

### ओशो

जानवर का बच्चा जब पैदा होता है, तो उसको वहीं से जिंदगी शुरू करनी पड़ती है, जहां से उसके बाप ने शुरू की थी। लेकिन आदमी अपने बच्चे को वहां से जिंदगी शुरू करा सकता है, जहां खुद समाप्त करता है।

**पीढ़ियों से मिला ज्ञान ही हमारी ताकत है**

यह तृतीय नेत्र की अनूठी संपदा है। उसके लिए सिर्फ सिंबालिक तिलक है। जब यहां दक्षिण में पहली दफा ईसाई फकीर आए, तो उनमें से कुछ ने आकर तिलक लगाना शुरू कर दिया। आज से एक हजार साल पहले वेटिकन की अदालत में मुकदमे की नौबत आ गई, क्योंकि यहां जिन ईसाई फकीरों को भेजा गया था, उन्होंने यहां आकर जनेऊ पहन लिया, और तिलक भी लगाया, तथा खड़ाऊं भी डाल ली, और वे हिंदू संन्यासी की तरह रहने लगे। जिन फकीरों ने यह किया था, उन्होंने कहा कि यह गलत नहीं है। तिलक लगाने से या इस खड़ाऊं को पहन कर हम हिंदू नहीं हो रहे हैं। यह तो हमें पहली दफा हिंदुओं की समझ का पता चला है कि ध्यान करते वक्त अगर लकड़ी पैर के नीचे हो, तो बिना लकड़ी के जो काम महीनों में होगा, वह लकड़ी के साथ दिनों में हो सकता है। अगर हिंदू कुछ जानते हैं, तो हम नासमझ होंगे कि हम उसका उपयोग न करें। उन्होंने कहा कि बीस हजार साल से जिसके सारे मनीषी पूरा जीवन लगा कर एक ही दिशा में काम करते रहे हों, जिसके सारे बुद्धिमानों की हजारों वर्षों से एक ही आकांक्षा रही हो कि किस भांति संसार में जो छिपा हुआ सत्य है, उसका पता चल जाए, वह जो अदृश्य है, वह दिखाई पड़ जाए, उसकी उपेक्षा करना बुद्धिमानी नहीं है। लेकिन पिछले दो सौ साल में एक घटना घटी, जिससे हमें परेशानी हुई है। इस देश के ऊपर सैकड़ों बार हमले हुए हैं, लेकिन कोई हमलावर ठीक जगह पर हमला नहीं कर पाया। किसी ने धन लूट लिया, किसी ने जमीन पर कब्जा कर लिया, किसी ने मकान और महल ले लिए। लेकिन ठीक जो हमारा अंतस्तल था, उस पर कोई हमला नहीं कर पाया। पहली बार पश्चिमी सभ्यता ने इस मुल्क के अंतस्तल पर चोट करनी शुरू की। और वह चोट करने का जो सुगमतम उपाय था, वह यह था कि आपके इतिहास में और आपके बीच में एक खाई पैदा कर दी जाए। क्योंकि दुनिया में असली जो आधार होता है संस्कृति का, वह उसके ज्ञान के सूत्र होते हैं। उसकी जड़ें होती हैं श्रृंखला में। ज्यादा देर की जरूरत नहीं है, सिर्फ दो पीढ़ी को इतिहास से वंचित कर दिया जाए, आगे का मामला टूट जाएगा। आदमी और जानवर में एक फर्क है। जानवर के पास कोई उपाय नहीं है कि अपनी नई पीढ़ी को पुरानी पीढ़ी का ज्ञान दे सके, बस और कोई बात नहीं है। जानवर का बच्चा जब पैदा होता है, तो उसको वहीं से जिंदगी शुरू करनी पड़ती है, जहां से उसके बाप ने शुरू की थी। जब उसका भी बच्चा पैदा होगा, वह भी वहीं शुरू करेगा, जहां उसने शुरू की है। उसे अपनी पुरानी पीढ़ी का ज्ञान नहीं मिलेगा। लेकिन आदमी शिक्षा के माध्यम से अपने बच्चे को वहां से जिंदगी शुरू करवा सकता है, जहां खुद समाप्त करता है। इसलिए विकास होता है।

**- गहरे पानी पैठ ( मैं कहता आंखन देखी )**

**सूत्र : भीतर का बर्तन खाली रखें**

ज्ञान कहीं से भी मिले, उसका सम्मान करें, उससे सीखें और अपने जीवन में उतारें। जानवर यह नहीं कर सकते, लेकिन आप इन्सान हैं, तो इस जीवन से जुड़े मूल्यों को समझें। जीवन के अनुभवों से सीखने के अलावा भी कई माध्यमों से आप सीख सकते हैं। लेकिन इसके लिए जरूरी है कि आप अपने जिए।

# मात्र 51 रुपये मिले थे धर्मेंद्र को पहली फ़िल्म के!

दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र ने 89 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह दिया है। धर्मेंद्र के निधन से देओल परिवार समेत पूरे सिनेमा जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। धर्मेंद्र ने सन 1960 में फिल्म दिल भी तेरा हम भी तेरे से बॉलीवुड में कदम रखा था। शुरुआती दौर में उन्होंने अनपढ़, बंदिनी, अनुपमा और आया सावन झूम के जैसी फिल्मों में आम आदमी के किरदार निभाए। बाद में वे एक्शन और कॉमेडी के बड़े स्टार बने. शोले, धरम वीर, चुपके चुपके, मेरा गांव मेरा देश और ड्रीम गर्ल जैसी सुपरहिट फिल्मों में उन्होंने लीड रोल किए। हाल ही में वे शाहिद कपूर और कृति सेनन की फिल्म तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया में वे नजर आए थे। उनकी अगली फिल्म इक्कीस है, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म 25 दिसंबर को रिलीज होगी। धर्मेंद्र ने अपने करियर में सदा बहार अभिनेता बलराज साहनी, राज कपूर, संजीव कुमार, अमिताभ बच्चन और अमरीश पुरी के साथ काम किया। साथ ही धर्मेंद्र आज की पीढ़ी के कलाकारों के साथ भी फिल्मों में नजर आए। उन्होंने रणवीर सिंह, शाहिद कपूर, आलिया भट्ट सहित अन्य कलाकारों के साथ भी काम किया। धर्मेंद्र ने सन 1960 के दशक में बॉलीवुड डेब्यू किया था और अब तक फिल्मों में एक्टिव रहे। एक्टिंग के अलावा उन्होंने कई फिल्मों को प्रोड्यूस भी किया और खूब दौलत भी कमाई। उन्हें फिल्मी दुनिया का ही-मैन कहा जाता था। धर्मेंद्र कई दशक फिल्मों में काम किया । उन्होंने फिल्म आंखें, शिकार, आया सावन झूम के, जीवन मृत्यु, मेरा गांव मेरा देश, सीता और गीता, राजा जानी , जुगनू, यादों की बारात, दोस्त, शोले, प्रतिज्ञा, चरस, धरम वीर, गुलामी, हुकूमत, आग ही आग, ऐलान-ए-जंग और तहलका में अपने काम का लोहा मनवाया।

सन 1990 के दशक के अंत में, वह कई



सफल और प्रशंसित फिल्मों में चरित्र भूमिकाएं निभाते हुए दिखाई दिए। इन फिल्मों में,प्यार किया तो डरना क्या, लाइफ इन एज मेट्रो, अपने, जॉनी गद्दार, यमला पगला दीवाना और इधर कुछ सालों में वे रॉकी और रानी की प्रेम कहानी और तेरी बातों में ऐसा उलझा जिया शामिल है। सन 1997 में, उन्हें बॉलीवुड में उनके योगदान के लिए फिल्मफेयर लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार मिला। वह भारत की 15वीं लोकसभा के सदस्य रहे, और भारतीय जनता पार्टी से राजस्थान के बीकानेर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया।

धर्मेंद्र ने मात्र 19 वर्ष की आयु में सन 1954 में प्रकाश कौर से शादी की थी, जिससे उनके चार बच्चे हुए, दो बेटियां और दो बेटे। उनके बेटे सनी देओल और बॉबी देओल बॉलीवुड के सुपरस्टार्स बने। फिर उन्होंने दूसरी शादी सन 1980 में फ़िल्म अभिनेत्री हेमा मालिनी से की, इस शादी से उनकी दो बेटियां हुईं- ईशा देओल और अहाना देओल। ईशा ने भी फिल्मों में काम किया है। धर्मेंद्र को फिल्मों में पहला ब्रेक डायरेक्टर अर्जुन हिंगोरानी ने दिया था। फिल्म थी दिल भी तेरा हम भी तेरे और यह 1960 में रिलीज हुई। इस फिल्म के लिए धर्मेंद्र को सिर्फ 51 रुपये मिले थे। इस फिल्म के बाद भी धर्मेंद्र ने अर्जुन हिंगोरानी के साथ जि?तनी भी फि?ल्?में कीं, उसके लिए नाम मात्र ही पैसे लिए। उनके कुल 6 बच्चे हैं और 13 नाती-पोते हैं। सन 2025 की शुरुआत में उनकी कॉर्निया ट्रांसप्लांट सर्जरी हुई थी। धर्मेंद्र की बाईं आंख का कॉर्निया डैमेज हो गया था, जिसका बाद में ट्रांसप्लांट किया गया था। इससे पहले 2018 से 2020 के आसपास धर्मेंद्र को कई बार मांसपेशियों में खिंचाव और कमर दर्द की की शिकायत हुई थी। उन्हें कमजोरी भी आ गई थी। उन्होंने अपने जीवन का आखिरी समय अपने फार्म हाऊस में खेती कार्य करते हुए बिताया। सदा बहार फ़िल्म अभिनेता धर्मेंद्र को मेरा शत शत नमन।

**-डॉ श्रीगोपाल नारसन )**
**( लेखक वरिष्ठ साहित्यकार व चिंतक है )**

## मुद्दा

# साधन तो सही ही अपनाने पड़ेंगे

अहिंसक समाज के निर्माण के लिए दुनिया भर में हिंसक हो रही जनता को अपने साध्य की पूर्ति के लिए सही साधन अपनाने होंगे।

कहा जाता है कि एक चित्र हजार से ज्यादा शब्द को समेटने का मादा रखता है। लेख के साथ दिया गया चित्र मेक्सिको का है। मेक्सिको सिटी में सरकार की नीति के विरोध में चल रहे प्रदर्शन का चित्र। आधुनिक सभ्यता विकास को सभी के लिए समाज के सामने भी लाता है। गंभीर स्थितियों में ऐसे चित्र ही समाज में चल रहे आंतरिक संघर्ष को दर्शाते हैं। अनेक देशों में सत्ता व जनता के बीच चल रहे द्वंद्व या विरोध के कई स्थानीय कारण हो सकते हैं।

ऐसे चित्र आजकल हर देश में खींचे जा रहे हैं, जो रातोंरात सोशल मीडिया के जरिये दुनिया भर में फैल जाते हैं। ये आक्रोश व हिंसा के प्रसार में लगे नजर आते हैं। जबकि सभी जानते-मानते हैं कि इन चित्रों में इन देशों की सारी जनता शामिल नहीं है। इसलिए चित्र के जरिये साधन-साध्य के सिद्धांत पर भी सोच-समझ बननी चाहिए। क्या आधुनिक सभ्यता व्यावहारिक विकास को अपनाना जानती है? या यह सिर्फ पूंजीवाद और सत्ता कुछ ही हाथों में संचित होती पूंजी के कारण हैं?

महात्मा गांधी ने साधन-साध्य के सिद्धांत को अपने के प्रयोग से समाज के लिए परोसा था। उन्होंने माना था कि जीवन के हर पहलू में साधन-साध्य के सिद्धांत से मानवता का वैचारिक व व्यावहारिक विकास हो सकता है। इस सिद्धांत को गांधी जी ने विचार के लिए विस्तार से हिंद स्वराज में दर्शाया है। समाज जो साधन सत्ता के प्रति अपने विरोध को दर्शाने के लिए अपनाता है, वही साधन समाज का विरोध रोकने के लिए सत्ता को भी मिलता है। अगर सत्ता पर समाज की सुरक्षा का उत्तरदायित्व रहता है, तो समाज को साध्य पाने के सही साधन भी समझने, अपनाने होंगे। क्योंकि जनता ही सेवा के लिए अपनी सरकार चुनती है या चुने गए व्यक्ति को सत्ता सौंपती है। इसलिए समाज को अपना साध्य पाने के लिए सही साधन भी चुनना सीखना होगा। इसके अलावा, उसे नि:स्वार्थ





साधन भी अपनाने होंगे।

अपनी प्रगति या विकास के लिए जनता जो साधन अपनाती है, वैसे ही साधन, ज्यादा तंत्र-संपन्न सत्ता को भी अपनाने का अधिकार मिलता है। यानी अगर जनता ऊपर के चित्र के अनुसार हथौड़ा, डंडा व पत्थर उठाकर उपयोग में लेती है, तो सत्ता को भी लाठी, आंसू गैस गोले व बंदूक के उपयोग से रोका नहीं जा सकता। और ऐसे ही अगर हम अपनी सामाजिक संस्थाओं का दुरुपयोग करते हैं, तो सरकारी संस्थाओं के दुरुपयोग को रोक नहीं

सकते। आज सभी सरकारी संस्थाएं सत्ता के ही काम के

लिए जुटी हैं, तो ऐसा इसलिए कि समाज ने ही लंबे समय से यह होने दिया होगा। हमने ही अपने लोकतंत्र के चार स्तंभ- विधायिका, कार्यपालिका व न्यायपालिका के साथ-साथ मीडिया को भी सत्ता का साधन बनने दिया है। इसलिए लोकतंत्र के बुनियादी आधार, चुनावों में अपने साध्य के लिए जो साधन हम अपनाते हैं, वही साधन सत्ता को उसका साध्य हासिल करने की स्वतंत्रता देता है।

आचार्य विनोबा जी ने 'गीता प्रवचन' में एक जगह जीवन की व्याख्या को 'संस्कार-संचय' भर माना है। यानी हम बचपन से बुढ़ापे तक सिर्फ अपने संस्कार गढ़ते रहते हैं, जो अंत तक साधन-साध्य के सिद्धांत के रूप में हमारे उपयोग आते हैं। इसलिए समाज को ही कोशिश करनी होगी कि हमारे संस्कार साधन-साध्य सिद्धांत की समझ से ही गढ़े जाएं। जनता के पैसे से ही जनता को सत्ता द्वारा भरमाने के भ्रम को समाज समझे। और सर्वोदय साध्य को ही पाने में समाज लगे। जनता द्वारा साध्य को हिंसा से पाने की कोशिशें कैसे सत्ता की प्रतिहिंसा का शिकार होती हैं, यह हम सभी ने श्रीलंका, नेपाल, बांग्लादेश के अलावा मेक्सिको तक के देशों में हो रहे विरोध प्रदर्शनों से देख-समझ लिया है। विरोध में की गई समाज की हिंसा, सत्ता के लिए प्रतिहिंसा का कारण बनती है। जनता अगर अपने साधन अहिंसक रखे, तभी समाज में सौहार्द बना रह सकता है।

'मेरे गांधी' में नारायण देसाई ने समझाया है कि गांधी जी खुद को व्यावहारिक आदर्शवादी मानते थे। साधन की शुचिता पर उनके जोर देने के पीछे सबसे बड़ा तकाजा व्यावहारिक था।

**-संदीप जोशी**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।एजेंसी।** कमजोर उठाव के बीच सोमवार को अनाज मंडी में तुअर बाजार नरमी पर रहे। चना पूर्वस्तर पर बना रहा। खाद्य तेलों में व्यापार की मात्रा कम ही रही। तिलहनों में सरसो नरम हुई। किराना जिंसों में बाजार बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार तुअर में उठाव की सुस्तता से बाजार नरमी पर रहे। चना पूर्वस्तर पर बना रहा। खाद्य तेलों में कामकाज की मात्रा कम ही देखी गयी। तिलहनों में सरसो नरमी पर रही। उधर, किराना जिंसों में व्यापार सामान्य ही रहा। सूखे मेवों में लग्नसरा की माँग रही। भाव इस प्रकार रहे-

**किराना-** शक्कर 4140-4190, खोपरा गोला 320-370, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 211-215, ऊंझा हल्का 245-228, मीडियम 232-240, बेस्ट 251-265, हल्दी निजामाबाद 200-225, सांगली 270-275, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 751-781, गरबल 715-725, मटरदाना 790-801, खसखस अनक्लीन 750-950, क्लीन 1050-1250, दालचीनी 220-240, जायफल 715-800, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 1650-1975, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरि इलायची 2850-2925, मीडियम 2975-3175, बेस्ट 3225-3375, एक्ट्रा बोल्ड 3500-3551, पानबार 2700, बड़ी इलायची 1475-1575, बेस्ट1825-2050, तरबूज मगज 520-575, काजू (240) 885-925, काजू (320) 850-861, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 840-851, कैलिफोर्निया 771-785, अखरोट 575-725, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 675-875, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-3000, (160) 2900-3000, (200) 3200-3400, (250) 3500-3700

**तेल-** सींगदाना 1420-1440, मुम्बई 1425-1430, राजकोट तेलिया 2350-2360, सोया साल्वेंट 1175-1185, सोया रिफाइंड 1240-1245, कपास्या 1235-1240, धूलिया 1240, कड़ी 1245,

**रात की धारणा-** गुजरात लुज 1450-1460, मुम्बई पाम 1255, मुम्बई सोया 1280,

**खली-** कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2260, देवास-उज्जैन 2260, खंडवा-बुरहानपुर 2150, अकोला 3500 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन-** सरसो 8200-8500, रायडा 6300-6500, सोयाबीन 4400-4600, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन-** चना कांटेवाला बेस्ट 5700-5725, एवरेज 5500-5550, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 6000-6050, एवरेज 5800-5900, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 6600-6700, एवरेज 6400-6500, हल्की 6200-6300, तुअर महाराष्ट्र 6800-6900, उड़द बेस्ट 7600-7700, एवरेज 7400-7500, शंकर 7200-7300, हल्की 7000-7100,

**दाल-** चना दाल एवरेज 7200-7400, मीडियम 7400-7500, बोल्ड 7700-7900, तुअर दाल सवा नं. 7300-7400, तुअर दाल फूल 9000-9100, तुअर दाल बोल्ड 9900-10100, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज-** गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल-** चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-4700, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 8000-8500, मीनी दुबार 7000-7500, मोगरा 4500-6000, तिबार 9500-10000, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

**मावा-** इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 290 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।एजेंसी।** सोमवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार की मात्रा कम ही रही। सोना मजबूती पर रहा। चॉंदी में बाजार सुस्ती के रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 156200, चॉंदी (99) 155600, टंच 155000, सिक्का 1800, सोना 10 ग्राम 126400,

# रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई।एजेंसी।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपया सोमवार को 47 पैसे की बढ़त के साथ ही 89.15 पर बंद हुआ। आज सुबह भारतीय मुद्रा बाजार में सकारात्मक दिखा, जिससे रुपया सप्ताह के पहले दिन सोमवार को शुरुआती कारोबार में 49 पैसे चढ़कर 89.17 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। रुपया डॉलर के मुकाबले 89.46 पर खुला, लेकिन बाद में मजबूती दिखाते हुए ऊपर आया। इससे पहले शुक्रवार को घरेलू व वैश्विक बाजारों में बिकवाली दबाव और डॉलर की बढ़ी मांग के चलते रुपया 89.66 प्रति डॉलर के अपने सर्वकालिक निचले स्तर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की मजबूती दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 100.18 पर रहा।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई।एजेंसी।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को गिरावट पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट दुनिया भर के बाजारों से मिले अच्छे संकेतों के बाद भी बिकवाली हावी रहने से आई है। दिन भर के अंत में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 331.21 अंक नीचे आकर 84,900 और 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 108.65 अंक टूटकर 25,959.50 पर बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट धातु और और रियल्टी शेयरों के टूटने से आई है। अधिकतर सूचकांकों में गिरावट रही। निफ्टी रियल्टी 2.05 फीसदी, निफ्टी मेटल 1.23 फीसदी, निफ्टी एनर्जी 1.18फीसदी, निफ्टी कमोडिटीज 1.14 फीसदी, निफ्टी पीएसई 1.42 और निफ्टी एफएमसीजी 0.66 फीसदी की गिरावट के साथ बंद हुए। मुख्य सूचकांकों में केवल निफ्टी आईटी ही 0.41 फीसदी की तेजी के साथ बंद हुआ। लार्जकैप के साथ ही मिडकैप और स्मॉलकैप शेयरों में भी गिरावट दर्ज की गयी। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 194.70 अंक टूटकर 60,081.60 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 151 अंक फिसलकर 17,696.50 पर बंद हुआ।



सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एशियन पेंट्स, एचसीएल टेक, इन्फोसिस, अदाणी पोर्ट्स, एचडीएफसी बैंक, सन फार्मा और कोटक महिंद्रा बैंक गेनर्स थे। बीईएल, टाटा स्टील, एमएंडएम, अल्ट्राटेक सीमेंट, ट्रेंट, बजाज फिनसर्व, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स, बजाज फाइनेंस, आईटीसी और एनटीपीसी के शेयर गिरे। पूरे सत्र में बाजार ने एक सीमित दायरे में कारोबार किया। हालांकि, आखिरी कारोबारी सत्र में बिकवाली हावी रही। इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत मजबूती के साथ हुई। सेंसेक्स करीब 100 अंक की बढ़त के साथ 85,320 पर खुला और कुछ ही मिनटों में इसमें और मजबूती देखने को मिली। इसी तरह निफ्टी-50 भी 26,122.80 पर हरे निशान में खुला और यह 43.85 अंक की बढ़त के साथ 26,112 पर पहुंच गया। वहीं एशियाई बाजारों में भी सोमवार को सकारात्मक माहौल देखने को मिला। फेडरल रिज़र्व द्वारा संभावित ब्याज दर कटौती की उम्मीदों ने निवेशकों का भरोसा बढ़ाया। ऑस्ट्रेलिया का एसएंडपी, एएसएक्स 200 और दक्षिण कोरिया का कोस्पी करीब 1 फीसदी ऊपर रहे, जबकि जापानी बाजार अवकाश के चलते बंद रहा।

# भारत और कनाडा एफटीए वार्ता फिर से शुरू

**नई दिल्ली।एजेंसी।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि भारत और कनाडा मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) और व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते (सीईपीए) पर वार्ता फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं। इस समझौते का लक्ष्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब अमेरिकी डॉलर तक बढ़ाना है। गोयल ने कहा कि इस तरह के समझौते दोनों देशों के निवेशकों और कारोबारियों के बीच विश्वास को मजबूत करते हैं। गोयल ने बताया कि भारत और कनाडा स्वाभाविक सहयोगी हैं और एक-दूसरे के साथ प्रतिद्वंद्विता नहीं करते। उन्होंने कहा कि दोनों देशों की ताकतें व्यापार और निवेश के क्षेत्र में महत्वपूर्ण अवसर पैदा कर सकती हैं। 2023 में हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद भारत पर आरोपों के कारण वार्ता रोक दी गई थी। भारत ने इन आरोपों को खारिज किया। मार्च 2022 में दोनों देशों ने अंतरिम प्रारंभिक प्रगति व्यापार समझौता (ईपीटीए) के लिए वार्ता शुरू की थी। गोयल ने कहा कि दोनों देश उच्च महत्वाकांक्षी सीईपीए पर वार्ता करके 2030 तक व्यापार को दोगुना करने का लक्ष्य रखते हैं। जून 2024 में जी-7 सम्मेलन में प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई समकक्ष की बातचीत से दोनों देशों के संबंधों में नई ऊर्जा आई है।

# अमेरिकी प्रतिबंध से भारत का रूसी तेल आयात 75 फीसदी घटेगा

**नई दिल्ली।एजेंसी।** अमेरिका ने रूस की दो सबसे बड़ी तेल कंपनियों रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल पर कड़े प्रतिबंध लगाए हैं, जो 21 नवंबर 2025 से पूरी तरह लागू हो चुके हैं। इन प्रतिबंधों के बाद भारत का रूसी कच्चा तेल आयात तेजी से घटने वाला है। पहले भारत रोजाना 17-18 लाख बैरल रूसी तेल ले रहा था, लेकिन दिसंबर-जनवरी में यह घटकर लगभग 4 लाख बैरल रोज हो सकता है। यानी आयात में लगभग 75 फीसदी कटौती संभव है। भारत की बड़ी रिफाइनरियां रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचपीसीएल, मित्तल एनर्जी और मंगलोर रिफाइनरी ने रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल से तेल लेना रोक दिया है। केवल नयारा एनर्जी ही रोसनेफ्ट से तेल ले रही है, क्योंकि उसकी रिफाइनरी पहले से यूरोपीय प्रतिबंधों के दायरे में है। रिलायंस ने 20 नवंबर से अपनी सेज रिफाइनरी में रूसी तेल लोडिंग पूरी तरह बंद कर दी है। अमेरिका ने केवल रोसनेफ्ट और ल्यूकोइल को निशाना बनाया है। रूस की अन्य कंपनियां जैसे सर्गुटनेफ्टेगास और गज़्प्रोम नेफ्ट भारत को तेल सप्लाई कर सकती हैं, यदि वे प्रतिबंधित बैंक या जहाज का उपयोग न करें। रूस नए व्यापारियों, शैडो फ्लीट और शिप-टू-शिप ट्रांसफर के जरिए सप्लाई बनाए रख सकता है। पिछले दो सालों में सस्ता रूसी तेल मिलने की वजह से रिफाइनरियों ने अच्छा मुनाफा कमाया। अब जब यह तेल कम आएगा, रिफाइनरियां सऊदी अरब, इराक, यूएई और अमेरिका से तेल खरीदेंगी। तकनीकी रूप से इनको प्रोसेस किया जा सकता है, लेकिन मार्जिन कुछ कम हो सकता है।







**मेष-** आज आपके ऊपर काम का दवाब अधिक रहेगा, लेकिन आपके शत्रु भी आपका काम बिगड़ने की पूरी कोशिश करेंगे। आपकी धार्मिक कामों में भी काफी रुचि रहेगी। आप किसी जरूरतमंद व्यक्ति की मदद के लिए आगे आएंगे। आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा, तभी वह समय से पूरे हो सकेंगे। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर आपको थोड़ा सावधानी बरतनी होगी, क्योंकि उनके सेहत में कोई समस्या खड़ी हो सकती है।

**वृषभ-** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। परिवार में किसी नए मेहमान का आगमन हो सकता है। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा। समाज में आपके अच्छे कामों की सराहना होगी और आपके मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। आप कोई काम समय से पूरा करने के लिए समय निकालेंगे। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें, इसलिए किसी से मांगकर वाहन ना चलाएं। आपके रहन-सहन के स्तर में सुधार आएगा।

**मिथुन-** आज का दिन आपके लिए सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। उच्च अधिकारियों की कृपा आप पर बनी रहेगी। नौकरी बदलने का प्रयास कर रहे लोगों को अच्छी सफलता मिलेगी। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके भी आपको मिलने की पूरी संभावना है। आप काम को लेकर काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन फिर भी आप परिवार के सदस्यों के लिए समय निकालेंगे, जिससे आपको उनके मन में चल रही समस्याओं को दूर करने का मौका मिलेगा।

**कर्क-** आज का दिन आपके लिए पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने वाला रहेगा। पार्टनरशिप में आप कोई व्यवसाय करने की ना सोंचे। यदि आप किसी सरकारी योजना में इन्वेस्टमेंट करने की सोच रहे हैं, तो वह आपके लिए अच्छा रहेगा। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं, नहीं तो बाद में आपको उसके लिए पछतावा होगा। यदि आपने किसी को धन उधार दिया दिया था, तो आपके उस धन के वापस आने की संभावना बहुत कम है।

**सिंह-** आज का दिन आपके लिए मिला जुला रहने वाला है। आप अपने दोस्तों के साथ समय बिताएंगे और अच्छे खान-पान का आनंद लेंगे। राजनीति से जुड़ा कोई मामला आज सुलझ जाएगा, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। आपको अपने कामों को धैर्य व संयम से निपटाने की आवश्यकता है। मित्रों का सहयोग आप पर बना रहेगा। आपको परिवार के सदस्यों के साथ किसी मांगलिक उत्सव में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा।

**कन्या-** आज का दिन आपके लिए अक्समात लाभ दिलाने वाला रहेगा। लंबे समय से चली आ रही परेशानी दूर होंगी। आपको अपने गुस्से पर काबू रखना होगा और यदि आपने किसी से कोई वादा किया था, तो उसे आप समय रहते पूरा करने की कोशिश करें। आपकी तरक्की की राह में आ रही बाधाएं दूर होंगी।

**तुला-** आज का दिन आपके लिए इन्कम को बढ़ाने वाला रहेगा। आप अपनी इन्कम के बढ़ने से काफी खुश होंगे। विद्यार्थी किसी प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं। मौसम का विपरीत प्रभाव आपके स्वास्थ्य पर पड़ेगा। कुछ नए लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। बेवजह के भागदौड़ अधिक रहेगी।

**वृश्चिक-** आज का दिन आपके लिए स्वास्थ्य के लिहाज से कमजोर रहने वाला है। आपको यदि किसी बात को लेकर कोई समस्या चली आ रही है, तो वह भी दूर होगी। आपके मन में किसी काम को लेकर कोई उलझन है, तो उसे दूर करने की कोशिश करें। आप किसी मनोरंजन के कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे और परिवार के सदस्यों के साथ आप आनंदमय में समय व्यतीत करेंगे, लेकिन आपकी किसी बात को लेकर कहासुनी हो सकती है।

**धनु-** आज का दिन आपके लिए लेनदेन से संबंधित मामलों में सावधानी बरतने के लिए रहेगा। भौतिक सुख-सुविधाओं में वृद्धि होगी। आपको कोई जोखिम लेने से बचना होगा। आप किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखें। आपको किसी नई नौकरी की प्राप्ति हो सकती है। अपने बॉस से आप किसी काम को लेकर बातचीत कर सकते हैं।

**मकर-** आज आपको पारिवारिक जीवन में सफलता मिलेगी। आपको अपने किसी मित्र से लंबे समय बाद मिलने का मौका मिलेगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। विद्यार्थी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे, तभी उन्हें किसी परीक्षा में सफलता हासिल होगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**कुंभ-** आज आप अपनी जरूरत के हिसाब से खर्च करें, तो बेहतर रहेगा। आप दिखावे के चक्कर में ना पड़ें। आप संतान की करियर से निर्णय ले सकते हैं। ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से आपको धन लाभ मिलता दिख रहा है। आपको अपने पारिवारिक मामलों को मिल बैठकर निपटाने की आवश्यकता है।

**मीन-** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। वैवाहिक जीवन भी आनंदमय रहेगा और आपके चारों ओर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी मिलने से काफी खुश होंगे। किसी कानूनी मामले में आपको जीत मिलती दिख रही है। आपकी किसी नये काम के प्रति रुचि जागृत होगी।

## शब्दजाल - 8090

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | हु | मे | रि | सो | म | ना | थ | च | ट | र्जी |
| णे | खु | कु | प | इं | जी | ने | शि | या | ड़ | नी |
| श | पी | जा | म | र | ग | बा | द | ह | प | ल |
| मा | ग | ए | पा | सिं | दू | स | ल | ह | लि | म |
| व | र | अ | सं | न | ह | ला | कि | यो | प | सं |
| ल | इ | वि | मो | ग | प | वा | शी | ह | गी | जी |
| न | जी | ल | रा | व | मा | जो | न | व | प | व |
| क | रि | भा | र | य | र | स | रा | ल | वि | रे |
| र | या | बा | तें | ह | न | ज | जी | शा | जू | ड्डी |
| र | ग | ल | नो | शि | व | रा | ज | पा | टि | ल |
| बां | स | म | प | ब | लि | रा | म | भ | ग | त |

*शब्द जाल में निर्वाचित 10 लोकसभा अध्यक्षों के नाम ढूंढिए. ना उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

गणेश मावलनकर, हुकुम सिंह, नीलम संजीव रेड्डी, बलिराम भगत, रवि राय, पी.ए. संगमा, शिवराज पाटिल, जी. बालयोगी, मनोहर जोशी, सोमनाथ चटर्जी.

### शब्दजाल - 8089 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | रा | जें | द्र | कु | मा | री | वा | ज | पे | यी |
| द | स | ल | प्रे | व | जी | स | द | ह | कां | रा |
| वि | स | रो | म | र | ज | नी | पा | ल | ख | म |
| शा | स | से | जि | दि | वा | स | ध | चं | श | दु |
| र | आ | र | ग | नी | ज | ना | तू | द्रा | झ | ला |
| दा | ल | ला | र | दि | ना | उ | ती | व | घ | री |
| मु | व | ग्रे | मी | या | प | य | ज | ती | व | सि |
| ख | एं | वा | ई | द | ब | क | डू | ए | श | न्हा |
| र्जी | ड | ल | कु | मु | द | बे | न | जो | शी | आ |
| क | गॉ | ल | प | लि | जी | शी | ला | कौ | ल | द |
| वि | ज | य | ल | क्ष्मी | पं | डि | त | ब | प | म |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली - 7034

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | | ■ | 7 | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | ■ | 12 | | ■ |
| ■ | | ■ | 13 | ■ | | ■ | ■ | 14 | |
| 15 | | 16 | | ■ | 17 | | 18 | | ■ |
| | ■ | | ■ | 19 | ■ | ■ | | ■ | 20 |
| 21 | 22 | | ■ | 23 | | 24 | ■ | 25 | |
| ■ | | ■ | 26 | | ■ | 27 | 28 | ■ | |
| 29 | | | | ■ | 30 | ■ | 31 | 32 | |
| 33 | | ■ | 34 | | | | ■ | | ■ |

**बायें से दायें:-**

१. अभिषेक, करीना की 'जिसे तू ना मिला उसे कुछ' गीत वाली फिल्म-३
३. 'कितनी खूबसूरत ये' गीत वाली अमिताभ, विनोद, राखी की फिल्म-४
६. 'दिल विल प्यार व्यार' में आर. माधवन के साथ नायिका-३
७. सनी, प्रीति जिंटा की 'देखें भी तो क्या देखें' गीत वाली फिल्म-२
८. 'कैसी है दिल की लगी' गीत वाली विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
१०. फिल्म 'ताजमहल' में प्रदीपकुमार की नायिका कौन थी?-२
१२. 'दिल में जागी धड़कन' गीतवाली लक्कीअली, गौरी की फिल्म-२
१४. 'माया मेमसाब' में शाहरूख के साथ नायिका कौन थी-२
१५. अजय देवगन, रवीना की 'एक से लेकर दस तक' गीत वाली फिल्म-४
१७. 'लिखे जो खत तुझे' गीत वाली शशिकपूर, आशापारेख की फिल्म-४
२१. प्रशांत, संध्या की 'पंख होते तो उड़ आती रे' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'आज मदहोश हुआ जाए रे' गीत वाली शशिकपूर, राखी की फिल्म-३
२५. मनोज वाजपेयी, तब्बू की 'बाबा मेरी ये जवानी' गीत वाली फिल्म-२
२६. फिल्म 'इंडियन' में शिल्पा शेट्टी के साथ नायक कौन था?-२
२७. फिल्म 'बँबई से आया मेरा दोस्त' की नायिका कौन थी?-२
२९. 'आज फिर तुम पे प्यार आया है' गीत वाली फिल्म-४
३१. 'बंबई से रेल चली' गीत वाली फिल्म-३
३३. नसीर, अतुल, पूजाभट्ट की 'आज हमने दिल का' गीत वाली फिल्म-२
३४. 'गम का फसाना बन' गीत वाली फिल्म-४

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'शरारत' में अभिषेक की नायिका?-३
२. 'अजनबी' में राजेश की नायिका?-३
३. अरशद, मयूरी कांगो की 'गुनगुनाती हुई इक नदी' गीत वाली फिल्म-३
४. जॉन अब्राहम, तारा शर्मा की फिल्म-२
५. सनी, सुनील, शिल्पा की 'शाम भी खूब है' गीत वाली फिल्म-२
७. 'जंगल' में उर्मिला का नायक?-४
९. संजय कपूर, जूही चावला की 'प्यार में दिल का' गीत वाली फिल्म-३
११. 'दूल्हा-दुल्हन की जोड़ी' गीत वाली अमिताभ, हेमा की फिल्म-३
१३. 'इश्क कमीना' गीतवाली फिल्म-२
१५. 'तू ही तू सतरंगी' गीतवाली फिल्म-२,१
१६. राज कुमार, हेमा, शत्रुघ्न, विजयेंद्र, मिथुन की १९८४ की एक फिल्म-३
१८. चंद्रचूड़सिंह, महिमा की फिल्म-२
१९. मिलिंद, विक्रम सलूजा, किरण की 'चंदा की चांदनी' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'जैसे इक चाँद का टुकड़ा' गीत वाली सनी, अनिल, किमी की फिल्म-४
२२. 'बॉक्सर भाई' गीत वाली फिल्म-४
२४. 'चंपई धूप के साये' गीतवाली फिल्म-२
२६. 'आँखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-३
२८. संजय कपूर, माधुरी की 'तूने अगर प्यार से' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'चाँदनी रूप की' गीत वाली फिल्म-२
३०. 'ये कैसा है शहर' गीत वाली फिल्म-२
३२. 'कसूर' में आफताब शिवदासानी के साथ नायिका कौन थी-२

### फिल्म वर्ग पहेली - 7033

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अं | जा | म | ■ | जै | ■ | बा | द | शा | ह |
| गा | ■ | न | म | की | न | ■ | म | ■ | म |
| रे | खा | ■ | हा | ■ | गी | त | ■ | ही | रा |
| ■ | मो | ह | रा | ■ | ना | रा | ज | ■ | ज |
| ■ | शी | ■ | जा | नू | ■ | जू | ■ | फ | ■ |
| स | ■ | गो | ■ | त | ब्बू | ■ | दो | रा | स्ते |
| ती | स | रा | कौ | न | ■ | बा | ■ | र | ■ |
| श्र | ■ | ■ | न | ■ | जं | जी | र | ■ | घा |
| शा | र | दा | ■ | जं | ग | ■ | क्ष | त्रि | य |
| ह | ■ | सी | मा | ■ | ल | ■ | क | ■ | ल |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**25 नवम्बर 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




**मंगलवार** 2025 वर्ष का 329 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** हेमन्त।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** मृगशीर्ष **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** पंचमी 22.58 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 23.58 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 12.50 बजे को समाप्त।
**करण** बव 10.13 बजे तदनन्तर बालव 22.58 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 4.7 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 20° 45'
**सूर्य** दक्षिणायन
**कलि अहर्गण** 1872539
**जूलियन दिन** 2461004.5
**कलियुग संवत्** 5126
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जमादि उस्सानी
**तारीख** 03
**विशेष** विवाह पंचमी।

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृश्चिक में | धनु | 08.00 बजे से |
| चंद्र | मकर में | मकर | 10.05 बजे से |
| मंगल | वृश्चिक में | कुंभ | 11.52 बजे से |
| बुध | तुला में | मीन | 13.25 बजे से |
| गुरु | कर्क में | मेष | 14.55 बजे से |
| शुक्र | तुला में | वृष | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | मिथुन | 18.33 बजे से |
| राहु | कुंभ में | कर्क | 20.47 बजे से |
| केतु | सिंह में | सिंह | 23.03 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | कन्या | 01.15 बजे से |
| | | तुला | 03.26 बजे से |
| | | वृश्चिक | 05.40 ब.से |

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: चहेता शासक

लिच्छवी गणराज्य में प्रत्येक शासक को पांच वर्ष के लिए चुना जाता था। ये चुनाव प्रजा तथा उच्च अधिकारियों की सहमति से होते थे। चुनाव में योग्य व्यक्ति को ही शासक बनाया जाता था। निधिवत्स नामक एक शासक पांच वर्ष तक शासक रहने के बाद पदच्युत होने पर अपने कटु अनुभव आगामी प्रत्याशी आदित्य को सुनाते हुए बोला, 'तुम चुन भी लिए गए तो तुम्हें क्या मिलेगा? मात्र पांच वर्ष का शासन। पांच वर्ष तक सुख-सुविधा भोगने के बाद का समय बेहद दुखद होता है।' निधिवत्स की बात सुनकर आदित्य मुस्कराते हुए बोला, 'नहीं निधिवत्स, मेरे साथ ऐसा नहीं होगा। शासक बनने में तुम्हारा लक्ष्य केवल सुख भोगना था, जो कि गलत था। यदि वह न होता तो तुम्हें आज इतनी पीड़ा न होती। शासक का धर्म तो सेवा और परोपकार करना है, सुख भोगना नहीं।' आदित्य की बात निधिवत्स को बिल्कुल अच्छी नहीं लगी। वह मुंह बनाकर बोला, 'देखते हैं कि तुम चुनाव में जीतने पर सुख से कैसे दूर होते हो?' चुनाव में आदित्य विजयी हुआ। सत्ता हाथ में आते ही उसने ऐसी व्यवस्था की कि राज्य में कोई भी नंगा, भूखा व निर्धन नहीं रहा। उसने सभी के लिए मकान और जीविका के साधन उपलब्ध कराए। योग्य तथा सम्मानीय व्यक्तियों को उनकी योग्यतानुसार पद उपलब्ध कराए। अशांति उत्पन्न करने वालों को दंडित किया। सभी को आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा प्रदान की। पांच वर्ष पूरे होने पर जब आदित्य के पद त्यागने की बारी आई तो प्रतिनिधियों व प्रजा ने उसे ऐसा करने ही नहीं दिया और सर्वसम्मति से उसे अगले पांच वर्षों के लिए फिर से शासक बना दिया। यह देखकर निधिवत्स उसके पास आया और उससे क्षमा मांगते हुए बोला, 'आदित्य तुम्हारा कहना ठीक था। सेवा और परोपकार का भाव ही व्यक्ति की स्थिति को सुदृढ़ बनाता है।' इस प्रकार आदित्य अपनी सेवा और परोपकार की भावना से लिच्छवी की प्रजा का चहेता शासक बन गया।

## सूडोकु नवताल- 7343

★★★✯☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | | 1 | 5 | 4 | | 9 |
| | 8 | | | | | | 2 | |
| | | 1 | | 4 | 8 | | | 6 |
| | 6 | | | 9 | 7 | 1 | | |
| 7 | 2 | | | | | | 5 | 3 |
| | | 5 | 6 | 3 | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | 2 | | 3 | | |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 1 | | 3 | 7 | 5 | | 2 | 6 | 8 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 8 |
| 6 | 8 | 1 | 4 | 3 | 5 | 2 | 7 | 9 |
| 2 | 3 | 7 | 8 | 9 | 6 | 1 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 3 | 7 | 5 | 1 | 4 | 8 | 6 |
| 4 | 7 | 6 | 9 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 |
| 1 | 5 | 8 | 3 | 6 | 4 | 9 | 2 | 7 |
| 8 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 1 |
| 7 | 1 | 5 | 2 | 8 | 9 | 3 | 6 | 4 |
| 3 | 4 | 9 | 6 | 1 | 7 | 8 | 5 | 2 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8558

**बाएँ से दाएँ**

1. कंठ,गला-3
3. पक्षियों का शौर-4
5. शारीरिक ऊँचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार,प्रेम(अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा,तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य(अंग्रेजी-2)
22. कदली,एक फल-2
23. उपासना,शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय,नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

**ऊपर से नीचे**

1. मर्यादा,सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर,इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश,एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा,रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत,मुसीबत-2
19. नाट्य,कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### शब्द पहेली - 8557 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | अ | च | र | ज | ■ | सु | रु | चि |
| चा | चा | ■ | म | ही | ना | ■ | ■ | न्त |
| र | न | र | ■ | न | व | जी | व | न |
| ■ | क | म | ला | ■ | च | ■ | ■ | शी |
| म | ■ | ल | त | ■ | ला | त | ■ | ल |
| नो | ■ | ■ | मा | ■ | ना | र | द | ■ |
| का | न | भ | र | ना | ■ | ह | र | म |
| म | ■ | ■ | ना | का | रा | ■ | क | ण |
| ना | ट | क | ■ | म | ह | क | ना | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# तोषराम कनोजे ने भाला फेंक और लॉन्ग जंप में जीते दो स्वर्ण पदक

## इंटर स्टेट नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई

पद्मेश न्यूज। लांजी।

**लांजी क्षेत्र के तोषराम कनोजे वर्तमान में खेल एवं युवा कल्याण विभाग रीवा में जिला खेल प्रशिक्षक कराते कोच के पद पर कार्यरत ने अनेकों बार अपनी प्रतिभा और कठिन परिश्रम के दम पर राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर जिले और प्रदेश का नाम रोशन किया है। इस बार 23 नवंबर 2025 को स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स खेल और युवा कल्याण विभाग रीवा में आयोजित इंटर डिस्ट्रिक्ट मध्यप्रदेश स्टेट मास्टर एथलेटिक मीट-2025 प्रतियोगिता में जिला खेल प्रशिक्षक एवं अनुभवी एथलीट तोषराम कनोजे ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए।**




तोषराम ने 35 वर्ष पुरुष वर्ग की भाला फेंक (जैवलिन थ्रो) स्पर्धा में लम्बी दूरी तक भाला फेंककर न सिर्फ गोल्ड मेडल जीता, बल्कि इस प्रदर्शन के साथ उन्होंने आगामी इंटर स्टेट नेशनल मास्टर एथलीट चैंपियनशिप के लिए आसानी से क्वालीफाई किया जो अजमेर राजस्थान में 29 जनवरी को होना संभावित है। इसके कुछ ही देर बाद लॉन्ग जंप में भी उन्होंने लम्बी छलांग लगाकर दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया और यहां भी नेशनल क्वालीफाइंग मार्क को पार कर लिया। दोनों स्पर्धाओं में तोषराम ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वियों को काफी अंतर से पीछे छोड़ा।

जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी रीवा के मार्गदर्शन में खेल रहे तोषराम कनोजे पिछले कई वर्षों से जिले के युवा एथलीटों को प्रशिक्षण देने के साथ-साथ खुद भी मैदान में उतरकर मिसाल कायम कर रहे हैं। उनकी इस दोहरी जिम्मेदारी और लगन को देखते हुए रीवा के खेल प्रेमियों ने इसे कोच से खिलाड़ी तक का सुनहरा सफर करार दिया है।

मेडल वितरण समारोह में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम राजेंद्र शुक्ला व भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र गुप्ता रीवा एसपी शैलेंद्र सिंह चौहान की प्रमुख उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया गया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र वासियों और गणमान्य लोगों ने तोषराम कनोजे को बधाई दी तथा उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

तोषराम ने जीत के बाद मीडिया से कहा यह पदक मेरे लिए बहुत खास हैं क्योंकि मैं कोच होने के साथ-साथ खिलाड़ी भी हूं। मेरे जिले के बच्चे मुझे मैदान में देखकर प्रेरित होते हैं। नेशनल्स में मध्य प्रदेश और रीवा का नाम और ऊंचा करने की पूरी कोशिश करूंगा।

आगामी सीनियर नेशनल एथलेटिक्स चैंपियनशिप दिसंबर-जनवरी में प्रस्तावित है। रीवा जिले के खेल प्रशिक्षकों और खिलाड़ियों ने तोषराम को शुभकामनाएं दी हैं तथा उम्मीद जताई है कि वे नेशनल स्तर पर भी इसी तरह स्वर्णिम इतिहास दोहराएंगे।

# तीन दिनों से गुम दो भैंस आधार नंबर टैग से मिली

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मध्यप्रदेश शासन के द्वारा संचालित पशु चिकित्सा पालन एवं डेयरी विभाग के द्वारा मवेशियों से संबधित अनेको योजनाऐं संचालित की जाती है। जिसका लाभ मवेशियों को तब ही मिलता है जब वे मवेशी पंजीकृत हो जिस हेतु विभाग के द्वारा उन्हे एक आधार नंबर टैग प्रदान किया गया है। इसी आधार टैग नंबर से यह भी ज्ञात होता है कि वह पुश किस क्षेत्र का है तथा उसके मालिक का नाम, मोबाईल नंबर भी ज्ञात अंकित रहता है। जिस आधार पर आप पशु की सभी जानकारी प्राप्त कर सकते है और इसी आधार नंबर टैग की सहायता से लांजी से गुम हुई दो भैंसो की पतासाजी की गई जो कि 3 दिनों से लापता थी जिसका पता ग्राम साडरा में लगाया गया। इस संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम साडरा निवासी गणेश पुनाराम बल्लारखेड़े ने पशु चिकित्स अशोक नारनौरे का फोन कर सूचना दी कि मेरे खेत में दो भैंस ने उत्पात मचाया हुआ है मैने भैंसो को बांध कर रखा है जिस पर डॉ नारनौरे ने शिकायत कर्ता के घर पंहुचकर देखा कि एक भैंस में आधार टैंग लगा हुआ है जिस आधार पर भैंस मालिक की पता साजी की गई तो यह दोनों भैंसे लांजी निवासी युगल बडमें वार्ड क्रमांक 6 कि होना ज्ञात हुआ। जब युगल बडमें से जानकारी ली गई तो उन्होने बताया मेरी दो भैंसें 22 नवंबर दिन शनिवार से लापता है। जिसकी खोजबीन की जा रही थी। बतादे कि आधार टैग नंबर होने के चलते युगल बडमें की दोनों भैंसो का पता चल पाया। इस संदर्भ में पशु चिकित्सक डॉ अशोक नारनौरे ने बताया कि आधार टैग नंबर होना कितना आवश्यक है यहां हमारे द्वारा तुरंत ही आधार नंबर के चलते ज्ञात कर लिया गया कि लांजी से गुम हुई भ्रैंसे जो कि साडरा में प्राप्त हुई। यदि यह नंबर नही होता तो कभी भी ज्ञात नही हो पाता इस लिये सभी पशु मालिकों या किसान साथी गण ध्यान देवे की अपनेअपने पशु में आधार टैंग नंबर पर अवश्य ले जिससे आप को भी लाभ प्राप्त होगा। इसके अतिरिक्त सभी योजनाओं का लाभ भी तब ही प्राप्त होगा जब पशु में आधार टैंग अंकित होगा। पशु बीमा के लिये भी आवश्यक है आधार टैग नंबर, पशु की खरीदी बिक्री में भी आवश्यक है तथा पुलिस में रिपोर्ट करने के लिये भी यह आधार नंबर सहायतार्थ है।



# बकरामुंडी में 12 फुट लंबा विशालकाय अजगर मिलने से हड़कंप, वन विभाग ने किया सुरक्षित रेस्क्यू

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** वन परिक्षेत्र पश्चिम लांजी के बकरामुंडी वार्ड क्रमांक-1 में सोमवार सुबह एक घर के आंगन में कचरे के ढेर के पास करीब 12 फुट लंबा विशाल अजगर दिखाई देने से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। घर के मालिक मूलचंद उईके ने जैसे ही आंगन में अजगर को देखा, वे तुरंत चिल्लाए और परिवार सहित पड़ोसी डर के मारे बाहर भागे। देखते-देखते आसपास के लोग और राहगीर मौके पर जमा हो गए। कई लोगों ने मोबाइल से वीडियो बनाना शुरू कर दिया। अजगर का विशाल आकार देखकर लोगों में अफरा-तफरी मच गई। मूलचंद उईके ने तत्काल वन विभाग को सूचना दी। इस बीच नगर निरीक्षक दीपसिंह परमार अपने स्टाफ के साथ उधर से गुजर रहे थे। उन्होंने वाहन रोका और स्थिति का जायजा लिया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची। टीम ने चिमटा और अन्य उपकरणों की मदद से अजगर को पूरी सावधानी से पकड़ा और सुरक्षित रेस्क्यू किया। इसके बाद अजगर को जंगल में छोड़ दिया गया। ग्रामीणों ने राहत की सांस ली और वन विभाग की त्वरित कार्रवाई की सराहना की। वन विभाग ने लोगों से अपील की है कि जंगल से सटे क्षेत्रों में सांप या अन्य वन्यजीव दिखने पर घबराएं नहीं, तुरंत विभाग को सूचित करें ताकि उन्हें सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जा सके।



# साकेत पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनाया गया एनसीसी का 77वाँ स्थापना दिवस

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** साकेत पब्लिक स्कूल लांजी में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) का 77वाँ स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में भव्य परेड का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन 6 मध्य प्रदेश बटालियन एनसीसी बालाघाट के कमान अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल विनीत कमल गुप्ता के निर्देशानुसार एवं विद्यालय के प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर के मार्गदर्शन में हुआ। परेड की कमान स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने संभाली तथा अनुशासनपूर्ण प्रस्तुति दी। एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेककर ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि आजादी के बाद 1948 में स्थापित एनसीसी आज अपनी 77वीं वर्षगांठ मना रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में चरित्र निर्माण, अनुशासन, भाईचारा, सेवा भावना तथा नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। साथ ही राष्ट्रीय आपातकाल में सशस्त्र बलों को त्वरित सहायता प्रदान करने और देश की रक्षा में युवाओं की रुचि बढ़ाना भी इसका लक्ष्य है। उन्होंने बताया कि स्कूल-कॉलेजों में संचालित एनसीसी इकाइयाँ भावी पीढ़ी को सैन्य प्रशिक्षण देकर राष्ट्रसेवा के लिए तैयार करती हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर कैडेट देश की रक्षा पंक्ति में मजबूती से खड़े हो सकें। कार्यक्रम में विद्यालय के सभी एनसीसी कैडेट्स उत्साहपूर्वक उपस्थित रहे तथा राष्ट्रप्रेम व अनुशासन की भावना से ओत-प्रोत दिखाई दिए। प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर ने कैडेट्स को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि एनसीसी जैसी संस्थाएँ युवाओं को जिम्मेदार नागरिक और सशक्त देशभक्त बनाती हैं। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों व कैडेट्स ने एनसीसी के गौरवशाली 77 वर्षों की यात्रा को याद किया और देशसेवा के लिए संकल्प दोहराया।




# एडवेंचर पब्लिक स्कूल में नवोदय चयन हेतु तैयारी

## जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे व प्राचार्य बी आर गुरदे ने बच्चों का किया मार्गदर्शन





**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी विकासखण्ड अन्तर्गत ग्राम भानेगांव में अग्रणि शिक्षण संस्था एडवेंचर पब्लिक स्कूल भानेगांव में 23 नवंबर को विशेषकर नवोदय विद्यालय में चयन हेतु तैयारी कर रहे है छात्र छात्राओं एवं उनके अभिभावकों के लिये मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन स्कूल प्रबंधन के द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से मुख्य वक्ता अतिथि जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे एवं सांदीपनि विद्यालय बोलेगांव के प्राचार्य बी आर गुरदे जी के द्वारा उपस्थित बच्चो को मार्गदर्शित किया गया। कार्यकम मुख्य रूप से विद्यालय में अध्ययनरत कक्षा 3री से 5वी तक के ऐसे विद्यार्थी जो जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा की तैयारी कर रहे है वे छात्र एवं उनके अभिभावकों की उपस्थिति रही। संस्था के संचालक ए. आर. कुशले के द्वारा आयोजित इस कार्यकम में बच्चों के बेहतर शिक्षा एवं समग्र विकास के लिए अनेकों बार इस तरह से कार्यकम आयोजित किये जाते है। कार्यक्रम के इस दौर में सर्वप्रथम प्राचार्य बी.आर. गुरदे के द्वारा शिक्षा के महत्व एवं जीवन में उपयोगिता के साथ लक्ष्य के निर्धारण बारे में बच्चों एवं पालकगणों से विस्तृत चर्चा की गई। ततपश्चात जीएसटी कमिश्नर लोकेश लिल्हारे के द्वारा शिक्षा की शक्ति व नियमित अभ्यास व संघर्ष से ही शत-प्रतिशत सफलता की प्राप्ति होती है जिसके बारे में अनेकों उदाहरण के साथ विद्यार्थी जीवन में मिलने वाले अवसर और उसका सही उपयोग के बारे में विस्तार से बताया गया। संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आवा सरपंच ललित कबीरे, हेमंत नगपुरे, पालक संघ अध्यक्ष डॉ. प्रकाश बेदरे, प्रकाश पटले, भुमेश्वर तुरकर, दुलीचन्द कावडे, खुशराज राहंगडाले, रोहित बिलघैया, हरिशचन्द्र बारबुधे, गणेश बाहे, श्रीमती सविता मिसारे, अल्का भर्रे के साथ ही विद्यालय के समस्त शिक्षक / शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही ।

# श्रीमती सुशीला बाई राजनीरे का निधन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** क्षेत्र के ग्राम कुम्हारीकला निवासी जिला पंचायत सदस्य एवं वरिष्ठ भाजपा नेता दुलीचंद राजनीरे की पत्नि श्रीमती सुशीला बाई राजनीरे का निधन 24 नवंबर को शाम 5 बजे निज निवास कुम्हारीकला में 68 वर्ष की आयु में आकस्मिक निधन हो गया। आप अपने पीछे एक पुत्र एवं 4 पुत्रियों सहित नाती पोतों से भरा पुरा परिवार छोड़ इस दुनिया से विदा गई। आपका अंतिम संस्कार आज 25 नवंबर को स्थानीय कुम्हारीकला मोक्षधाम में प्रातः 11 बजे सामाजिक रीति रिवाजों के साथ किया जायेगा। आपके निधन पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, ताते रिश्तेदार, सामाजिक कार्यकर्ता, ग्राम के गणमान्य गण, नागरिक गणों के द्वारा मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने, इस दुख की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने हेतु प्रार्थना कर शोक संवेदना व्यक्त कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये।

लांजी में "पद्मेश"

इंटरनेट (ब्राडबैंड) कनेक्शन के लिये संपर्क करें

Mo. 8319969927

# देवकी बाई ऐरपुड़े का निधन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के मण्डई टेकरी वार्ड क्रमांक 6 निवासी व्यापारी मनोज ऐरपुड़े की माताश्री श्रीमती देवकीबाई ऐरपुडें का निधन 85 वर्ष की आयु में 24 नवंबर को दोपहर 12 ः30 बजे स्वर्गवास हो गया। आप अपने पीछे 5 पुत्रो सहित नाती पोतों से भरा पुरा परिवार छोड इस दुनिया से विदा गई। आपका अंतिम संस्कार आ ज 25 नवंबर को स्थानीय कोटेश्वर मोक्षधाम में प्रातः 11 बजे किया जायेगा। आपके निधन पर नाते रिश्तेदार, जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मित्र गणों के द्वारा शोक संवेदना व्यक्त करते हुये परमपिता परमेश्वर से मृत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करने तथा इस दुख की घड़ी में परिजनो को संबल देने हेतू प्रार्थना की जाकर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये गये।



# उदाराम जी हट्टेवार का निधन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** मनेरी निवासी सेवा निवृत्त रेंजर उदाराम जी हट्टेवार का 24 नवंबर के रात्रि 1 बजे भोपाल में निधन हो गया, जिनका अंतिम संस्कार आज 25 नवंबर को 12 बजे मनेरी के मोक्षधाम में किया जाएगा। आप अपने पीछे तीन पुत्र मनोज, धर्मेन्द्र, जितू व दो पुत्रियां संगीता व सरिता का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनके निधन पर परिजनों, नाते रिश्तेदारों इष्ट मित्रों ने दुःख प्रकट कर शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।



## सीएम डॉ. मोहन ने पंचायतों को बताया विकास का आधार, कहा

# आज कुआं प्यासे के पास आया है..

भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार को राज्य स्तरीय कार्यशाला और वॉटर शेड सम्मेलन की शुरुआत की। इस मौके पर उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को सम्मानित किया। इस कार्यक्रम की थीम 'आत्मनिर्भर पंचायत समृद्ध मध्यप्रदेश' रखी गई है। यह कार्यशाला 26 नवंबर तक कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कंन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगी। 3 दिवसीय कार्यशाला में 2000 से ज्यादा जनप्रतिनिधि, अधिकारी और विषय विशेषज्ञ शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में सीएम डॉ. मोहन ने जल संवर्धन के लिए काम करने वाले अधिकारियों की जमकर प्रशंसा की। कार्यशाला के दौरान उन्होंने कहा कि आज प्यासा कुएं के पास नहीं आया है, कुआं प्यासे के पास आया है। राज्य सरकार पंचायतों के विकास के लिए हर कदम पर साथ खड़ी है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि हमारे यहां शासन की अद्भुत परंपरा है। शासन गांव से जुडक़र सच्चे अर्थों में भारत को मजबूती प्रदान करता है। महात्मा गांधी के शब्दों में कहा जाए तो भारत की आत्मा ग्रामीण अंचल में बसती है। सीएम डॉ. मोहन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन करने की पद्धति और उनके सुशासन के दृष्टिकोण ने भारत को अलग पहचान दिलाई है। हम कल्पना कर सकते हैं कि साल 2047 का अमृतकाल कैसा होगा। हमारी सरकार लगातार इस पर मंथन कर रही है कि जिला पंचायतें, पंचायतें, जनपद पंचायतें किस तरह से आगे बढ़ें। उन्होंने कहा कि आदिकाल से हमारे समाज में ऑटोनोमी को स्थान दिया गया है। इसलिए शासन की स्वशासी व्यवस्थाओं में पंचायतों को अधिकार संपन्न बनाना जरूरी है। हमें चुनी हुई इकाइयों को इतना सशक्त करना होगा कि वे विकास में अपनी भूमिका मजबूती से अदा कर सकें।



### पंचायतों की सारी जरूरतें पूरी करेगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने कहा कि हमारी सरकार का भाव आपकी कठिनाइयों को समझकर उसका हल निकालना है। आज प्यासा कुएं के पास नहीं आया है, कुआं प्यासे के पास आया है। सरकार आपकी सारी जरूरतें पूरी करेगी। उन्होंने कहा कि हमारे यहां शुरू से ही तालाब, पोखर, बावड़ी, कुएं की व्यवस्था थी। लेकिन, हमें इन्हें सहेजने के काम को कर्म कांड की तरह नहीं लिया, बल्कि तीन महीने तक सतत अभियान चलाया। इन्हीं की बदौलत राज्य को पुरस्कार मिले। पानी की बूंद-बूंद अहम है। जल से हमारा संबंध प्राण और आत्मा का है। जल के पास जाते ही हमें अलग तरह का अहसास होता है। जल की रचना कुछ ऐसी है कि अमावस्या और पूर्णिमा के दिन ज्वार-भाटा आते हैं। डॉक्टर और अस्पताल वाले भी इन तिथियों में अधिक मरीज आने की संभावना रखते हैं। प्रदेश सरकार ने पंचायतों के माध्यम से एक बगिया मां के नाम की शुरुआत की है। राज्य सरकार ने सरपंचों को 25 लाख तक की राशि खर्च करने का अधिकार दिया है। उन्होंने कहा कि यह तो केवल शुरुआत है आगे और कार्य करेंगे।

### काम को मिलेगा सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने घोषणा की है कि जिला पंचायत और जनपद पंचायतों के उपाध्यक्ष अभी शिक्षा समितियों के अध्यक्ष होते हैं, लेकिन उनके कार्यों को शामिल नहीं किया जाता। लेकिन, अब उनकी ओर से विद्यालय का निरीक्षण और सुझावों को लिपिबद्ध किया जाएगा और इन पर कार्य भी किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार ने पंचायतों को पीने के पानी का प्रबंध करने का अधिकार दिया है। पंचायतें विकास का संकल्प लेकर आगे बढ़ें। निवेश और निवास की बेहतर व्यवस्था के लिए मास्टर प्लान बनाएं। इसकी शुरुआत विदिशा जिले से की जा रही है। राज्य सरकार किसानों को सोलर पंप योजना के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। अगर कोई किसान तीन हॉर्स पावर से 5 हॉर्स पावर तक का सोलर पंप लेता है तो उसे 90 प्रतिशत का अनुदान मिलेगा। पंचायतें इस योजना को भी आगे बढ़ाएं।

### आत्मनिर्भरता के लिए चल रहा अभियान

कार्यक्रम में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रह्लाद पटेल ने कहा कि यह आयोजन त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था के बेहतर क्रियान्वयन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। यहां सरपंच और सचिव प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि देश के विकास में पंचायत व्यवस्था को सबसे अहम माना गया है। अगर हमारे जिला या जनपद के सीईओ और पंचायत प्रतिनिधियों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। सभी को मिलकर सेमी अर्बन डेवलपमेंट और वित्त जैसे अनेक महत्वपूर्ण विषयों पर मंथन करने की जरूरत है। देश में आत्मनिर्भरता के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला है। मंत्री पटेल ने कहा कि केवल पैसा आत्मनिर्भरता का पैमाना नहीं है। अगर ग्राम पंचायतें तय कर लें तो किसी की हिम्मत नहीं कि कि कोई नशा करे और उसके कारोबार में लिप्त रहे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की हर पंचायत में दिसंबर 2026 तक श्मशान घाट और उसके लिए सभी बुनियादी सुविधाएं जुटाने का संकल्प लिया है। उन्होंने कहा कि पीएम जनमन योजना के माध्यम से प्रदेश के दूर दराज के एक-एक गांव में पक्की सडक़ बन रही है। आज हमारा प्रदेश पीएम जनमन और पीएम आवास निर्माण कराने में देश में अग्रणी है।

### इन्हें मिला पुरस्कार

समग्र रूप से श्रेष्ठ कार्य श्रेणी में खंडवा, रायसेन और बालाघाट जिला कलेक्टरों सहित अन्य अधिकारियों को पुरस्कृत किया गया। खेत तालाब श्रेणी में बालाघाट, अनूपपुर, सहयोगी संगठनों को पुरस्कार मिला।

# मतदाता सूची से नाम कटा तो कांग्रेस के 150 वकील लड़ेंगे लड़ाई

### - मतदाता सूची पुनरीक्षण के दूसरे दौर की कांग्रेस ने शुरू की तैयारी

भोपाल । कांग्रेस ने मतदाता सूची पुनरीक्षण के दूसरे दौर के लिए तैयारी शुरू कर दी है। पूरे प्रदेश में 150 वकील चयनित किए गए हैं। इन वकीलों के माध्यम से उन लोगों की लड़ाई को लड़ा जाएगा, जिनके नाम मतदाता सूची से इस पुनरीक्षण में काटे गए हैं।

मतदाता सूची पुनरीक्षण के कार्य के लिए अब 6 दिन का समय शेष बचा है। भाजपा और कांग्रेस द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल के एजेंट अपने-अपने बूथ पर सही लोगों के नाम काटने से बचने की कोशिश कर रहे हैं तो मर चुके तथा शिफ्ट हो चुके लोगों के नाम को हटवाने के लिए भी जोर लगा रहे हैं। पुनरीक्षण के आधार पर मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इस प्रशासन पर सभी से दावे-आपत्ति बुलाए जाएंगे। मध्यप्रदेश में कांग्रेस ने दूसरे दौर में होने वाले दावे-आपत्ति के कार्य के लिए तैयारी शुरू कर दी है। कांग्रेस के प्रदेश संगठन मंत्री संजय कामले ने बताया कि पार्टी द्वारा 150 वकील चयनित किए गए हैं। इन वकीलों के माध्यम से इस दूसरे दौर में उन लोगों की लड़ाई को लड़ा जाएगा, जिनके नाम इस पुनरीक्षण में मतदाता सूची से गलत तरीके से हटाए जाएंगे। इसके लिए अब प्रदेश कांग्रेस द्वारा इन वकीलों का प्रशिक्षण शुरू किया जा रहा है। प्रशिक्षण के बाद हर जिले में दो वकीलों की तैनाती की जाएगी।

### पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की मीटिंग 28 को

इसके साथ ही कांग्रेस द्वारा पॉलिटिकल अफेयर कमेटी की बैठक 28 नवंबर को प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में बुलाई गई है। प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी महासचिव हरीश चौधरी द्वारा जारी की गई सूचना के अनुसार इस बैठक में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण के अभियान के दौरान हुए कामों की समीक्षा की जाएगी। कमेटी के सदस्यों द्वारा इस बैठक में इस अभियान में हुई गड़बडिय़ों की जानकारी भी सभी से साझा की जाएगी। इस बैठक में कांग्रेस द्वारा आने वाले समय के लिए रणनीति भी तैयार की जाएगी।

# पदोन्नति के अभाव में जेल विभाग में कई पद लंबे समय बाद भी खाली

### - जेल मुख्यालय ने भेजा शासन को प्रस्ताव

भोपाल। भोपाल सहित प्रदेश की अन्य जेलों में लंबे समय बाद भी अधिकारी और कर्मचारियों को पदोन्नति नहीं किए जाने के कारण रिक्त पदों पर भती नहीं हो पा रही है । इसको लेकर एक प्रस्ताव जेल मुख्यालय ने शासन को भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में मुख्यालय में शासन को एक प्रस्ताव भेजा है, जिसमें 800 पद भरे जाने की बात कही गई है।

जेल मुख्यालय के एक अधिकारी के मुताबिक जिला जेल एवं सेंट्रल जेल में मुख्य प्रहरी, प्रमुख प्रहरी के खाली पड़े हैं, जिन्हें लंबे समय बाद भी नहीं भरा जा सका है। हालांकि पिछले साल 227 पद प्रहरियों के भरे गए थे। मुख्यालय के सूत्रों का कहना है कि कर्मचारी और अधिकारियों की पदोन्नति नहीं होने से और रिक्त पदों को नहीं भरा जा रहा है, शासन को प्रस्ताव भेजा है। यदि उसे मंजूरी मिल जाती है तो पदोन्नति का रास्ता भी साफ हो जाएगा। बताया जा रहा है कि प्रदेश की 11 केंद्रीय जेल एवं 72 जिला जेलों में सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद बनाने के लिए कर्मचारियों की भर्ती जरूरी हो गई है। जेल डीआईजी मंसाराम पटेल का कहना है कि कर्मचारियों को पदोन्नति किए जाने के संबंध में शासन स्तर पर जल्द ही कोई बड़ा फैसला लिए जाने की बात सामने आ रही है। उसे मंजूरी मिलने पर जिन जेलों में कर्मचारियों की कमी है, वहां पूर्ति की जा सकेगी।

# कमिश्नर ने जताई कड़ी नाराजगी

### 20 करोड़ की मंजूरी मिलने के बावजूद नहीं बने नए विसर्जन घाट

भोपाल। भोपाल में नए विसर्जन घाटों के निर्माण को लेकर नगर निगम की बड़ी लापरवाही सामने आई है। झीलों में प्रदूषण रोकने के लिए जरूरी इस प्रोजेक्ट पर 20 करोड़ रुपये तो जुलाई में ही मंजूर कर दिए गए थे, लोकेशन भी फाइनल हो चुकी थीं, लेकिन चार महीने बीत जाने के बाद भी एक भी साइट पर कंक्रीट तक नहीं डाला गया। समीक्षा बैठक में यह मामला खुलने पर नगर निगम कमिश्नर संस्कृति जैन नाराज हो गईं। हाल ही में नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने भोपाल की झीलों में मूर्ति विसर्जन पर रोक लगाई है। इसके बाद शहर पर वैकल्पिक विसर्जन स्थल तैयार करने का दबाव बढ़ गया था। जुलाई में हुई परिषद बैठक में नगर निगम ने बीयू कैंपस, नीलबध, संजीव नगर, मालीखेड़ी और प्रेमपुरा में नए घाट बनाने की मंजूरी दी थी, ताकि त्योहारों के दौरान झीलों पर अतिरिक्त भार न पड़े।

लेक कंजर्वेशन सेल के मुताबिक सभी लोकेशन की फील्ड विजिट हो चुकी थी। प्रोजेक्ट की डीपीआर भी तैयार है। प्रस्ताव की शुरुआत तत्कालीन इंचार्ज प्रोजेक्ट इंजीनियर प्रमोद मालवीय ने की थी, लेकिन बजट पास होने के बाद जिम्मेदारी असिस्टेंट इंजीनियर बृजेश कौशल को सौंप दी गई। इसके बाद से चार महीने तक फाइलें ही आगे-पीछे होती रहीं, लेकिन जमीन पर कोई हलचल नहीं हुई। कमिश्नर ने जब प्रोजेक्ट की प्रोग्रेस पूछी, तो कौशल कोई स्पष्ट कारण नहीं बता सके। न टेंडर की स्थिति स्पष्ट थी, न निर्माण का टाइमलाइन। उनके जवाबों से नाराज़ होकर कमिश्नर ने फटकार लगाते हुए निर्देश दिया कि काम को तुरंत शुरू किया जाए और सप्ताह भर में पूरी प्रोग्रेस रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### त्योहार करीब, निगम पर बढ़ा दबाव

अब नगर निगम पर घाटों को समय रहते तैयार करने का दबाव बढ़ गया है। आने वाले त्योहारों में शहर में हजारों प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। झीलों में प्रतिबंध के बाद विकल्प तैयार न होना शहर की सबसे बड़ी समस्या बन सकता है। निगम अफसरों की देरी से न सिर्फ एनजीटी के निर्देशों का पालन प्रभावित हो रहा है, बल्कि झीलों के संरक्षण से जुड़ा सबसे अहम प्रोजेक्ट भी अटक गया है। शहरवासी भी उम्मीद लगाए बैठे हैं कि इस बार विसर्जन घाट समय से तैयार हों, ताकि झीलों पर प्रदूषण का भार कम हो सके।

# मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने की प्रक्रिया तेजी से जारी

भोपाल। प्रदेश में 57.05 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन हो चुका है। प्रदेश के 5.73 करोड़ मतदाताओं के घर एन्युमरेशन फॉर्म पहुंच चुके हैं। प्रदेश में मतदाता सूची को त्रुटि रहित बनाने की प्रक्रिया के तहत काम तेजी से किया जा रहा है। इसी क्रम में अब तक 57.05 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। बीएलओ द्वारा 5 करोड़ से अधिक मतदाताओं को गणना पत्रक घर-घर पहुंचाए जा चुके हैं, जिन्हें ऑनलाइन भी भरा जा सकता है। प्रदेश में गणना पत्रक डिजीटाइजेशन का कार्य 57.05प्रतिशत पूरा हो गया है। 5 करोड़ 73 लाख से अधिक मतदाताओं को एन्युमरेशन फॉर्म का बीएलओ द्वार वितरण किया जा चुका है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर प्रदेश में मतदाता सूची को शुद्ध व त्रुटि रहित बनाने लिए एसआईआर का कार्य चल रहा है। इसके अंतर्गत बीएलओ द्वारा मतदाताओं को गणना पत्रक का वितरण व डिजिटाइजेशन का कार्य किया जा रहा है। 23 नवंबर तक प्रदेश के 5 करोड़ 73 लाख 2 हजार 531 मतदाताओं को 65014 बूथ लेवल अधिकारियों द्वारा गणना पत्र प्रदान किए जा चुके हैं। इनमें से 3 करोड़ 27 लाख 48 हजार 305 गणना पत्रकों का डिजिटाइजेशन भी पूरा किया जा चुका है, जो कुल गणना पत्रकों का 57.05प्रतिशत है। एसआईआर के दौरान मतदाता ऑनलाइन भी गणना पत्रक भर सकते हैं। इसके लिए मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइटपर जाकर फॉर्म भरना होगा। साथ ही मतदाता 2003 की मतदाता सूची मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्य प्रदेश की वेबसाइट पर जाकर आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। मालूम हो कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के दौरान बीएलओ द्वारा मतदाताओं के घर घर जाकर गणना पत्रक का वितरण किया जा रहा है। यह प्रक्रिया 4 दिसंबर तक चलेगी।

# भोपाल रूट की कई ट्रेनें रद्द, कुछ ट्रेनों को किया डायवर्ट

भोपाल । जयपुर स्टेशन पर चल रहा निर्माण कार्य का असर भोपाल मंडल की ट्रेनों पर दिखने लगा है। जयपुर स्टेशन पर एयर कंकॉर्स निर्माण के चलते भोपाल से होकर गुजरने वाली कई ट्रेने नवंबर और दिसंबर में लिए गए यार्ड ब्लॉक के कारण रद्द, आंशिक रद्द और परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएंगी। रेलवे ने यात्रियों से सफर से पहले अपनी ट्रेन की अद्यतन स्थिति अवश्य जांचने की अपील की है। उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर स्टेशन पर एयर कंकॉर्स निर्माण कार्य तेजी से जारी है। इसी कारण नवंबर और दिसंबर में स्टेशन यार्ड में ब्लॉक लिया गया है, जिसका सीधा प्रभाव पश्चिम मध्य रेलवे, भोपाल मंडल से होकर गुजरने वाली कई महत्वपूर्ण ट्रेनों पर पड़ेगा। इस अवधि में कई ट्रेनें पूरी तरह या आंशिक रूप से रद्द रहेंगी, जबकि कुछ को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा।

# गेहूं का समर्थन मूल्य 2585

भोपाल ईएमएस मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने गेहूं का समर्थन मूल्य ?2600 प्रति क्विंटल पर गेहूं खरीदने की घोषणा की है। पिछली बार केंद्र सरकार द्वारा जो समर्थन मूल्य घोषित किया था। वह 2425 रूपये था। मध्य प्रदेश सरकार ने ?2600 प्रति कुंटल का भुगतान किसानों को किया था। सरकार के खजाने से 175 रुपए की प्रोत्साहन राशि मध्य प्रदेश सरकार को देनी पड़ी थी।

केंद्र सरकार ने अब गेहूं का समर्थन मूल्य 2585 रुपए घोषित किया है। ऐसी स्थिति में अब मध्य प्रदेश सरकार को केवल ?15 प्रोत्साहन राशि के रूप में किसानों को अतिरिक्त देना होंगे।

पिछले वर्ष मध्य प्रदेश सरकार ने 44 लाख टन गेहूं की खरीदी की थी। इसमें लगभग 9969 करोड रुपए की प्रोत्साहन राशि किसानों को दी गई थी।तब सरकार को 175 रुपए प्रति क्विंटल की प्रोत्साहन राशि देना पड़ रही थी।

इस बार मध्य प्रदेश सरकार को केवल ?15 प्रति क्विंटल प्रोत्साहन राशि के रूप में देनी होगी।जिसके कारण मध्य प्रदेश सरकार को लगभग 9000 करोड रुपए की बचत होगी।

उल्लेखनीय है, मध्य प्रदेश सरकार के ऊपर 72000 करोड रुपए का कर्ज़ समर्थन मूल्य पर खरीदी के कारण बना हुआ है। मध्य प्रदेश सरकार ने समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी केंद्र सरकार करे,इस आशय का पत्र केंद्र सरकार को लिखा था। केंद्र सरकार ने इस विषय पर कोई जवाब नहीं दिया है। मध्य प्रदेश सरकार को पिछले साल की तुलना में इस साल 9000 करोड रुपए प्रोत्साहन राशि में कम खर्च करना पड़ेगी।

अभी केंद्र सरकार ने मध्य प्रदेश में गेहूं खरीदी का कोटा तय नहीं किया है। केंद्र सरकार उतना ही गेहूं खरीद करती है। जितना कोटा केंद्र तय करती है। यदि गेहूं का उत्पादन ज्यादा हुआ, तो आगे चलकर मध्य प्रदेश सरकार के लिए मुसीबत बढ़ सकती है।

# चार बड़ी भर्ती परीक्षाएं टली

भोपाल। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा 2025 में होने वाली चार बड़ी परीक्षाओं को टाल दिया गया है। जिन परीक्षाओं को टाला गया है।उसमें उच्च माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, वनरक्षक -क्षेत्ररक्षक- जेल प्रहरी भर्ती परीक्षा। समूहु 03 उप यंत्री परीक्षा तथा

आईटीआई प्रशिक्षण अधिकारी भर्ती परीक्षा इस साल आयोजित नहीं होगी। यह परीक्षायें कब होगी, इसके बारे में कोई जानकारी कर्मचारी चयन मंडल द्वारा नहीं दी गई है। कर्मचारी चयन मंडल द्वारा आबकारी आरक्षक परीक्षा कराई है। अभी इसके परिणाम आना शेष हैं। पुलिस आरक्षक भर्ती परीक्षा 30 अक्टूबर से शुरू होकर 15 दिसंबर तक चलेगी। सूबेदार तथा एएसआई भर्ती परीक्षा 17 दिसंबर 2025 तक चलेगी। पुलिस सब इंस्पेक्टर भर्ती परीक्षा 16 जनवरी 2026 से शुरू होगी।समूह दो संयुक्त भर्ती परीक्षा 2025 के आवेदन चयन मंडल मे आ चुके हैं। इसमें 1।60 लाख आवेदन पत्र मंडल को मिले हैं। यह भर्ती परीक्षा भी 23 जनवरी से शुरू होगी। मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल के पास इतने बड़े पैमाने में परीक्षा कराने के लिए परीक्षा केंद्र उपलब्ध नहीं है। केवल 25 से 30000 अभ्यर्थी ही 50 ऑनलाइन परीक्षा केंद्रों में अभ्यार्थी परीक्षा में शामिल हो सकते हैं। इस कारण को ध्यान में रखते हुए चार बड़ी परीक्षाओं को मध्य प्रदेश कर्मचारी चयन मंडल द्वारा टाल दिया गया है।

# शहरों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में नहीं होगा, अवैध कॉलोनी का निर्माण

### सरकार नियमों में करने जा रही है संशोधन

भोपाल। पिछले दो दशक में शहरी क्षेत्र में एवं शहरों से सटे हुए ग्राम पंचायत क्षेत्र में बड़ी संख्या में कॉलोनी निर्माण हो जाता है।बिल्डर पंचायत से अनुमति लेकर बड़ी-बड़ी कालोनियां बना देते हैं। जमीन का डायवर्सन कराकर कॉलोनियां बना दी जा रही हैं।इसमें राजस्व विभाग की भूमिका भी पाई गई है।राजस्व विभाग के अधिकारियों और टाउन कंट्री प्लानिंग के अधिकारियों के बीच में समन्वय नहीं होने के कारण इस तरह की हजारों अवैध कॉलोनी शहरों एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में बन गई हैं।इसको लेकर कई दशकों के बाद सरकार जागी है।

मध्य प्रदेश सरकार के नगरी विकास विभाग द्वारा ग्राम शहर एवं पंचायत क्षेत्र में अवैध निर्माण को रोकने के लिए कानून में संशोधन किया जा रहा है। नए संशोधन में राजस्व विभाग की भी जिम्मेदारी तय की जा रही है। अवैध कॉलोनी के निर्माण और विकास पर रोक लगे,इसके लिए पार्षद, बिल्डर, डेवलपर,भूमि स्वामी, पुलिस और स्थानीय प्रशासन सभी की जिम्मेदारियां तय की जा रही हैं।

ग्राम पंचायत क्षेत्र में नियमों का उल्लंघन करने पर बड़े पैमाने पर जुर्माने का प्रावधान किया जा रहा है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 लाख से लेकर 50 लाख रुपए तक का जुर्माना, अवैध कॉलोनी बनाने पर किया जाएगा। नगरी विकास विभाग अवैध कॉलोनी के विकास को रोकने के लिए प्रस्ताव तैयार कर रहा है।वह लगभग अंतिम चरण में है। हाल ही में कलेक्टर कमिश्नर कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अवैध कॉलोनीयों के निर्माण पर रोक लगाने के निर्देश दिए थे। उसके बाद से कानून बनाने का काम तेज हो गया है। जल्द ही इसे मंत्रिमंडल की स्वीकृति के लिए रखा जाएगा।



### पटवारी और एसडीएम होंगे जिम्मेदार

शहरी एवं ग्राम पंचायत क्षेत्र में अवैध निर्माण को लेकर राजस्व विभाग के पटवारी से लेकर एसडीएम तक की जिम्मेदारी तय की जा रही है। गांव में कोई अवैध निर्माण ना हो, इसके लिए पंचायत और स्थानीय निकायों को भी जिम्मेदार बनाया जा रहा है। नगरीय प्रशासन विभाग के आयुक्त संकेत भोंड़वे का कहना है। नियमों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। जल्द ही नए नियम लागू होंगे।

### कॉलोनी के लिए सख्त प्रावधान

नगरीय विकास विभाग द्वारा जो ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है।उसमें पार्षद और सरपंच इत्यादि की जिम्मेदारी तय की जाएगी।अवैध कॉलोनी के निर्माण में 15 दिन के अंदर एफआईआर दर्ज कराने का प्रावधान किया जा रहा है। अवैध कॉलोनी को 15 दिन का नोटिस देकर निश्चित समय सीमा पर अवैध निर्माण को गिराने का प्रावधान किया जा रहा हैं।

प्रत्येक जिले में एक टास्क फोर्स बनाया जाएगा।इसकी जिम्मेदारी कलेक्टर की होगी।अवैध कॉलोनी का निर्माण करने वालों को न्यूनतम 7 साल तथा अधिकतम 10 साल की कैद का प्रावधान किया जा रहा है। अवैध कॉलोनी के लिए हर स्तर पर समय सीमा निर्धारित की जा रही है। अधिकारियों को निश्चित समय सीमा के अंतर्गत कार्रवाई करनी होगी। अन्यथा उनके ऊपर अनुशासात्मक कार्रवाई की जाएगी।

# नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने किया सिरोंज को जिला बनाने का समर्थन, राज्य पुनर्गठन आयोग को भेजा पत्र

भोपाल। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव विनोद सेन ने मध्यप्रदेश विधानसभा नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार से भेंट कर सिरोंज जिला बनाने की मांग के समर्थन में राज्य पुनर्गठन आयोग से बात करने की मांग की थी।

जिला बनाने का समर्थन करते हुए इसके बाद नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने सचिव राज्य पुनर्गठन आयोग को पत्र भिजवाकर समर्थन किया।

पत्र में बताया गया है कि सिरोंज एक ऐतिहासिक, प्राचीन धार्मिक, सांस्कृतिक व व्यापारिक शहर सिरोंज को 1 नवंबर सन् 1956 को राजस्थान राज्य से मध्यप्रदेश राज्य में सम्मिलित किया था। सम्मिलित होने से पहले सिरोंज जिला था। इसके अंतिम कलेक्टर बेजनाथ पंचौली थे ।

सिरोंज की जिला मुख्यालय विदिशा से दूरी 85 कि.मी. है, वही सिरोंज विधानसभा के अंतिम छोर के ग्राम उनारसी कला की दूरी मुख्यालय से 160 किमी. है जिससे मुख्यालय में आने जाने के लिए आम जनों को परेशानी होती है गरीब लोगों को आर्थिक न्याय से बंछित होना पड़ता है।

18 बी शताब्दी के द्वौरान सर जार्ज एवरेस्ट पर्वत की ऊँचाई को मापने के लिए महान त्रिकोणमितीय सर्वेक्षण के लिए माप में तीन वैद्यशालाएँ बनाई थी जिसमें से एक वैद्यशाला सिरोंज में बनाई गई थी, जो गुना रोड पर भूरी टौरी है जिसके अवशे अभी भी मौजूद है जो अभिभाजित भारत को केन्द्र बिन्दू है यहाँ पर सिक्के बनाने की टकसाल थी उन सिक्कों पर भी सिरोंज लिखा हुआ है।

सिरोज की पूर्व दिशा में कुरवाई तहसील है जो 40 किमी दूरी पर है पश्चिम दिशा में लटेरी तहसील स्थित है जो सिरोंज से 30 किमी. दूरी स्थित है। इस प्रकार 1. सिरोंज तहसील 2. कुरवाई तहसील, 3. लटेरी तहसील एवं सिरोंज तहसील के 4. पथरिया उप तहसील (टप्पा) है एवं 5. दीपनाखेडा 30 किमी. जो कि राजस्थान में टौक रियासत के समय तहसील का दर्जा था एवं लटेरी तहसील की 6. आनंदपुर उप-तहसील (टप्पा) और 7. नटेरन तहसील के ग्राम सतपाडा हाट को भी तहसील का दर्जा दिया जा सकता है जिसकी दूरी भी 30 किमी है। इनको भी तहसील का दर्जा दे कर सात तहसील को मिलाकर सिरोज को जिला बनाया जा सकता है जोकि सतपाडा हाट क्षेत्र के आम जन सिरोंज से ही व्यापार करते है एवं किसान कृषि उपज को बेंचने सिरोंज मंडी में आते है, सिरोंज से ही बैंको का लेन-देन करते है। सिरोज तहसील में दो अपर जिला एवं सत्र न्यायालय है दो सिविल कोर्ट है एडिशनल कलेक्टर का लिंक कोड है, सभी विभागों के दस अनुविभागी अधिकारी की पदस्थापना है. स्व. राजीव गाँधी स्मृति हॉस्पिटल है जिसमें 100 पलंग की मरीजों को व्यवस्था है, विश्वविद्यालय है एवं अनेक निजी महाविद्यालय है, पॉलिटेक्निक कॉलेज, आईटीआई शासकीय कॉलेज है, जिला मुख्यालय के बाद दूसरा बडा महाविद्यालय है सभी प्रमुख विभागों की प्रमुख शाखाए सिरोंज में है।

# भारतीय विमेंस टीम लगातार दूसरी बार कबड्डी वर्ल्ड चैंपियन

## फाइनल में चीनी ताइपे को 35-28 से हराया; टूर्नामेंट में सभी मैच जीते

ढाका। भारतीय महिला टीम ने लगातार दूसरा कबड्डी वर्ल्ड कप जीत लिया है। फाइनल मुकाबले में भारत ने चीनी ताइपे को 35-28 से हराकर खिताब अपने नाम किया। पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करने वाली छत्तीसगढ़ की रेडर संजू देवी को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

ढाका में खेले गए फाइनल में टीम शुरुआत से ही पूरी तरह हावी नजर आई। भारत ने पहली बार 2012 में ईरान को हराकर वर्ल्ड कप जीता था। खास बात यह है कि टीम ने वर्ल्ड कप के दोनों सीजन 2012 और 2025 में अपने सभी 12 मैच जीते हैं।

संजू देवी ने पहले ही रेड में बढ़त दिलाई

ढाका के शहीद सुहारावर्दी इंडोर स्टेडियम में हुए मुकाबले में टॉस चीनी ताइपे ने जीता और भारत को पहली रेड का मौका मिला। संजू देवी ने शुरुआत की रेड में ही टीम को बढ़त दिला दी। ताइपे ने बोनस लेकर जवाब दिया, लेकिन पूनम और सोनाली के टैकल्स ने भारत की पकड़ और मजबूत कर दी।

संजू ने शुरुआती मिनटों में ही तीन अंकों की एक और दमदार रेड की। ताइपे की येन चियाओ-वेन ने दो अंक लेकर स्कोर 7-7 कर दिया। इसके बाद सुपर टैकल से ताइपे 9-7 से आगे भी हुई।

12वें मिनट में संजू ने 4 पॉइंट्स की रेड की

12वें मिनट में संजू ने चार खिलाड़ियों को आउट कर मैच की तस्वीर बदल दी और भारत 13-12 से आगे हो गया। ताइपे की ह्वांग सु-चिन ने फर्क कम रखने की कोशिश की, लेकिन संजू की दो अंकों की रेड और फिर ऑल आउट ने भारत को 17-14 की बढ़त दिलाई। हाफ टाइम तक भारत 20-16 से आगे था।

दूसरे हाफ में डिफेंस ने शानदार काम किया

दूसरे हाफ की शुरुआत ताइपे ने बोनस पॉइंट से की, लेकिन पुष्पा की तीन अंकों की रेड ने भारत की बढ़त फिर बढ़ा दी। ताइपे ने रेड और टैकल से वापसी का प्रयास किया और स्कोर 25-22 तक लाया, लेकिन भारत की संतुलित रेडिंग और मजबूत डिफेंस ने उन्हें आगे नहीं बढ़ने दिया।

अंत के चार मिनट में ताइपे ने सुपर टैकल कर अंतर 30-26 तक जरूर कम किया, लेकिन भारत ने फिर मैच पर पकड़ मजबूत करते हुए एक और ऑलआउट किया। तय समय के बाद भारत 35-28 से विजेता रहा।

चीनी ताइपे के खिलाफ लगातार दूसरी जीत चीनी ताइपे के खिलाफ यह भारत की लगातार दूसरी जीत है। 2023 एशियन गेम्स फाइनल में टीम ने 26-25 से जीत दर्ज की थी। उसी टूर्नामेंट के ग्रुप मैच में दोनों टीमें 34-34 से बराबर भी रही थीं।

भारत एक भी मैच नहीं हारा भारतीय टीम ने ग्रुप स्टेज से लेकर फाइनल तक अपने सभी मुकाबले दमदार तरीके से जीते। 18 नवंबर को भारत ने थाईलैंड को 65-20 से हराकर टूर्नामेंट की शानदार शुरुआत की। इसके बाद 19 नवंबर को बांग्लादेश को 43-18 से, 20 नवंबर को जर्मनी को 63-22 से और 21 नवंबर को युगांडा को 51-16 से मात दी।

सेमीफाइनल में भारत ने ईरान को 33-21 से हराया और फाइनल में चीनी ताइपे पर 35-28 की जीत के साथ लगातार दूसरा वर्ल्ड कप खिताब अपने नाम किया।




### विमेंस कबड्डी वर्ल्ड कप 2025 में भारत

| तारीख | स्कोर | स्टेज |
|---|---|---|
| 18 नवंबर | भारत 65-20 थाईलैंड | ग्रुप A |
| 19 नवंबर | भारत 43-18 बांग्लादेश | ग्रुप A |
| 20 नवंबर | भारत 63-22 जर्मनी | ग्रुप A |
| 21 नवंबर | भारत 51-16 युगांडा | ग्रुप A |
| 23 नवंबर | भारत 33-21 ईरान | सेमीफाइनल |
| 24 नवंबर | भारत 35-28 चीनी ताइपे | फाइनल |



## भारतीय टीम को दूसरा टेस्ट जीतने आक्रामक रणनीति अपनानी होंगी- शास्त्री

गुवाहाटी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कोच रवि शास्त्री ने कहा है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ गुवाहाटी टेस्ट में भारतीय टीम को अगर जीत दर्ज करनी है तो उसे आक्रामक बल्लेबाजी करने होगी। शास्त्री ने कहा कि भारतीय बल्लेबाजों को अधिक समय खराब न करते हुए तेजी से रन बनाने चाहिए। साथ ही पहली पारी में हो सके तो दक्षिण अफ्रीका से कम रनों पर भी पारी घोषित कर दे। गौरतलब है कि भारतीय टीम ने टेस्ट क्रिकेट में केवल 4 बार दूसरी पारी में विरोधी टीम से कम पर पारी घोषित की है, इसमें एक भी बार भी भारतीय टीम को जीत नहीं मिली है। भारतीय टीम एक मैच हारी जबकि तीन ड्रॉ रहे हैं।

शास्त्री ने कहा, ﬀ भारतीय टीम को तय करना होगा कि वे नई गेंद का सामना कैसे करते हैं, फिर गेम को आगे बढ़ाएं और जीत दर्ज करें। उन्हें फैसले लेने होंगे, जिसका अर्थ है कि आप शायद पहले घोषित करना चाहें, फिर दूसरी पारी में विरोधी टीम को जल्दी आउट करने के प्रयास करें।ﬀ उन्होंने साथ ही कहा, ﬀआपको ये अवसर लेने होंगे। आप दक्षिण अफ्रीका की पहली पारी के 489 रन से आगे बल्लेबाजी करने का इंतजार नहीं कर सकते इसमें बहुत समय लगेगा।ﬀ

गौरतलब है कि टेस्ट क्रिकेट में 33 बार टीमों ने दूसरी पारी में पीछे होने पर पारी घोषित की है पर इसमें केवल तीन अवसरों पर ही इन टीमों को जीत मिली है। भारतीय टीम ने ऐसा चार बार किया है पर उन्हें एक बार भी जीत नहीं मिली। उन्हें एकमात्र हार 1948 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न में मिली थी, जब उन्होंने 103 रन कम पर पारी घोषित की थी। वहीं तीन अन्य बार मुकाबले ड्रॉ रहे थे।

## पाकिस्तान टीम ने बांग्लादेश को सुपर ओवर में हराकर राइजिंग स्टार्स एशिया कप ट्रॉफी जीती

दोहा। पाकिस्तान ए ने राइजिंग स्टार्स एशिया कप ट्रॉफी जीत ली है। पाक ए टीम ने खिताबी मुकाबले में बांग्लादेश को हराया। पाकिस्तान ए की टीम ने इसी के साथ ही तीसरी बार से ट्रॉफी अपने नाम की है। इस टूर्नामेंट का फाइनल काफी संघर्षपूर्ण रहा और सुपर ओवर में विजेता का फैसला हुआ। फाइनल में दोनो ही टीमों ने तय ओवरों में 125-125 रन बनाये जिसके कारण मैच का फैसला सुपर ओवर में हुआ।

इस मैच में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाक ए की शुरुआत अच्छी नहीं रही। उसके सलामी बल्लेबाज यासिर खान पारी की पहली ही गेंद पर आउट हो गये। दूसरे ओवर में मोहम्मद फैक भी खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये। विकेटकीपर बल्लेबाज गाजी गोरी ने 9 गेंद में नौ रन बनाए। इसके बाद साद मसूद ने 26 गेंदों पर 3 चौकों और 3 छक्कों की सहायता से 38 रन बनाये और पारी को संभाला। अराफात मिन्हास ने 25 रन और माज सदाकत ने 23 रन बनाये। वहीं बांग्लादेश की ओर से रिपोन मोंडोल ने तीन जबकि रकिबुल हसन ने दो विकेट लिए।



इसके बाद 126 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश को शुरुआत अच्छी रही पर 22 के स्कोर पर पहला विकेट गिरने के बाद टीम ने एक के बाद एक विकेट खो दिये। बांग्लादेश ए की टीम ने एक समय 96 रन पर 9 विकेट गंवा दिये थे पर 10वें नंबर के बल्लेबाज अब्दुल गफ्फार सकलैन ने नाबाद 16 और 11वें नंबर के रिपोन मोंडोल ने नाबाद 11 रन बनाये। इनके बीच 29 रनों की साझेदारी से मैच टाई को गया। पाकिस्तान के लिए सुफियान मुकीम ने 3 विकेट जबकि अहमद दानियाल ने 2 विकेट लिए।

इसके बाद सुपर ओवर में पहले बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश ए की टीम उम्मीद के मुताबिक रन नहीं बना पायी। केवल 6 रन ही बना सके और 3 गेंदों में अपने दोनों विकेट खो दिए। इसके बाद जीत के लिए पाकिस्तान ए को 7 रनों का लक्ष्य मिला, जिसे साद मसूद और माज सदाकत की जोड़ी ने केवल 4 गेंदों में ही हासिल कर लिया।

## दक्षिण अफ्रीका ने दूसरे टेस्ट पर शिकंजा कसा, 314 रनों की बढ़त हासिल की

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय टीम अपनी पहली पारी में 201 रनों पर ही आउट गयी । वहीं दक्षिण अफ्रीका ने अपनी पहली पारी में 489 रन बनाए थे। दक्षिण अफ्रीका ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय तक अपनी दूसरी पारी में बिना किसी नुकसान के 26 रन बना लिए थे। रयान रिकेल्टन 13 और एडेन मार्करम 12 रन पर खेल रहे थे।

ऐसे में अफ्रीकी टीम के पास 314 रन की अच्छी खासी बढ़त हो गयी है और अब मैच में उसकी पकड़ मजबूत हो गयी है। इस मैच में भारतीय गेंदबाज और बल्लेबाज विफल रहे हैं। आज भारतीय टीम की बल्लेबाज असफल रही। केवल सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ही 58 रन बना पाये। इसके अलावा वॉशिंगटन सुंदर ने 48 रन बनाये।



भारतीय पारी की शुरुआत केएल राहुल और यशस्वी जायसवाल ने की। इस जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 65 रन बनाये। राहुल के 22 रन पर आउट होते ही भारतीय बल्लेबाजी ढ़हने लगी। टीम ने एक समय 122 रनों पर ही अपने सात विकेट खो दिये। इसके बाद कुलदीप यादव ने वॉशिंगटन सुंदर के साथ आठवें विकेट के लिए 72 रन बनाकर पारी को संभाला। सुंदर 48 रन बनाकर आउट हुए जबकि कुलदीप ने 19 रन बनाये। दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को जानसेन ने 6 विकेट लिए। वहीं स्पिनर साइमन हार्मर ने 3 खिलाड़ियों को पेवेलियन भेजा एक विकेट केशव महाराज ने लिया। दक्षिण अफ्रीका ने पहली पारी के आधार पर 288 रन की बढ़त बना ली थी, लेकिन मेजबान टीम को फॉलोऑन नहीं दिया।

## न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए घोषित की टीम

### विलियमसन की एक साल बाद वापसी

ऑकलैंड। न्यूजीलैंड क्रिकेट बोर्ड ने 2 दिसंबर से वेस्टइंडीज के खिलाफ शुरू हो रही तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच के लिए अपनी टीम घोषित कर दी है। इस टीम में लंबे समय के बाद अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन को शामिल किया गया है। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने तीन मैच की टेस्ट सीरीज के पहले मुकाबले के लिए 14 खिलाड़ियों के नामों की घोषणा की है। इस दल में विलियमसन के अलावा डेरिल मिशेल भी शामिल हैं। मिशेल वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के दौरान चोटिल हो गये थे। वहीं तेज गेंदबाज जैकब डफी, जकारी फाउल्केस और ब्लेयर टिकनर को भी पहले टेस्ट के लिए 14 खिलाड़ियों में शामिल किया गया है।



विलियमसन इससे पहले जिम्बाब्वे के खिलाफ टेस्ट सीरीज से बाहर रहे थे। उन्होंने न्यूजीलैंड के लिए अंतिम बार टेस्ट दिसंबर 2024 में खेला था। वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट सीरीज की तैयारी के लिए वह प्लंकेट शील्ड के दूसरे दौर में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स की ओर से खेलेंगे। वहीं तेज गेंदबाज ब्लेयर टिकनर को साल 2023 के बाद पहली बार टीम में शामिल किया गया है। काइल जैमीसन को टीम में जगह नहीं मिली है क्योंकि वह लाल गेंद क्रिकेट में वापसी कर रहे हैं। ग्लेन फिलिप्स, जो प्लंकेट शील्ड के पहले दौर में खेले थे, उन्हें भी शामिल नहीं किया गया है क्योंकि वह कमर की चोट से अभी तक पूरी तरह से नहीं उबरे हैं।

वहीं मुख्य कोच रॉब वाल्टर ने विलियमसन की वापसी पर खुशी जताते हुए कहा, फील्ड पर इस खिलाड़ी की योग्यता स्वयं ही काफी कुछ बताती है। टेस्ट में शामिल होने से उनकी स्किल्स और लीडरशिप का लाभ हमें मिलेगा। उन्हें लाल गेंद के क्रिकेट के लिए अपने को तैयार करने के लिए थोड़ा समय मिला है, और मुझे पता है कि वह पहले टेस्ट से पहले प्लंकेट शील्ड के दूसरे राउंड में नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए खेलने को बेताब हैं।

**न्यूजीलैंड टीम**

टॉम लैथम (कप्तान), टॉम ब्लंडेल (विकेट कीपर), माइकल ब्रेसवेल, डेवॉन कॉनवे, जैकब डफी, जैक फाउल्केस, मैट हेनरी, डेरिल मिशेल, रचिन रवींद्र, मिशेल सेंटनर, नाथन स्मिथ, ब्लेयर टिकनर, केन विलियमसन, विल यंग

## शुभमन की गर्दन की जकड़न बनी रहस्य

### किसी भी तरह की नर्व चोट नहीं पायी गयी

नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान शुभमन गिल की गर्दन की अकड़न को लेकर अभी तक रहस्य बना हुआ है। शुभमन इसी कारण दूसरे टेस्ट के साथ ही दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज से भी बाहर हो गये हैं। वहीं जांच रिपोर्ट्स के अनुसार शुभमन को किसी भी तरह की नर्व चोट नहीं है। इसके बाद भी शुभमन के दर्द से उबरने में हो रही देरी से सभी हैरान हैं। सभी हैरान हैं कि उनकी रिकवरी में इतना समय क्यों लग रहा है। साधारण हालातों में गर्दन की अकड़न आम है। यही वजह थी कि वे टीम के साथ दूसरे टेस्ट के लिए गुवाहाटी भी गये थे पर आराम नहीं मिलने के कारण अचानक ही जांच के लिए मुम्बई चले गये।



अगर गर्दन की अकड़न 2 दिन में ठीक न हो, तो इसे पूरी तरह ठीक होने में 15ङ्क20 दिन तक लग सकते हैं पर परे आराम की जरुरत होती है। वहीं यदि आराम का समय न हो, तो डॉक्टर एक ऐसा इंजेक्शन देते हैं जो रिकवरी की प्रक्रिया को तेज कर देता है। इंजेक्शन का पूरा असर दिखने में लगभग 3 दिन लगते हैं। इसके बाद खिलाड़ी रीहैब शुरू कर सकता है। शुभमन को यह इंजेक्शन दे दिया गया है और प्राप्त जानकारी के अनुसार वे अब पहले से काफी बेहतर महसूस कर रहे हैं। इसी कारण अब एक-दो दिन में उनका रीहैब शुरू हो जाएगा। वे कितनी जल्दी मैदान पर लौटेंगे, यह उनके रीहैब की गति पर निर्भर करेगा.

डॉक्टरों को भरोसा है कि अगर सब ठीक रहा, तो शुभमन टी20 सीरीज में खेल सकते हैं हालांकि ये अभी तक तय नहीं है।

## सैमसन को शामिल नहीं किये जाने पर कुंबले ने नाराजगी जतायी

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज

मुम्बई। पूर्व क्रिकेटर अनिल कुंबले ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ इस माह के अंत में होने वाली एकदिवसीय क्रिकेट सीरीज के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसम को शामिल नहीं किये जाने की आलोचना की है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीसीआई) ने 30 नवंबर से शुरू होने वाली एकदिवसीय सीरीज के लिए केएल राहुल को टीम का कमान बनाया है क्योंकि नियमित कप्तान शुभमन गिल गर्दन की अकड़न के कारण इस सीरीज से बाहर हैं। इस सीरीज के लिए युवा बल्लेबाज ऋतुराज गायकवाड़, ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा और विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत की टीम में वापसी हुई है पर सैमसन को एक बार फिर अवसर नहीं मिला है। माना जा रहा है कि चयनकर्ताओं ने सैमसन के अच्छे फार्म के बाद भी उनकी उपेक्षा की है



कुंबले का मानना है कि सैमसन ने पिछले कुछ समय में एकदिवसीय प्रारुप में अपनी बल्लेबाजी बेहतर बनायी है। इसके आधार पर वह टीम में जगह पाने के अधिकारी थे। कुंबले ने कहा, मैं सैमसन का देखना चाहूंगा। क्योंकि मुझे लगता है उन्होंने कुछ साल पहले जो एकदिवसीय खेला था, उसमें शतक लगाया था। मैं जानता हूं कि वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय दल में शामिल नहीं थे। वहीं ऋषभ पंत को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज में जगह दी गई है। वह लंबे समय बाद एकदिवसीय में वापसी में सफल रहे हैं।

वहीं सैमसन ने दिसंबर 2023 में अंतिम बार भारतीय टीम से एकदिवसीय खेला था। उन्होंने इस मैच में 114 गेंदों में 108 रन बनाए थे। संजू ने 16 एकदिवसीय मैच में 510 रन बनाए हैं। उन्होंने तीन अर्धशतक और एक शतक लगाया है। यह सीरीज 30 नवंबर को रांची में शुरू होगी और इसके बाद रायपुर में 3 दिसंबर और विशाखापत्तनम में 6 दिसंबर को मैच खेले जाएंगे।

## बाबर ने विराट के एक रिकार्ड की बराबरी की

लाहौर। पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम ने यहां त्रिकोणीय सीरीज में जिम्बाब्वे के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अर्धशतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को जीत दिलाने के साथ ही एक अहम उपलब्धि भी हासिल की है। इस मैच में बाबर ने 52 गेंद में सात चौके और दो छक्के लगाकर 74 रन की पारी खेलने के साथ ही भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली के टी20 प्रारुप में सबसे अधिक अर्धशतक के रिकॉर्ड की भी बराबरी कर ली।

इस पारी में पचास रन बनाते ही बाबर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अपना 38वां अर्धशतक लगाया। ये इस प्रारुप में किसी भी सक्रिय बल्लेबाज के सबसे ज्यादा अर्धशतक हैं। बाबर अब टी20 में सबसे ज्यादा अर्धशतक बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में विराट कोहली के बराबर आ गए हैं। उन्होंने 134 मैचों और 127 पारियों में अपना 38वां अर्धशतक बनाया, जबकि विराट ने 125 मैचों और 117 पारियों में 38 अर्धशतक बनाए हैं। वहीं भारत के के ही रोहित शर्मा 159 मैचों में 32 अर्धशतकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं.

विराट और रोहित दोनों ने ही पिछले साल टी20 अंतरराष्ट्रीय से संन्यास ले लिया था। ऐसे में आने वाले मैचों में बाबर का इस प्रारुप में सबसे ज्यादा अर्धशतक बनाने वाले खिलाड़ी बनना तय है। बाबर ने 41 बार 50 रन से अधिक बनाये हैं। वहीं विराट और रोहित ने 39 और 37 बार ये कारनामा किया है।

## मार्करम ने पकड़ा असंभव सा कैच

गुवाहाटी। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट मेच में भारतीय टीम की बल्लेबाजी के दौरान नीतीश कुमार रेड्डी का एक ऐसा असंभव सा कैच ऐडन मार्करम ने जिसे देखने के बाद दर्शकों के साथ ही रेड्डी भी हैरान रह गए। इस मैच में दक्षिण अफ्रीका के 489 रनों का सामना करते हुए भारतीय टीम इंडिया की हालात काफी खराब नजर आयी। टीम ने 150 रनों के अंदर ही 7 विकेट खो दिये थे। इसी दौरान मार्करम ने मार्को यान्सन की गेंद पर नीतीश को एक बेहद कठिन कैच पकड़ा। इस गेंद को नीतीश समझ नहीं पाये और गेंद उनके हाथ से टकराकर स्लिप में पहुंच गयी। ऐसे में मार्करम ने अपने दाए ओर छलांग लगाते हुए कैच लपक लिया। इस कैच की जमकर प्रशंसा हो रही है। तारीफ हर जगह हो रही है। इस मैच में मेहमान टीम दक्षिण अफ्रीका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 489 रन बोर्ड पर लगाए।

### मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR 2026) में 78 प्रतिशत गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा

# बैहर विधानसभा 88 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के साथ जिले में प्रथम

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (स्ढ्ढक्र 2026) कार्य की प्रगति लगातार तेज़ी से आगे बढ़ रही है। 24 नवंबर 2025 की शाम तक जिले में कुल 13 लाख 70 हजार 312 मतदाताओं में से 10 लाख 67 हजार 100 गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन पूरा कर लिया गया है, जो जिले की कुल प्रगति को 78 प्रतिशत पर ले जाता है।

कलेक्टर मृणाल मीणा के निर्देशन में बीएलओ की टीम तेजी से शत-प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के लक्ष्य की ओर बढ़ रही है। बालाघाट जिले के 1675 मतदान केन्द्रों पर हो रहे इस कार्य की नियमित समीक्षा की जा रही है। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जी एस धुर्वे एवं सभी एसडीएम व तहसीलदार गांव-गांव जाकर एस आई आर कार्य का निरीक्षण कर रहे हैं और बीएलओ के कार्यों की



समीक्षा कर रहे हैं।

बालाघाट जिले में गणना पत्रकों के डिजिटलाइजेशन में बैहर विधानसभा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 88 डिजिटलाइजेशन के साथ प्रथम स्थान बनाया हुआ है । वारासिवनी 83 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर, परसवाड़ा 79 प्रतिशत के साथ तीसरे स्थान पर, लांजी 76 प्रतिशत के साथ चौथे स्थान पर, कटंगी 75 प्रतिशत के साथ पांचवें स्थान पर और बालाघाट विधानसभा 71 प्रतिशत डिजिटलाइजेशन के साथ छठवें स्थान पर है।

बैहर विधानसभा के 321 मतदान केन्द्रों के 02 लाख 07 हजार 800 गणना पत्रकों, वारासिवनी विधानसभा के 237 मतदान केन्द्रों के 01 लाख 70 हजार 200 गणना पत्रकों, परसवाड़ा विधानसभा के 298 मतदान केन्द्रों के 01 लाख 79 हजार 100 गणना पत्रकों, लांजी विधानसभा के 294 मतदान केन्द्रों के 01 लाख 89 हजार 700 गणना पत्रकों, कटंगी विधानसभा के 249 मतदान केन्द्रों के 01 लाख 52 हजार 900 गणना पत्रकों एवं बालाघाट विधानसभा के 276 मतदान केन्द्रों के 01 लाख 67 हजार 900 गणना पत्रकों का डिजिटलाइजेशन किया जा चुका है।

## जन अभियान परिषद बैहर द्वारा शहीद आशीष शर्मा को दी गई श्रद्धांजलि

पद्मेश न्यूज।उकवा। शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम द्वारा शहीद आशीष शर्मा को मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।अपने उदबोधन में बताया गया कि आशीष शर्मा मध्य प्रदेश हॉक-फोर्स के जांबाज़ अधिकारी थे, जो 19 फ़रवरी ?2025 को छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश की सीमा पर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए 2016 में पुलिस में



आरक्षक के तौर पर भर्ती हुए, फिर सब-इंस्पेक्टर और अंत में आउट-ऑफ़-टर्न प्रमोशन पाकर इंस्पेक्टर बने। 29 साल की उम्र में ही दो बार गैलेंट्री मेडल जीत चुके थे? बोर तालाब (राजनांदगांव) के घने जंगलों में नक्सलियों के ठिकाने की सूचना पर संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। टीम का नेतृत्व खुद आशीष कर रहे थे, तभी घात लगाकर हुई गोलीबारी में वे शहीद हुए? शादी की तैयारियां चल रही थीं; जनवरी में उनका विवाह तय था, पर शहादत ने सब कुछ बदल दिया जिसमें उपस्थिति विकासखंड समन्वयक महेश पटले परामर्शदाता सुश्री आकांक्षा तेकाम शिवनाथ यादव सुरेश यादव भंवर सिंह मेरावी श्रीमति संगीता उइके संदीप गजभिये अभय यादव, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, नीलिमा यादव एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## दिसंबर माह में होंगे 24 नेत्र शिविरों का आयोजन

### देवजी नेत्रालय जबलपुर में कराये जायेंगें मोतियाबिंद के आपरेशन

पदमेश न्यूज।बालाघाट। राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर उनकी आंखों का आपरेशन कर उन्हें नई नेत्र ज्योति प्रदान करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा माह दिसंबर 2025 में जिले के विभिन्न स्थानों पर 24 नेत्र शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। इन शिविरों में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों का देवजी नेत्रालय जबलपुर में निःशुल्क आपरेशन किया जायेगा।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ परेश उपलप ने बताया कि राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत सिविल अस्पताल बैहर एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिरसा में 01, 15 एवं 29 दिसंबर को नेत्र शिविर लगाया जायेगा। इसी प्रकार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द् 'परसवाड़ा एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लामता में 02, 16 एवं 30 दिसंबर को नेत्र शिविर का आयोजन किया जायेगा। सामुदायिक स्वास्?थ्?य केन्द्र खैरलांजी में 03, 17 एवं 31 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में 04, 11, 18 एवं 24 दिसंबर, सिविल अस्पताल वारासिवनी में 05, 12, 19 एवं 26 दिसंबर, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लालबर्रा में 05, 12, 19 एवं 26 दिसंबर तथा सिविल अस्पताल लांजी व सामुदायिक स्वास्?थ्?य केन्द्र किरनापुर में 08, 22 एवं 31 दिसंबर को नेत्र शिविर लगाया जायेगा। इसके अलावा कसतूरा युति भवन सुभाष चौक बालाघाट में प्रतिदिन नेत्र रोगियों की स्क्रीनिंग एवं पंजीयन किया जायेगा। प्रत्येंक शिविर में मोतियाबिंद के 100 मरीजों को चिन्हित करने का लक्ष्य रखा गया है।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ उपलप ने बताया कि इन शिविरों में चिन्हित मोतियाबिंद के मरीजों की आंखों का आपरेशन स्वास्थ्य विभाग मध्यप्रदेश शासन से अनुबंधित संस्था दादा वीरेन्द्रपुरी जी (देवजी नेत्रालय) नेत्र संस्थान जोतपुर, तिलवाराघाट जबलपुर में निःशुल्क किया जायेगा। मोतियाबिंद के मरीजों को आपरेशन के लिए जबलपुर ले जाने एवं वापस लाने की सम्पूर्ण व्यवस्था देवजी नेत्रालय जबलपुर की रहेगी।

डॉ उपलप ने नेत्र रोगियों से अपील की है कि वे अपने निकटवर्ती स्थान पर लगने वाले नेत्र शिविर में आकर अपनी आंखों की जांच अवश्य करायें। मोतियाबिंद का आपरेशन आधुनिक मशीनों से किया जाता है और बहुत कम समय में पूरा हो जाता है। आंखों में मोतियाबिंद होने पर उसका एकमात्र ईलाज आपरेशन ही होता है। अधिक आयु एवं आंखों में कचरा जमा होने से आंखों के लेंस के ऊपर जाले की एक परत जम जाती है। जिसके कारण आंखों से बहुत कम या धुंधला दिखाई देता है। आपरेशन द्वारा आंखों के लेंस पर जमे जाले को साफ कर हटा दिया जाता है। जिससे मरीज की आंखों में नई नेत्र ज्योति आ जाती है।

## मशरूम प्रोडक्शन एवं वर्मी कम्पोस्टिंग पर 12 दिवसीय कार्यशाला संपन्न

पद्मेश न्यूज।बालाघाट। रानी दुर्गावती शासकीय महाविद्यालय में 10 से 22 नवम्बर तक मशरूम उत्पादन एवं वर्मीकम्पोस्टिंग विषय पर 12 दिवसीय कार्यशाला सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस कार्यशाला का आयोजन EPCO भोपाल (Environment Education Program of MOE-FCC) के सौजन्य से किया गया। कार्यशाला के ट्रेनर श्री भैया धोटे थे, जिन्होंने विद्यार्थियों को मशरूम उत्पादन की विभिन्न तकनीकों, वर्मी कम्पोस्ट बनाने की प्रक्रिया तथा व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ सिद्धांत एवं प्रायोगिक दोनों प्रकार के सत्रों में भाग लिया।




कार्यक्रम के अध्यक्ष महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एल. एल. घोरमारे थे जिन्होंने पर्यावरण संरक्षण से जुड़े ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यशाला की सयोजक डॉ. जयश्री सूर्यवंशी, विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान एवं इको क्लब प्रभारी थीं। उनके मार्गदर्शन में पूरा आयोजन सफलतापूर्वक संचालित हुआ। कार्यक्रम का मंच संचालन डॉ. शोभा शर्मा द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ की सक्रिय सहभागिता रही। इस कार्यशाला में नितीश गौतम एवं श्री राजा तिवारी, जिन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम के संचालन एवं समन्वय में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 12 दिवसीय प्रशिक्षण के अंत में विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए उत्पादों का प्रदर्शन भी किया गया। प्रतिभागियों ने कहा कि इस कार्यशाला ने उन्हें स्वरोजगार एवं पर्यावरण संरक्षण दोनों क्षेत्रों में नए अवसर प्रदान किए।

## जंगली सूअर के हमले से कोमल राजुरकर घायल

पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। वारासिवनी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कोस्ते निवासी कोमल राजूरकर सोमवार की दोपहर करीब १२ बजे जंगली सूअर के हमले से गंभीर रूप से घायल हो गया उसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोमल पिता लक्ष्मीचंद राजुरकर ४६ वर्ष निवासी कोस्ते पेशे से कृषक है। जो खेती किसानी कर अपना जीवन व्यापन करते हैं वर्तमान में धान कटाई चल रही है। ऐसे में वह अपने खेत में बोझे बांधने के लिए गए हुए थे। इस दौरान वह खेत से बोझा लेकर तालाब की पार से होते हुए बाहर निकल ही रहे थे। तभी करीब चार से अधिक जंगली सूअर के द्वारा उनके ऊपर हमला कर दिया वह तालाब में गिर गये। इस दौरान आस पड़ोस के लोगों के द्वारा दौड़कर सभी जंगली सूअर को खदेड़ा गया। इसके बाद घायल को उसके घर ले जाकर परिजनों को सूचना दी गई जहां से परिजनों के द्वारा कोमल राजूरकर को सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती किया गया जहां उनका



उपचार जारी है। चर्चा में घायल कोमल राजुरकर ने बताया कि हम खेती किसानी करते हैं अभी हमारे खेत में बोझा बांधने का कार्य चल रहा है। जिसके लिए सुबह १० बजे हम खेत गए हुए थे जहां बोझे बांधने के बाद उसे तालाब की पार होते हुए बाहर लाकर रखा जा रहा था कि ट्रैक्टर के माध्यम से घर ले जाया जाएगा। किंतु दोपहर करीब १२ बजे बोझा लेकर जाते समय तालाब की पार पर ४ से अधिक जंगली सूअर के द्वारा हमला कर दिया गया। जिसमें आस पड़ोस वालों ने बचाया हमारे ग्राम में बहुत ज्यादा जंगली सुअरो का आतंक हो गया है। अकेले कोई भी खेत नहीं जाता है हमेशा इनका डर बना रहता है। यह खेत में फसल को नुकसान पहुंचाते है और हम जैसे लोगों पर हमला भी करते हैं। पिछले कुछ वर्षों से बहुत ज्यादा खराब स्थिति हो गई है इस पर शासन प्रशासन को ध्यान देना चाहिए। क्योंकि हमें परेशानी का सामना करना पड़ रहा है हमेशा डर लगा रहता है खेत में किधर से जंगली सूअर आएगा यह देखते रहते हैं। इस दुर्घटना में मेरे हाथ और पैर में चोट आई हैं।

## शादी के झांसे में आई युवती के साथ पुणे में सामूहिक दुष्कर्म, गर्भपात भी कराया

बांदा। मध्य प्रदेश के बांदा जनपत के गांव मोतिहारी निवासी युवक ने 21 वर्षीय युवती को शादी का झांसा देकर पुणे ले गया। करीब 28 वर्षीय युवक ने तीन महीने पहले पुणे ले जाकर युवती से मंदिर में जयमाला डालकर शादी की। युवती उसी के साथ रहते हुए गर्भवति हो गई, जिसकी जानकारी लगते ही युवक ने दवा देकर उसका गर्भपात करा दिया। जब युवक का इससे भी दिल नहीं भरा तो उसने अपने दोस्तों को घर बुलाकर युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म करा दिया। इस तरह एक युवती का सुनहरा सपना खौफनाक हकीकत में तब्दील हो गया।

जानकारी अनुसार युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है, कि युवक के साथ रहते हुए वह डेढ़ माह की गर्भवती हो गई थी। इसकी जानकारी जब आरोपी युवक को दी तो उसने जबरन दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। गर्भपात के बाद युवती स्वास्थ्य बिगड़ गया, लेकिन आरोपी ने उसका इलाज नहीं कराया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने इसके कुछ दिनों बाद ही अपने दो दोस्तों को घर बुलाया और उनके साथ शारीरिक संबंध बनाने के लिए दबाव डाला। युवती ने जब इसका विरोध किया तो तीनों ने बलपूर्वक उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। इसके बाद स्वास्थ्य और बिगड़ गया और मामला बड़ा होते देख आरोपी ने इलाज का बहाना कर युवती को झांसी रेलवे स्टेशन पर अकेला छोड़ फरार हो गया। इसके बाद किसी तरह से पीड़िता नरैनी पहुंच कर कोतवाली में लिखित शिकायत की है। नरैनी कोतवाली प्रभारी संदीप तिवारी ने मीडिया को बताया कि पीड़िता की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच शुरु कर दी गई है। फिलहाल आरोपी पुणे में है, जिसे बुलाने की प्रक्रिया की जा रही है। दोनों पक्षों से आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाएगी, तभी सच्चाई सामने आएगी। पुलिस ने बताया कि मूल घटनाक्रम मध्य प्रदेश से जुड़ता है, लेकिन शिकायत उत्तर प्रदेश में की गई है, जिस कारण यहाँ से कार्रवाई की जा रही है।

## बंगाल में एक ही महिला का नाम 44 जगह दर्ज...

नई दिल्ली । देश में 'वोट चोरी' आखिर पकड़ी गई! जी हां, ये सच हैं, पश्चिम बंगाल में वोटर सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) के दौरान वोट चोरी का पर्दाफाश हुआ है, इस पर यकीन करना मुश्किल होगा। वहां जब स्कैनिंग शुरू हुई, तब मतदाता सूची ही रहस्यमय तरीके से बदली हुई दिखाई दी। एक ही महिला का नाम 44 जगह दर्ज है। अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों में अलग-अलग सरनेम के साथ महिला वोट कर रही है। उदाहरण के लिए हावड़ा में महिला का नाम मयरानी राय है, तब बांकुड़ा में मयरानी मुर, साउथ 24 परगना के मंडिरबाजार में मयरानी प्रमाणिक है, तब साउथ 24 परगना के कुलपी में मयरानी नाया, नॉर्थ 24 परगना में वह मयरानी मंडल के नाम से दर्ज है। यानी एक ही महिला इन 44 जगहों पर वोटर है।

एसआईआर प्रक्रिया के दौरान, एक ही एन्यूमरेशन फॉर्म का क्यूआर कोड स्कैन करने पर पता चला कि उसी महिला का नाम एक साथ 44 अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों की मतदाता सूची में शामिल है। उसके पति का नाम भी सभी वोटर सूची में शामिल है, लेकिन मजेदार बात ये हैं कि महिला का हर जगह सरनेम अलग है। इसतरह के वोटर-कार्ड फर्जीवाड़े का मामला पश्चिम बर्दवान के पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के बूथ 47 में सामने आया है।पश्चिम बर्दवान के जिला मजिस्ट्रेट पोननमलम एस. ने कहा, शिकायत की जांच हो रही है। मयरानी के मामले को लेकर बंगाल में हड़कंप मचा है। मयरानी पेशे से रसोइया का काम करती है। बीजेपी ने आरोप लगाया है कि तृणमूल कांग्रेस ने राज्यभर की मतदाता सूची में इस तरह फर्जी नाम जोड़ रखे हैं। अब चुनाव आयोग ने इसतरह के फर्जी नामों की जांच शुरू कर दी है.

### एक स्कैन से खुल गई पोल

विधवा मयरानी गोस्वामी पांडवेश्वर विधानसभा क्षेत्र के डीवीसी इलाके में रहती है। जब बीएलओ ने उसके एन्यूमरेशन फॉर्म का क्यूआर स्कैन किया, तब पता चला कि वह राज्यभर में 44 अलग-अलग जगहों पर मतदाता के रूप में दर्ज हैं। हालांकि, मयरानी इस बात से हैरान नहीं दिखी।

मयरानी ने बताया कि मुझे कुछ नहीं पता। शुरू से मैं बैद्यनाथपुर स्कूल में ही वोट देती आई हूं। पिछली सरकार के समय मेरा नाम वोटर सूची से हटाया गया था, बस इतना ही जानती हूं। मैं लोगों के घर खाना बनाकर गुज़ारा करती हूं। मुझे नहीं पता मुझे क्या करना चाहिए। अब सभी लोगों ने एसआईआर फॉर्म भरा, तब मैंने भी भर दिया।

बीजेपी नेता जितेंद्र तिवारी ने दावा किया कि एसआईआर प्रक्रिया ने सच साबित कर दिया। उनका कहना है कि इसके बिना इसतरह के मामले कभी उजागर नहीं होते। उन्होंने कहा कि यह सोचकर ही चिंता होती है कि कितने गरीब और कमजोर लोगों के नामों का इस तरह गलत इस्तेमाल हुआ है। उन्होंने इसकी गहन जांच की मांग की।

सूत्रों के अनुसार, विधवा मयरानी बेहद कमजोर आर्थिक स्थिति में है। वह दूसरों के घर खाना बनाकर अपना जीवन यापन करती है। आरोप है कि एसआईआर फॉर्म के क्यूआर कोड को स्कैन करने पर उसका नाम उत्तर दिनाजपुर से लेकर दक्षिण 24 परगना के गोसाबा तक कई जिलों में अलग-अलग पहचान के साथ जुड़ा मिला।

# विशेष गहन पुनरीक्षण ने राजनीतिक दलों, बीएलओ और मतदाताओं को डाला संकट में

नइ' दिल्ली/भोपाल/रायपुर/जयपुर। देश के 12 राज्यों में विशेष गहन पुनरीक्षण चल रहा है। लेकिन चुनाव आयोग ने एसआईआर के लिए जो प्रावधान कर रखा है उसने राजनीतिक पार्टियों, बीएलओ और मतदाताओं को परेशानी में डाल दिया है। खासकर नौकरी, कारोबार, मजदूरी के लिए दूसरे राज्यों में रह रहे प्रवासियों को सबसे अधिक डर सता रहा है। अधिकांश लोगों का कहना है कि उनके गांव से फोन आ रहा है कि जल्दी से फॉर्म भरने आ जाओ, नहीं तो वोटर लिस्ट से नाम कट जाएगा...यहां वोटर लिस्ट अपडेट हो रही है। लाखों प्रवासी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन प्रक्रिया के दौरान असमंजस के दौर से गुजर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में मतदाता सूची के स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को लेकर राजनीति गरमा गई है। राज्य निर्वाचन आयोग ने दावा किया है कि प्रदेश के 80 मतदान केंद्रों में 100 प्रतिशत मतदाता फॉर्म का डिजिटाइजेशन पूरा हो चुका है। लेकिन आयोग के इस दावे पर अब पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सीधे सवाल खड़े कर दिए हैं।

गौरतलब है कि एसआईआर के मामले में लक्षद्वीप (88.20 प्रतिशत), गोवा (69.38 प्रतिशत), और राजस्थान (65.52 प्रतिशत) से हुआ है। पांच करोड़ से अधिक मतदाताओं वाले राज्यों में, मध्य प्रदेश केवल राजस्थान से पीछे है, जिससे यह प्रभावी रूप से दूसरी स्थिति में है। 4 दिसंबर तक सभी को फॉर्म भरकर जमा करवाना है, ताकि वोटर लिस्ट से नाम नहीं कटे। लेकिन कई प्रवासियों को इस प्रक्रिया की जानकारी तक नहीं है। कारोबार और नौकरियों के चलते लाखों प्रवासी राज्य के बाहर रहते हैं। ज्यादातर अब तक अपने में ही वोट डालने आते रहे हैं, लेकिन कुछ प्रवासियों ने



बीएलओ को एसआईआर फॉर्म जमा करवाने से मना कर दिया है। ऐसे में अनुमान है कि देश में सबसे ज्यादा वोट प्रवासियों के कम हो सकते हैं। कुछ अभी तक यह तय नहीं कर पा रहे कि उन्हें अपने मूल राज्य में वोट रखना है या जहां वे नौकरी कर रहे हैं।

### मप्र 57 प्रतिशत डिजिटाइजेशन

मध्य प्रदेश में चुनावी मतदाता सूची के डिजिटलीकरण का काम 57.05 प्रतिशत पूरा हो गया है, जिससे यह इस काम में लगे 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में चौथे स्थान पर आ गया है। यह प्रगति ऐसे समय में हुई है जब ड्यूटी पर तैनात बूथ-लेवल ऑफिसर्स की मौतें चिंता का विषय बन गई हैं। 11 नवंबर से अब तक कम से कम चार बीएलओ की मौत हो चुकी है, जिनमें से सभी सरकारी स्कूल शिक्षक थे। उनके रिश्तेदारों का आरोप है कि काम का अत्यधिक दबाव, लंबे काम के घंटे और लक्ष्य पूरा न करने पर निलंबन का डर इन मौतों का कारण बना है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, राज्य में 5.73 करोड़ मतदाताओं को 65,014 बीएलओ द्वारा मतदाता सूची में नाम जोडने के लिए फॉर्म दिए गए हैं। 23 नवंबर तक इनमें से 3.27 करोड़ फॉर्म डिजिटाइज किए जा चुके थे। इस बीच, बीएलओ की मौतें चिंता बढ़ा रही हैं।

### राजस्थान में 60.54 प्रांतशत फॉर्म डिजिटलाइज्ड

केंद्रीय निर्वाचन विभाग की साइट पर रिपोर्ट के अनुसार बड़े राज्यों में सर्वाधिक राजस्थान में 60.54 प्रतिशत फॉर्म डिजिटलाइज्ड हो गए हैं। बीएलओ और एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े कुछ अधिकारियों से बातचीत में सामने आया है कि राजस्थान में एसआईआर प्रक्रिया को लेकर सबसे ज्यादा प्रवासी राजस्थानियों को ही दिक्कतें आ रही हैं। ये कई साल पहले कारोबार के सिलसिले में प्रदेश से बाहर अलग-अलग राज्यों में बस गए और इनमें से कई वहां के वोटर भी बन गए। परिवार के आधे सदस्यों के राजस्थान में रहने से यहां भी उनका आना-जाना बना रहता है। यहीं कारण है कि अब स्ढ्ढक्र प्रक्रिया में उनके लिए बड़ी असमंजस वाली स्थिति बनी हुई है।

### बीएलओ को ब्रेन हेमरेज

रीवा जिले में सोमवार को एसआईआर प्रक्रिया के दौरान एक बीएलओ को ब्रेन हेमरेज हो गया। उन्हें फौरन रीवा ले जाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुष्पराज नगर में पदस्थ सहायक शिक्षक की बीएलओ के तौर पर ड्यूटी लगी थी। फिलहाल उनकी हालत स्थिर है। पूरा मामला सोमवार का है। परिजन का आरोप है कि वे कई दिनों से एसआईआर सर्वे में लगे हुए थे। इसी दौरान उन्हें हल्का बुखार भी था। तबीयत बिगडने् के बाद भी नोडल अधिकारी लगातार सर्वे पूरा करने का दबाव बनाते रहे। परिजन का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारी न केवल बीमारी को अनदेखा कर रहे थे, बल्कि समय-सीमा के नाम पर मानसिक दबाव भी डाल रहे थे। पीड़ित बीएलओ ने बताया कि मेरी तबीयत गुरुवार देर शाम से अचानक खराब हुई। शनिवार और रविवार को तेज बुखार था। सिर में तेज दर्द और बेहोशी की शिकायत पर परिजन मुझे अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने ब्रेन हेमरेज की पुष्टि की। घटना के बाद परिजन सदमे में हैं और पूरे मामले की जांच की मांग कर रहे हैं। परिजनों ने नोडल अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वहीं शिक्षा विभाग और प्रशासन पर भी सवाल उठ रहे हैं कि बीमारी की जानकारी के बाद राहत क्यों नहीं दी गई? यह घटना एसआईआर प्रक्रिया की मौ

### बीएलओ पर दबाव का मुद्दा

एसआईआर प्रक्रिया के चलते प्रदेशभर में बीएलओ पर अतिरिक्त भार बढने् की शिकायतें पहले भी सामने आती रही हैं। कई जिलों में फील्ड स्टाफ लंबे समय तक बिना विश्राम के कार्य करने को मजबूर बताया गया है। रीवा की यह घटना अब उन शिकायतों को और मजबूती से सामने ला रही है। दतिया जिले में एक शिक्षक की कथित तौर पर आत्महत्या से मौत हो गई। परिवार का कहना है कि वह स्मार्टफोन से काम करने का दबाव और सजा का डर बर्दाश्त नहीं कर सका। दमोह और रायसेन जिलों में दो शिक्षकों की मौत हो गई। उनके परिवारों का आरोप है कि प्रतिदिन 100 मतदाताओं को सूचीबद्ध करने जैसे अवास्तविक लक्ष्य उन्हें परेशान कर रहे थे। अलीराजपुर में एक अन्य बीएलओ, एसआईआर ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में निलंबित होने के एक दिन बाद सीढियों से गिरकर मर गया। हालांकि, सूत्रों का कहना है कि ये सभी आरोप रिश्तेदारों द्वारा लगाए गए हैं। पुलिस द्वारा की गई जांच और पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही सच्चाई सामने आएगी।

## उत्तराखंड के टिहरी में बस खाई में गिरी, 5 लोगों की मौत

टिहरी । उत्तराखंड के टिहरी जिले के नरेंद्रनगर क्षेत्र में सोमवार को करीब 28 यात्रियों को ले जा रही एक बस के गहरी खाई में गिरने से पाँच लोगों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। राज्य आपदा प्रतिवादन बल (एसडीआरएफ) के अधिकारियों के अनुसार, जिला नियंत्रण कक्ष ने एसडीआरएफ वाहिनी नियंत्रण कक्ष को दुर्घटना की सूचना दी, जिसमें बताया गया कि वाहन नरेंद्रनगर थाना क्षेत्र में सड़क से फिसल गया था। शुरुआत में बस में 30 से 35 लोगों के सवार होने का अनुमान लगाया गया था।

अलर्ट पर कार्रवाई कर एसडीआरएफ ने पोस्ट ढालवाला, पोस्ट कोटी कॉलोनी और एसडीआरएफ कोर मुख्यालय से पाँच टीमों को घटनास्थल पर तैनात किया। एसडीआरएफ अधिकारियों ने घटनास्थल पर पाँच लोगों की मौत की पुष्टि की है। अन्य सभी घायल यात्रियों को खाई से निकालकर इलाज के लिए नज़दीकी अस्पतालों में पहुँचाया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि बस में सवार यात्री कथित तौर पर राज्य के बाहर के थे।

## गुरु तेग अगर शांति को जीवित रखना है तो उसके भीतर शक्ति का ताप अनिवार्य है - राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। भारतीय सेना का 'ऑपरेशन सिंदूर' सिर्फ एक सैन्य कार्रवाई नहीं, बल्कि वह भारत की आत्म-प्रतिबद्धता, आत्मसम्मान और आत्मविश्वास की उद्घोषणा थी। हमने दुनिया को दिखाया कि भारत लड़ाई नहीं चाहता, लेकिन यदि मजबूर किया गया तो भारत लड़ाई से भागता भी नहीं है। यह बात रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कही।

उन्होंने कहा कि अगर शांति को जीवित रखना है तो उसके भीतर शक्ति का ताप अनिवार्य है। यदि निर्दोषों की रक्षा करनी है तो बलिदान देने का साहस भी आवश्यक है। जो लोग हमारी सहिष्णुता को हमारी कमजोरी समझ बैठे थे, उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से भारत ने ऐसा जवाब दिया जिसे वे आज तक नहीं भूल पाए हैं।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह सोमवार को हरियाणा के कुरुक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन में बोल रहे थे। यहां उन्होंने कहा कि भारत गीता का देश है, जहां करुणा भी है और युद्धभूमि में धर्म की रक्षा की प्रेरणा भी है। गीता हमें यह भी सिखाती है कि शक्ति और शांति एक-दूसरे के विरोधी नहीं हैं। आज भारत विश्व में शांति का संदेश देता है। पूरी दुनिया भारत को शांति का प्रतीक मानती है, परंतु वास्तविकता यह है कि शांति तभी टिकती है, जब उसके पीछे आत्मविश्वास और बल का सहारा हो। यह हमारे लिए गर्व की बात है कि हमने इस ज्ञान को हजारों वर्षों तक सुरक्षित रखा, पीढ़ी दर पीढ़ी पहुंचाया और आज यह दुनिया के लिए प्रेरणा बन चुका है।

## न्यूज गैलरी

### भाजपा कार्यालय के सामने तीन लोंगो ने की एम.आर. की पिटाई

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** नगर के सर्किट हाउस रोड स्थित भाजपा कार्यालय के एक एम.आर. की तीन लोगों मारपीट कर फरार हो गए। मारपीट में घायल एम.आर. संशय पिता प्रताप नारायण शुक्ला 44 वर्ष वार्ड नंबर 2 भटेरा चौकी बालाघाट निवासी का इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार संशय शुक्ला मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव है। 24 नवंबर को 4:00 बजे संशय शुक्ला भाजपा कार्यालय के सामने कुर्सी में बैठे थे। इसी समय देवगोयल निशांश पारधी एक अन्य व्यक्ति मोटरसाइकिल से आए और संशय शुक्ला को अश्लील गालियां देते हुए उसे हाथ बुक्के से मारपीट करने लगे। इस समय एक पुलिस कर्मचारी। भाजपा कार्यालय तरफ आ रहा था। उन्हें देख तीनों मोटरसाइकिल से फरार हो गए। यह घटना किसी आपसी रंजिश के चलते होना बताई जा रही है। तीन लोंगो के द्वारा की गई मारपीट में चोटिल हुए संशय शुक्ला मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल पहुंचे और अपना इलाज करवाये जिला अस्पताल पुलिस ने संशय शुक्ला का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्यवाही हेतु कोतवाली भिजवा दी है।

# 27 साल बाद बालाघाट के जंगलों में साल बोरर कीट का हमला

## साल के पेड़ों के दुश्मन कीट ने फिर किया हमला, जिले के बैहर, लाँजी, परसवाड़ा के जंगलों में ज्यादा असर

पद्मेश विशेष।
पद्मेश न्यूज। बालाघाट।

**बेशकीमती साल के वृक्ष अब खतरे में हैं, जिले के जंगलों में 27 साल बाद साल बोरर कीट का हमला हुआ हैं.बालाघाट जिले के घने जंगलों में सदियों से खड़े साल के पेड़ आसमान को छूतीं उनकी शाखाएं, धरती को थामती उनकी जड़ें, वे इस धरा की शान थे। वे आदिवासियों की रक्षा करते, हवा को शुद्ध करते और बारिश को आमंत्रित करते थे, लेकिन 1997 में एक अजीब बीमारी ने उन पर हमला किया। साल बोरर नाम का एक छोटा सा कीट साल के पेड़ों को भीतर से खोखला कर देता है। वन विभाग ने तब बड़ी कोशिश की, लेकिन कीट का प्रकोप थमा नहीं। इस बार की भयावहता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि प्रदेश के जंगल प्रमुख वैज्ञानिकों के दल के साथ आ रहे हैं स्टेट फॉरेस्ट रिसर्च के वैज्ञानिक बोरर से मुकाबले का अस्त्र खोजने का प्रयास करेंगे।**



### जंगल की हरियाली पर काली छाया

27 साल बाद, नवंबर 2025 में, वही कहानी फिर दोहराई जा रही है। बालाघाट के जंगलों में फिर से साल बोरर ने दस्तक दी है। इस बार 2 लाख से ज्यादा साल के पेड़ों में से हजारों पेड़ संक्रमित हो चुके हैं। लगभग 6.5 प्रतिशत जंगल खत्म होने की कगार पर है। वन विभाग फिर से परेशान है। सर्वे किया, वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना भेजी और रोकथाम के उपाय खोजने के लिए मार्गदर्शन मांगा। 55 वर्षीय वनकर्मी, जो 1997 की उस तबाही को खुद देख चुका था, अब फिर से वही खौफ महसूस कर रहा है।वे कहते हैं कि अब फिर संकट है।

### वन विभाग का मंथन शुरू

वन विभाग ने फिर से वनों को बचाने की योजना बनाई है। संक्रमित पेड़ों की कटेगरी वार सूची बनाने का काम जारी है। इस बार लोगों की आंखों में एक नई साल बोरर नाम का यह कीट पेड़ को कर देता है खोखला, अब तक साढ़े दस हजार पेड़ हो चुके हैं संक्रमित, इससे मुकाबले के लिए वैज्ञानिक पहुंच रहे हैं। वैज्ञानिकों को बुलाया गया है। साल बोरर एक खतरनाक कीट है जो साल के पेड़ों को भीतर से खोखला कर देता है और बड़े पैमाने पर जंगलों को नष्ट कर सकता है। इससे कैसे बच्चे -पेड़ों की छतरी को स्वस्थ रखना, मिश्रित वन लगाना ताकि साल के पेड़ अकेले न हों। इसके प्राकृतिक शिकारी जैसे अलाउस सॉडिंडस की संख्या बढ़ाना, साल के पेड़ों का नियमित निरीक्षण करना और संक्रमण के शुरुआती लक्षणों (जैसे तने में छेद, लकड़ी का बुरादा, मुकुट का भूरा होना) को पहचानना है। ट्रैप ट्री तकनीक 60-90 सेमी घेरे वाले स्वस्थ साल के पेड़ को काटकर 2/3 मीटर लंबे लड्डे बनाना, उसकी छाल को कूटकर रेजिन निकालना। बोरर कीड़े उसकी गंध से आकर्षित होकर उस पर आते हैं, फिर सुबह-शाम उन्हें पकड़कर कीटनाशक (पेट्रोल/मिट्टी का तेल) में डुबोकर मार दिया जाता है। संक्रमित पेड़ों को काटना, जंगल की सफाई वगैरह करना। इन उपायों से साल के जंगल को बोरर किट से संभला जा सकता है, लेकिन स्थायी समाधान के लिए शोध और सतत निगरानी की आवश्यकता है।

### महामारी कब मानी जाती है

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय विश्व विद्यालय के कीट विज्ञानी अनिल कुर्मी का मनाना है कि साल बोरर की इल्ली बरसात के मौसम में पेड़ों पर लगती है। वे अप्रैल माह तक पेड़ों को नुकसान पहुंचाते, विशेष बीच उन्हें रोका नहीं जा सकता। कीट विज्ञानी कुछ इल्लियों के सैंपल संग्रह करने में लगे हैं, ताकि साल बोरर के दुश्मनों को खोज कर उन्हें साल बोरर को चट करने भेजा जा सके। कीट विज्ञानी मानते है कि जब एक प्रतिशत से ज्यादा साल के पेड़ संक्रमित हों तो इसे माहामारी माना जाता है।

### क्या था 27 साल पहले

1997/1998 में साल बोरर का भीषण प्रकोप हुआ था, जिसमें हजारों साल के पेड़ नष्ट हो गए थे। उस समय भी वन विभाग ने प्रयास किए थे, लेकिन उस समय की तकनीक, संसाधनों की कमी और इस कीट की जीव विज्ञान की अपर्याप्त समझ के कारण इसे नियंत्रित नहीं किया जा सका। कीट विज्ञानी वैज्ञानिक वन विभाग की सहायता कई स्तरों पर कर सकते हैं। साल बोरर एक जटिल कीट है, जिसकी जीवनशैली, प्रजनन, और व्यवहार को समझकर ही नियंत्रित करना होगा।

## शादी के 15 दिन बाद 19 वर्षीय नवविवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** बिरसा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम छतरपुर में शादी के 15 दिन बाद एक 19 वर्षीय नवविवाहिता ने अपने ससुराल में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। 22 नवम्बर को 11:00 बजे करीब यह घटना उस समय हुई जब यह नव विवाहिता घर में अकेली थी और उसका पति और ससुर खेत चले गए थे। बिरसा पुलिस ने मृतिका नव विवाहिता उर्मिला पति विनोद को कुमार सिंदराम 19 वर्ष की लाश पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिया है। जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उर्मिला मूलरूप से ग्राम मोहरई थाना गढ़ी की रहने वाली है। जिसकी मां चिरौंजा बाई को उसके पापा ने छोड़ दिए हैं। जिसके बाद उर्मिला की मां अलग रहती है और उसके पापा मनोज मसराम ने दूसरी शादी कर ली है। जिसके कारण उर्मिला अकेली हो चुकी थी। ग्राम छतरपुर निवासी पालसिंह टेकाम की पत्नी ललिता टेकाम ने उर्मिला को मेहमानी में अपने घर छतरपुर लेकर आई थी। तब विनोद कुमार के पिता अवतार सिंह के परिवार वालों ने उर्मिला का विवाह विनोद कुमार से करने के लिए पाल सिंह टेकाम औरउसकी पत्नी ललिता टेकाम से बात किए थे। उर्मिला भी विनोद कुमार से शादी करने के लिए तैयार हो गई थी। इसके बाद उर्मिला से उसके परिजनो के सम्बंध में पूछताछ किये। 6 नवंबर को गांव समाज के लोगों ने मिलकर उर्मिला की शादी विनोद कुमार से रीति रिवाज से कर दिए थे। यह शादी उर्मिला की मर्जी से ही की गई थी। शादी के बाद उर्मिला अपने ससुराल में रहने लगी थी। 22 नवंबर को प्रात: 9:00 बजे उर्मिला ने अपने पति विनोद कुमार अपनी नंनद ईश्वरी सिंदराम के साथ खाना खाई। इसके बाद विनोद खेत चला गया था।उसके पहले उसका पिता अवतारसिह खेत चला गया था। घर में उर्मिला और उसकी छोटी ननद ईश्वरी सिंदराम ही थी। थोड़ी देर बाद विनोद कुमार की छोटी बहन ईश्वरी अपने पिता के लिए खाना लेकर खेत आ गई। जिसके साथ उर्मिला नहीं आई थी। 11:00 बजे करीब विनोद कुमार ने घर जाकर देखा उसकी पत्नि उर्मिला खाना बनाने वाले कमरे में सिवार में साड़ी बांधकर फांसी लगाई हुई थी। जो हिल डुल रही थी। विनोद कुमार ने उर्मिला के जिंदा होने के शक में उसके गले के ऊपर लगी हुई साड़ी को हसिया से काटकर नीचे उतारा और जमीन पर सुला दिया। और अपने पिता को बताने के लिए गया। इसके बाद विनोद कुमार ने इस घटना के संबंध में गांव वालों के अलावा उर्मिला के परिवार वालों को बताया।

विनोद कुमार सिंदराम द्वारा की गई रिपोर्ट पर बिरसा पुलिस ने ग्राम छतरपुर पहुंचकर मृतिका नवविवाहिता उर्मिला की लाश बरामद की और शव पंचनामा कार्यवाही करवाने के बाद पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिए हैं। यह अभी स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नव विवाहित उर्मिला ने किस वजह से शादी के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या की। बिरसा पुलिस द्वारा धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम किया गया है। जिसकी जांच उच्च अधिकारियों द्वारा की जा रही है।

## दो मोटरसाइकिलें आपस में टकराई-पांच घायल

**पद्मेश न्यूज ।बालाघाट।** भरवेली थाना अंतर्गत बैहर रोड पर स्थित ग्राम मानेगांव के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकराने से दोनों मोटरसाइकिल में सवार एक महिला सहित और चार युवक घायल हो गए। जिनमे अत्यधिक चोट लगने घायल महिला लक्ष्मीबाई पति स्व. महेश जामरे 40 वर्ष ग्राम सुरवाही थाना भरवेली और रितेश पिता रोनू उइके19 वर्ष ग्राम उसे उसकालचक थाना रूपझर निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। इस दुर्घटना में अन्य तीन युवक महिला के बेटे अरविंद जामरे 20 वर्ष, कमलेश उइके 20 वर्ष ग्राम बिजोरा थाना रूपझर और हिमांशु पारधी 21 वर्ष ग्राम दीनाटोला चिखलाझोड़ी थाना रूपझर निवासी को मामूली चोटे आई।



प्राप्त जानकारी के अनुसार लक्ष्मी बाई जामरे देवटोला बालाघाट में मजदूरी करने के लिए आती है। वही रितेश उइके उसकाल चक निवासी हैदराबाद में मजदूरी करता है। और हिमांशु पारधी बालाघाट में रहकर पढ़ाई करता है। 24 नवंबर को सुबह रितेश उइके हैदराबाद से बालाघाट अपने घर जाने के लिए आया था। और वह बैहर रोड पर बस का इंतजार कर रहा था। इसी समय कमलेश उइके और हिमांशु पारधी दोनों बालाघाट से दीनाटोला जाने के लिए निकले थे। जिन्होंने रितेश उइके को लिफ्ट देकर मोटरसाइकिल में बैठाल लिये थे तीनों बैहर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान 9:00 बजे करीब लक्ष्मीबाई जामरे अपने बेटे अरविंद जामरे के साथ मोटरसाइकिल में ग्राम देवटोला मजदूरी करने जाने के लिए निकली थी। तभी भरवेली से बैहर रोड पर स्थित ग्राम मानेगांव के पास दोनों मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई। इस दुर्घटना में लक्ष्मी बाई जामरे और उसका बेटा अरविंद जामरे और अन्य मोटरसाइकिल में सवार रितेश उइके के कमलेश उइके और हिमांशु पारधी सहित 5 लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलती ही मौके पर पहुंची 108 से एम्बुलेंस से दुर्घटना में घायल और बेहोश लक्ष्मीबाई जामरे और रितेश उइके को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। और कमलेश उइके, हिमांशु पारधी को पीछे से आ रहे हैं उनके दोस्तों ने जिला अस्पताल लाये। जहां पर अधिक चोट लगने स से घायल रितेश उइके और लक्ष्मी बाई जामरे को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया। अन्य युवको को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। जिला अस्पताल पुलिस ने लक्ष्मीबाई जामरे और हिमांशु पारधी का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।




हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस में रिपोर्टर्स और डिप्टी एडिटर्स को अवसर

संपादकीय टीम और
न्यूज रूम में
हम भर्ती कर रहे हैं !!
हमारी टीम में शामिल हों !!

हिन्दी दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस को ऐसे उप-संपादकों, सिटी रिपोर्टरों (सिटी डेस्क) की तलाश है जो समाचारों के प्रति जुनूनी हों और बुनियादी बातों से आगे बढ़कर मूल्यवर्धन करना जानते हों। हिन्दी भाषा का ज्ञान हो, किताबों में रूचि हो और तथ्यों को खबरों में बदलना आता हो !! ना भी आता हो तो भी ! हद दर्जे का जिज्ञासु होना जरूरी है !!

हम चाहते हैं-
हिन्दी समाचार लेखन में दक्षता और अपने समाचारों के फोटो वीडियो बनाने की क्षमता
समाचार के मूल्य, शीर्षकों और प्रस्तुति की गहरी समझ
रिपोर्टिंग और डिज़ाइन टीमों के साथ सुचारू रूप से समन्वय करने की क्षमता

यदि आप एक रचनात्मक और जिम्मेदार पत्रकार हैं या पत्रकारिता में आना चाहते हैं और सार्थक शहरी कहानियों, खबरों, हलचलों,घटनाओं, को आकार देना चाहते हैं, तो हमें आपसे संपर्क करने में खुशी होगी।
आप हमारी टीम का हिस्सा बन सकते हैं !
अपना रिज्यूमे इस पते पर भेजें
[balaghatexpress@gmail.com]
स्थान-बालाघाट एक्सप्रेस, काली पुतली चौक,बालाघाट







पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित, **प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, **स्थानीय संपादक : डॉ. विपिन बिहारी शाडिल्य**, ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. M P /HIN/2009/32311 , न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट